

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 17 दिसंबर 2024 ■ पौष कृष्ण पक्ष-2 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-257 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 18 दिसंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# लोकसभा में एक देश एक चुनाव बिल स्वीकार

## पक्ष में 269 विरोध में पड़े 198 वोट, अब मिनी संसद में होगी चर्चा

**नई दिल्ली,17 दिसंबर।** लोकसभा में एक देश एक चुनाव बिल पर वोटिंग हुई। नई संसद में पहली बार इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम से वोटिंग हुई। 269 वोट बिल को पेश करने के पक्ष में पड़े। जबकि 198 वोट इसके खिलाफ पड़े हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उनको ऑब्जेक्शन है तो पर्ची दे दीजिए। इलेक्ट्रॉनिक मशीन से वोटिंग के बाद स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि बटन अगर गलत दब गया है तो वो पर्ची के जरिए वोट दोबारा कर सकते हैं। लोकसभा के सेक्रेटरी जनरल ने इसके बाद सदस्यों को पूरी प्रक्रिया बताई। आपको बता दें कि बिल को पास कराने या खारिज करने के लिए नहीं बल्कि बिल को रखा जाए या नहीं इसके लिए वोटिंग हुई है। 48 घंटे पहले सभी सदस्यों को बताना होता है कि बिल को कंस्डिरेशन के लिए सरकार लेकर आ रही है। संविधान संशोधन के लिए हाउस संख्या 50 त होना चाहिए और सदन में मौजूद सांसदों की एक तिहाई संख्या चाहिए होती है। बिल को जेपीसी में भेजा जाएगा, जिसे मिनी संसद भी कहा जाता है। जेपीसी में इस बिल पर चर्चा होगी।

लोकसभा में अमित शाह ने कहा जब वन नेशन, वन इलेक्शन बिल कैबिनेट में आया तो पीएम मोदी ने कहा कि इसे संसद की संयुक्त समिति के पास भेजा जाना चाहिए। इस पर हर स्तर पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिए। विधेयक को पेश करने की विपक्ष ने तीखी आलोचना की, जिसमें एनसीपी (शरद पवार गुट) की सुप्रिया सुले, कांग्रेस के मनीष तिवारी, तृणमूल के



कल्याण बनर्जी, समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव और डीएमके के टीआर बालू जैसे नेताओं ने हमले का नेतृत्व किया। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने वन नेशन वन इलेक्शन बिल का विरोध करते हुए कहा कि यह संविधान के मूल ढांचे को चुनौती देता है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक का विरोध किया है। अखिलेश यादव की ओर से समाजवादी सांसद धर्मेंद्र यादव ने बीजेपी सरकार पर तानाशाही थोपने का आरोप लगाते हुए बिल का विरोध किया. उन्होंने कहा कि यह बिल भारत की विविधता और उसके संघीय ढांचे को खत्म कर देगा। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने वन नेशन वन इलेक्शन बिल का विरोध करते हुए कहा कि यह संविधान के मूल ढांचे को चुनौती देता है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) लोकसभा में एक साथ चुनाव के लिए पेश किए गए संवैधानिक संशोधन विधेयक का समर्थन करती है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज शाम 5 बजे राज्यसभा में संविधान पर चर्चा का जवाब देंगे। तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि संविधान की मूल संरचना को पंक्तियों के बीच में पढ़ा जाता है. यह प्रस्तावित बिल बुनियादी ढांचे पर प्रहार करता है और यह अल्ट्रा वायरस है। यह चुनाव सुधार नहीं है, यह सिर्फ एक सज्जन के सपनों की पूर्ति है।

## पीएम मोदी जाएंगे कुवैत

**नई दिल्ली,17 दिसंबर।** पीएम नरेंद्र मोदी कुवैत दौरे पर जा सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी 21-22 दिसंबर को कुवैते के दौरे पर रह सकते हैं। 43 साल बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री इस मुस्लिम देश का दौरा करेगा। इससे पहले साल 1981 में किसी भारतीय पीएम ने कुवैत का दौरा किया था। हाल ही में कुवैत के विदेश मंत्री भारत आए थे और पीएम को कुवैत दौरे का निमंत्रण दिया था। इसके बाद प्रधानमंत्री कुवैत दौरे पर जा सकते हैं। पीएम मोदी का खाड़ी के देश कुवैत का यह दौरा कई मायनों में अहम मना जा रहा है। इससे पहले पीएम मोदी वर्ष 2022 में ही कुवैत दौरे पर जाने वाले थे। हालांकि कोविड महामारी के कारण पीएम मोदी की यात्रा स्थगित कर दी गई थी।

## संक्षेप

### उमर अब्दुल्ला के बाद टीएमसी ने भी ईवीएम का किया समर्थन

**नई दिल्ली,17 दिसंबर।** ईवीएम पर सवाल खड़े करने वाली कांग्रेस अब अकेले पड़ते जा रही है। उमर अब्दुल्ला के बाद ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी भी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर कांग्रेस को जोर का झटका दिया है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के बाद टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने भी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के खिलाफ कांग्रेस पार्टी के आरोपों को खारिज कर दिया है। टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने ईवीएम के समर्थन में बयान देते हुए कहा है कि जो लोग ईवीएम पर सवाल खड़े उठा रहे हैं अगर उनके पास कुछ है तो उन्हें चुनाव आयोग के पास जाकर डेमो दिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर किसी को लगता है कि ईवीएम को हैक किया जा सकता है तो उन्हें चुनाव आयोग से मिलना चाहिए और दिखाना चाहिए कि ईवीएम को कैसे हैक किया जा सकता है। सिर्फ अनाप-शनाप बयान देकर कुछ नहीं किया जा सकता।

### बाबरी मस्जिद पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर टीएस सिंहदेव ने उठाया सवाल

**रायपुर,17 दिसंबर।** बाबरी मस्जिद पर सुप्रीम कोर्ट के पांच सदस्यीय संविधान पीठ के फैसले

**अजय चंद्राकर का पलटवार- यही है कांग्रेस का असली चरित्र**

पर अबकी बार पूर्व उप मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव ने सवाल उठाया है, जिस पर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने तंज कसते हुए कहा कि यही कांग्रेस का असली चरित्र है. पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव वायरल वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर छत्तीसगढ़ भाजपा ने शेयर किया है. जिसमें सिंहदेव यह कहते नजर आ रहे हैं कि जब बाबरी मस्जिद के समय जो फैसला सुनाया गया, उस फैसले में किसी भी जज के हस्ताक्षर नहीं है. यह फैसला वह फैसला है, देश में जो विषम परिस्थिति बन गई थी, उसे खत्म करने के लिए पांच जज के बेंच ने यह फैसला किया. पूर्व उप मुख्यमंत्री कहते सुनाई दे रहे हैं कि देश में विद्यमान नियम-कानून के खिलाफ, जितने संविधान के प्रावधान है, उसके खिलाफ यह फैसला सुनाया गया. एक बाबरी मस्जिद के बाद आज 40 हजार स्थान देश में ऐसे हैं, जहां गड़े मुर्दे उखाड़े जा सकते हैं. एक बाबरी मस्जिद पर सुप्रीम कोर्ट के जजों ने क्यों ऐसा फैसला लिया, जिसमें सही और गलत को आधार नहीं बनाया. टीएस सिंहदेव के इस वायरल वीडियो पर पलटवार करते हुए अजय चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस का असली चरित्र यही है, जो टीएस सिंहदेव ने कहा है. संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करना कांग्रेस की फितरत है. यह सीधे-सीधे संवैधानिक संस्था न्यायपालिका अपमान है. सर्वोच्च न्यायालय इस मामले में सिंहदेव के खिलाफ कार्रवाई करे.

### डिप्टी कलेक्टर की कार और बाइक में टक्कर

**बालोद,17 दिसंबर।** डौंडी थाना क्षेत्र अंतरगर्त मर्चुरी के पास डिप्टी कलेक्टर की कार से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं मामले में आगे की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान 30 वर्षीय अलख राम के रूप में हुई, जो ग्राम बोगर, भानुप्रतापपुर का निवासी था। हादसा तब हुआ जब डौंडी विकासखंड के रहने वाले डिप्टी कलेक्टर दिलीप उईके जो बीजापुर में नियुक्त हैं। डिप्टी कलेक्टर की गाड़ी से ड्राइवर आज उनके माता-पिता को इलाज के लिए अस्पताल ले गया था, जहां से वापस लौटते वक्त विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल से उनकी कार की जोरदार भिड़ंत हो गई।

## रेप के दोषियों को नपुंसक बनाने की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल

**नई दिल्ली,17 दिसंबर।** निर्भया केस की 12वीं बरसी पर सुप्रीम कोर्ट में रेप के दोषियों को नपुंसक बनाने की मांग वाली याचिका दायर की गई है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में लगाई गई याचिका में रेप के दोषियों को नपुंसक बनाने की मांग की गई। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा पर गाइडलाइंस बनाने और कानूनों में सुधार सहित 20 मांगें की हैं। सुप्रीम कोर्ट जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जवल भुयान की बेंच ने कहा कि ये मांग बेहद क्रूर है। हालांकि हम याचिका को स्वीकार करते हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार के अलग-अलग मंत्रालयों और विभागों को याचिका पर नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। SCWLA की अध्यक्ष और वरिष्ठ वकील महालक्ष्मी पवनी ने कहा निर्भया से लेकर अभया (कोलकाता के आरजी कर रेप-मर्डर की पीड़िता) तक कुछ नहीं बदला है। सड़क से घर तक महिलाओं से रेप हो रहा है। निर्भया केस के बाद कानून सख्त किए गए लेकिन उन्हें लागू नहीं किया गया। रेप केस में जब तक मीडिया ट्रायल नहीं होता,तब तक देश जागता नहीं है। उन्होंने नेशनल सेक्स ऑफेंडर्स रजिस्ट्री जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बनाने की मांग की है। इसमें रेप करने वाले अपराधियों का डेटा रखा जाए, जिसे सभी महिलाएं पढ़ सकें।

## स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत कराए गए कार्यों की होगी जांच

**» सत्तारूढ़ दल के विधायकों ने नगरीय निकाय मंत्री को घेरा**

रायपुर,17 दिसंबर। छत्तीसगढ़ विधानसभा शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सत्ता पक्ष के विधायकों ने राजधानी रायपुर के प्रसिद्ध बूढ़ा तालाब के सौंदर्यीकरण पर नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव को सदन में घेरा. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से सवाल किया कि बूढ़ा तालाब के सौंदर्यीकरण में किस-किस मद से राशि खर्च हुई है. इसके जवाब में मंत्री अरुण साव ने बताया कि सभी कार्य स्मार्ट सिटी से हुआ है. इस पर अजय चंद्राकर ने कहा कि पर्यटन मंडल, नगर निगम और स्मार्ट की राशि खर्च हुई है. इस मामले की जांच कराई जाए. इस पर मंत्री ने परीक्षण कराने की बात कही. भाजपा विधायक राजेश मूणत, ने भी मुद्दे पर मंत्री को घेरते हुए कहा कि तीन-तीन एजेंसियों ने काम किया है. 6 करोड़ का फाउंटेन लगाया, लेकिन बंद पड़ा हुआ है. सौंदर्यीकरण के कार्यों की जाँच होनी चाहिए.सुनील सोनी ने कहा कि मैं सांसद रहते हुए स्मार्ट सिटी प्राइवेट लि. उच्च समिति का सदस्य था। रायपुर नगर निगम में पाया कि स्मार्ट



प्रा.लि.द्वारा कराये गये कार्यों में अनियमितता का भंडार है। इसकी जांच होनी चाहिए। नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने कहा कि सदस्यों की भावनाओं को देखते हुए स्मार्ट सिटी प्रा. लि. के अंतर्गत वे वित्तीय एवं भौतिक स्थिति की उच्च स्तरीय जांच करायी जाएगी।

### माइक्रो फाइनेंस कंपनियों की धोखाधड़ी पर स्थगन अग्राह्य

विधानसभा में शून्यकाल के दौरान एक स्थगन प्रस्ताव की सूचना के माध्यम से प्रदेश में विभिन्न वित्तीय संस्थाओं द्वारा आदिवासी महिलाओं ऋण के जाल में फंसाकर उन्हें परेशान करने का मामला नेता प्रतिपक्ष सहित कांग्रेस के अन्य सदस्यों ने उठाया। कांग्रेस के उमेश पटेल, संगीता सिन्हा, अनिला भेड़िया, कुंवर निषाद सहित अन्य सदस्यों ने सरकार से इसकी जांच की मांग की। फाइनेंस कंपनियों द्वारा गरीब-मजबूर महिलाओं को तंग करने को लेकर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने स्थगन प्रस्ताव की सूचना में सभी सदस्यों के वक्तव्य सुनने के पश्चात इसे आग्रह्य कर दिया। शून्य काल के दौरान नेता प्रतिपक्ष ने कोरबा में एक वित्तीय कंपनी द्वारा आदिवासी महिलाओं को झांसे में लेकर उनका शोषण करने का मामला स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से उठाया तथा इस पर चर्चा की मांग की। छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन विपक्ष ने माइक्रो फाइनेंस कंपनियों की धोखाधड़ी पर स्थगन प्रस्ताव लाते हुए चर्चा कराए जाने की मांग की. आसंदी ने विपक्ष के स्थगन को अग्राह्य कर दिया. विपक्ष ने माइक्रो फाइनेंस कंपनियों की धोखाधड़ी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि महिला समूहों से ठगी की जा रही है. लोन वसूली के नाम पर महिलाओं को आधी रात को प्रताड़ित किया जा रहा है. नक्सल क्षेत्रों में भी ग्रामीणों से ठगी हो रही है. सरकार मामले में जांच के नाम पर खानापूर्ति कर रही है. मामले में विपक्ष के स्थगन पर चर्चा कराए जाने की मांग को आसंदी ने अग्राह्य कर दिया.

## बस्तर के सरहदी गांवों में बिना निविदा पुलिया निर्माण कराने पर गरमाया सदन, वॉकआउट

**रायपुर,17 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सुकमा एवं दंतेवाड़ा के सरहदी गांवों में पुलिया निर्माण के मुद्दे पर कांग्रेस विधायक कवासी लखमा ने सरकार को घेरा. बिना स्वीकृति के पुलिया निर्माण के लिए दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग करते हुए विपक्ष ने नारेबाजी करते हुए सदन से वॉक आऊट किया. विधायक कवासी लखमा ने प्रश्नकाल के दौरान सुकमा एवं दंतेवाड़ा के सरहदी गांवों में पुलिया निर्माण का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि इसमें कितनी निर्माणाधीन है और कितने निर्मित हो चुके हैं? इसमें प्रशासकीय स्वीकृति कब प्रदान की गई? कार्य की निर्माण एजेंसी किसने बनाई? क्या दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की गई थी? हमारा नक्सल पीड़ित क्षेत्र है. हम भी चाहते हैं की विकास हो, लेकिन यह कौन सा नियम है कि पहले पुल बनेगा, फिर टेंडर होगा? ये रोड पीडब्ल्यूडी बना रहा या प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बन रही है. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जवाब में कहा कि दो स्थान हैं. एक सुकमा और एक दंतेवाड़ा जिले में - परिया और मुलेर आते हैं. आचार संहिता प्रभावशील थी. शिकायत के बाद काम रोक दिया गया. इसमें आगे कोई निर्माण नहीं हुआ है. निविदा जब खुलेगी, तब आगे का निर्माण होगा. यह निर्माण भारत सरकार ने स्वीकृत की है. पीडब्ल्यूडी बना रहा है. दोनों जगहों के कलेक्टर से कार्य स्वीकृत है. इस पर कवासी लखमा ने कहा कि बिना स्वीकृति, बिना ऑर्डर के रोड बनाया गया है. ये पुल ज्यादा रेट से बन रहे हैं, और एक नाले में तीन पुल क्यों बनाया जा रहा है. आचार संहिता के समय जल्दी-जल्दी जिस ठेकेदार से काम कराया, जिसका विरोध गांववालों ने किया तो कार्य रुका, फिर से टेंडर उसी ठेकेदार को दिया गया है. क्या उस पर कार्यवाही करेंगे? लखमा ने पूछा कि क्या केवल कमीशन के लिए पुलिया बनाया जा रहा है? जनता का पैसा बर्बाद किया जा रहा है. सब इंजीनियर क्या सरकार से बड़ा है? क्या दोनों अधिकारियों पर कार्यवाही करेंगे? अरुण साव ने इस पर सवाल किया कि क्या सवाल दो पुल के निर्माण से संबंधित है? इस पर लखमा ने कहा कि नाले में तीन तीन पुल कैसे बन रहा हैं. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मंत्री ने स्वीकार किया कि पुल बन गया टेंडर बाद में हुआ यह काफी गंभीर बात है. सीधा सवाल है कि इसमें गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही करेंगे क्या? आपने दो लोगों को कार्य दिया है, तीसरे को कोई कार्य नहीं दिया गया है सारी अनियमितताएं दिखाई दे रहे है कार्यवाही क्या करेंगे इसमें बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है? पक्ष-विपक्ष के बीच तीखी नोक-झोक के बीच गड़बड़ी करने वालों पर कार्यवाही करने विपक्ष सदन के भीतर नारेबाजी करने लगा. इसके साथ ही विपक्ष ने सदन के भीतर नारेबाजी करते हुए सदन से वॉक आऊट किया.

### दूसरे दिन भी उठा जल जीवन मिशन में अनियमितता का मुद्दा

रायपुर,17 दिसंबर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन भी जल जीवन मिशन में अनियमितता का मुद्दा उठा. भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने प्रश्नकाल में सवाल किया कि अनितमितता की शिकायत पर ठेकेदारों का टेंडर क्यों निरस्त नहीं किया गया. भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने प्रश्नकाल में सवाल किया कि जल जीवन मिशन में अनियमितता करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी किए गए हैं, उसमें क्या शिकायतें थी. कब-कब शिकायतें प्राप्त हुई हैं. जनप्रतिनिधियों की शिकायतों पर कार्रवाई तो हुई, लेकिन शिकायत सही पाए जाने के



बाद भी उनका टेंडर निरस्त क्यों किया गया? मंत्री अरुण साव ने जवाब में कहा कि जो-जो शिकायतें मिली उस पर कार्रवाई हुई है. ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट भी किया गया है. 700 से ज्यादा शिकायते मिली थी. इस पर धरमलाल कौशिक ने कहा कि फर्जी अनुभव की शिकायत पर 100 करोड़ से ज्यादा की गड़बड़ी की क्या ईडी से जांच कराएंगे? इस पर मंत्री साव ने कहा कि जांच हो रही है, उसके आधार पर कार्रवाई होगी. जरूरत हुई तो एफआईआर भी करेंगें, कठोर कार्रवाई होगी.

## सांसद बृजमोहन ने सीएसआर राशि आवंटन में मनमानी पर उठाया सवाल

**रायपुर,17 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी एक महत्वपूर्ण मद है। लेकिन कंपनी अधिनियम 2013 के तहत सीएसआर निधि के आवंटन का कोई प्रावधान नहीं है। जिसके चलते राज्य के सभी जिलों में आवश्यकता के अनुसार इस मद से विकास और जनहित के कार्य नहीं हो पा रहे हैं। यह जानकारी कॉरपोरेट कार्य राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने लोकसभा में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के सवाल पर प्रदान की। बृजमोहन अग्रवाल राजधानी रायपुर समेत राज्य के पिछड़े और आदिवासी इलाकों में स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार के लिए मंत्रालय से राशि के व्यय की जिलेवार और दूसरी संबंधित जानकारी मांगी थी। मंत्रालय से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक क्षेत्र और गैर सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 31 मार्च 2024 तक 596.11 करोड़ रुपए सीएसआर मद में खर्च किए गए। राजधानी रायपुर में वित्तीय वर्ष 2022-23 में 31 मार्च 2024 तक 89.36 करोड़ रुपए खर्च किए गए जो वित्तीय वर्ष में 2018-19, 19-20, 20-21, 21-22 में क्रमशः 20.38 करोड़, 103.58 करोड़, 90.80 करोड़ और 79.26



करोड़ रुपए थी। वहीं रायगढ़ में पिछले वित्तीय वर्ष में 273.34 करोड़ रुपए खर्च किए गए जिसमे पिछले 21.05 करोड़ रुपए की तुलना में 1298 प्रतिशत ज्यादा है यह राशि 2018-19, 19-20, 20-21 में क्रमशः 1.18 करोड़, 5.35 करोड़ और 6.19 करोड़ रुपए थी। इतना ही नहीं जशपुर में पिछले वित्तीय वर्ष में मात्र 27 लाख रुपए खर्च किए गए जो 202122 में 2.31 करोड़ और 2020-21 में 1.4 करोड़ रुपए थी। वहीं नारायणपुर, बीजापुर, बलरामपुर समेत कई जिलों में यह राशि शून्य है। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने बताया कि सीएसआर निधि के आवंटन के लिए कोई विशेष नीति या मानदंड तय नहीं है। कंपनियां अपनी नीतियों के अनुसार सामाजिक और विकासात्मक कार्यों का क्रियान्वयन करती हैं। मंत्रालय ने सीएसआर निधि के व्यय की समीक्षा के लिए कोई विशिष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं किए हैं। लेकिन सीएसआर निधि का सही तरीके से उपयोग सुनिश्चित करने के लिए पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने के लिए प्रयाप्त तंत्र प्रदान करता है।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि सीएसआर के तहत छत्तीसगढ़ में किए गए विकास कार्यों से सामाजिक और आर्थिक विकास को गति मिलेगी। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों से आग्रह किया कि वे राज्य के सभी क्षेत्रों, विशेषकर पिछड़े और आदिवासी इलाकों में, शिक्षा और स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान केंद्रित करें। जानकारी के मुताबिक देशभर में सीएसआर मद से वर्ष 2022-23 में कुल 25892 करोड़ रुपए खर्च किए गए। वहीं इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने 251.23 करोड़ रुपए, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड 107.57 करोड़ रुपए , एनटीपीसी 319.98 करोड़, नाल्को 38.36 करोड़ और कोल इंडिया लिमिटेड ने 41.70 करोड़ रुपए सीएसआर के तहत खर्च किए हैं।

## यात्रियों से भरी बस घर में जा घुसी



**गरियाबंद,17 दिसंबर।** जिले में यात्रियों से भरी एक तेज रफ्तार बस दुर्घटना का शिकार हो गई. यात्री बस ने तेज रफ्तार में टाटा मैजिक वाहन को टक्कर मारते हुए घर में घुसी गई है. बस में 12 से अधिक यात्री सवार थे. हादसे में एक बच्ची सहित दो लोग घायल हो गए हैं. घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया. घायलों को शासकीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है. घटना राजिम महासमुन्द मुख्य मार्ग पर जामगांव की है. जानकारी के अनुसार, थानूजा ट्रांसपोर्ट की सी जी 06 डी 9554 क्रमांक बस आज दोपहर राजिम-महासमुन्द मुख्य मार्ग पर जामगांव के एक घर में जा घुसी. यात्री बस में 12 से अधिक लोग सवार थे. बस यात्रियों को लेकर महासमुन्द से छुरा जा रही थी. इस दौरान ड्राइवर रवि साहू ने जब तेज रफ्तार में ब्रेक लगाने की कोशिश की तो बस अनियंत्रित हो गई और छोटा हाथी वाहन को टक्कर मारते हुए घर में घुस गई. जिससे बस सवार यात्रियों में हड़कंप मंच गया. घटना में दो लोग घायल हुए हैं. इसमें एक बच्ची और महिला शामिल हैं.

## बंदूक से दादी पर की फायरिंग, फिर बोला- फ्लावर नहीं फायर है मैं...

**बिलासपुर,17 दिसंबर।** इन दिनों पुष्पा फिल्म का खुमार पूरे देश में छाया हुआ है। इस बिच खबर है कि छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक 16 साल के नाबालिग लड़के ने अपनी दादी पर ही गोली चला दी और उसने गोली चलाने के बाद पुष्पा मूवी का डायलॉग भी बोला - फ्लावर नहीं फायर हूं मैं..... ये घटना बिलासपुर के सीपत पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आनेवाले मटियारी ग्राम पंचायत की है। जहां पर एक परिवार के आपस में विवाद के चलते अपने चाचा के परिवार से हुए विवाद में पुष्पा का डायलॉग मारते हुए अपने दादा की 37 साल पुरानी बंदूक से दादी पर ही गोली चला दी। इस फायरिंग में दादी समेत और एक शख्स घायल होने की जानकारी सामने आई है। दोनों घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। इस घटना के बाद नाबालिग को हिरासत में लिया गया है। सीपत पुलिस स्टेशन के इंचार्ज गोपाल सतपथी ने जानकारी देते हुए बताया की दो परिवार के बीच पहले से ही पारिवारिक विवाद चल रहा था। इस बीच नाबालिग और उसके चाचा के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद देर तक दोनों के बीच विवाद होते रहा और गुस्से में आकर नाबालिग घर से बंदूक लेकर आया और फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में दादी और पड़ोस का एक शख्स घायल हो गए है। बताया जा रहा है की दोनों को गोली के छर्रे लगे है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नाबालिग को हिरासत में लिया है और इसके साथ ही उसके पास से बंदूक भी जब्त की गई है।

## भीषण चक्रवाती तूफान की दस्तक!

**नई दिल्ली,17 दिसंबर।** देश में एक बार फिर चक्रवाती तूफान दस्तक दे रहा है। दक्षिण भारत के राज्यों में अगले 2 दिन में तूफानी हवाएं चलने और भारी बारिश होने के आसार हैं। वहीं उत्तर भारत और मध्य भारत कड़ाके की ठंड की चपेट में है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 5 दिन समुद्र तटों से भीषण समुद्री लहरों के टकराने, भारी से बहुत भारी बारिश होने, भीषण शीत लहर चलने, घना कोहरा छाने का अलर्ट जारी किया है। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी होने के भी आसार हैं। देशभर में मौसम ऐसा होने के कारण साइक्लोनिक सर्कुलेशन बनने, पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होने, बर्फीली हवाएं चलने के कारण है। आइए जानते हैं कि अगले 3 दिन देश का मौसम कैसा रहेगा? वहीं इस समय देशभर में मौसमी परिस्थितियां कैसी हैं? मौसम विभाग के अनुसार, मध्य प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, ओडिशा, मध्य महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना; छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड में भीषण से भीषण शीतलहर



चलने की संभावना है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में घना कोहरा छाने के अलर्ट हैं। मौसम विभाग के अनुसार, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, केरल में बिजली गिरने के साथ भारी से बहुत भारी बारिश होने के आसार हैं। करीब 12 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश हो सकती है। कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में 7 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश होने की संभावना है। क्योंकि ऊपरी हवा का चक्रवाती घेरा दक्षिण अंडमान सागर और आसपास के क्षेत्र पर बना हुआ था, जिससे दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर लो प्रेशर वाला एरिया बना हुआ है।

## बीजेपी को शीघ्र मिलेगा नया राष्ट्रीय अध्यक्ष

**राज्यों की इकाई में भी होगा बड़ा बदलाव**

**नई दिल्ली,17 दिसंबर।** बीजेपी को फरवरी के अंत तक नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल सकता है। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी के मुताबिक जनवरी के मध्य तक आधे राज्यों में चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्यों में भी 60 फीसदी इकाई अध्यक्षों के कार्यकाल पूरे होने वाले हैं। अगले महीने के मध्य तक नए अध्यक्ष बनाए जा सकते हैं। बता दें कि जेपी नड्डा 2020 से ही बीजेपी अध्यक्ष हैं। इसके अलावा वह केंद्र में स्वास्थ्य मंत्री भी हैं।एक सीनियर नेता ने कहा, फरवरी के अंत तक बीजेपी के नए अध्यक्ष पद ग्रहण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नए अध्यक्ष सरकार से भी हो सकते हैं और संगठन से भी हो सकते हैं। इसपर कोई अंतिम फैसला नहीं किया गया है। आम तौर पर बीजेपी अध्यक्ष का कार्यकाल तीन साल का ही होता है। हालांकि 2024 के आम चुनाव को देखते हुए जेपी नड्डा का कार्यकाल बढ़ा दिया गया था। आम चुनाव के बाद बीजेपी की वापसी भी हो गई। बीजेपी में अध्यक्ष पद को लेकर मंथन लंबे समय से चल रहा है। अगस्त में भी इसको लेकर मंथन किया गया था लेकिन उस समय महाराष्ट्र, झारखंड और जम्मू-कश्मीर, हरियाणा के चुनाव करीब थे। ऐसे में यथास्थिति बनाए रखने का ही फैसला किया गया। 2014 में केंद्र में पूर्ण बहुमत से मोदी सरकार बनने के बाद अमित शाह को तीन साल के लिए पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था।

## एक नजर

### पुलिस को दो दिन में जांच के दौरान 9 संदिग्ध लोग मिले



**भिलाई, 17 दिसंबर।** भिलाई यातायात पुलिस ने बोरिया मार्केट, पावर हाउस मार्केट, सेक्टर 6 एफ मार्केट, संडे मार्केट, फरीद नगर, नेहरू नगर क्षेत्र में सड़क पर दुकान लगाने वालों पर कार्रवाई की उक्त कार्रवाई के दौरान पूछताछ करने पर 2 दिन में 9 संदिग्ध व्यक्ति मिले जिन्हें अग्रिम कार्रवाई हेतु संबंधित थाना के सुपुर्द किया गया। उन्हें सड़क में ठेला दुकान न लगाने, मार्ग में बाधा उत्पन्न न करने एवं अपने साथ अपना परिचय पत्र रखने समझाइश दी गई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात ) ऋचा मिश्रा ने बताया कि विगत दो दिनों से भिलाई के संडे मार्केट, पावर हाउस मार्केट, रामनगर, सेक्टर - 6 एफ मार्केट, बोरिया मार्केट, नेहरू नगर, सुपेला मार्केट क्षेत्र में सड़क पर ठेला लगाकर, दुकान लगाकर व्यवसाय करते हुए सड़क में बाधा उत्पन्न करने वालों पर कार्रवाई कर सड़क में दुकान न लगने समझाइश दी जा रही है। साथ ही ऐसे लोगों का आधार कार्ड, परिचय पत्र चेक किया जा रहा है और व्यवसाय करते समय अपना परिचय पत्र साथ रखने समझाइश दी गई। चेकिंग के दौरान फरीदनगर नेहरू, नगर चौक सुपेला मार्केट क्षेत्र में 9 व्यक्ति संदिग्ध पाए गए वहीं पूछताछ करने पर सही जवाब ना दे पाने और कोई परिचय पत्र न होने पर अग्रिम कार्रवाई हेतु संबंधित थाना क्षेत्र के सुपुर्द किया गया

### मोबाइल छीन कर भागने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 17 दिसंबर।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र में मोबाइल छीनकर भागने वाले आरोपी को सुपेला पुलिस ने बलौदा बाजार से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को लोकेशन सर्च कर पकड़ने में सफलता हासिल की है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि 28 सितंबर को दीपाली श्याम कुंवर निवासी गांधी नगर शिव मंदिर के पास कोसा नगर सुपेला ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि नर्सिंग कालेज से अपने घर जाते समय एक लड़का गांधी नगर जाने का रास्ता पूछकर हाथ में रखे बैग जिसमें मोबाइल रखा था, उसे झपट कर ले गया प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना में ली गई विवेचना के दौरान मोबाइल के डम्प नंबर के आधार पर लोकेशन सर्च किया गया संदेही गजानंद बंजारे निवासी केशली सुहेला बलौदाबाजार का निकला तत्काल सुपेला पुलिस ने आरोपी के पते पर जाकर दबिश देकर आरोपी को पकड़ा आरोपी से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया ।

### नशे की टेबलेट बेचने वाला गिरफ्तार

**भिलाई, 17 दिसंबर।** भिलाई अवैध रूप से नशे का टेबलेट बेचने वाले एक आरोपी को भिलाई नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1260 नग टेबलेट बरामद किया है बरामद टेबलेट की कीमती 4,480 रूपए आंकी गई है भिलाई नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि जेल से रिहा हुए पूर्व के आदतन नशे के कारोबारियों पर निगाह रखी जा रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को पता चला कि आयकर भवन सेक्टर - 6 भिलाई के पास एक व्यक्तिनशीली टेबलेट एवं कैप्सूल बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर संयुक्त टीम ने मुखबीर द्वारा बताए स्थान पर घेराबंदी कर संदेही व्यक्ति को पकड़ा पूछताछ में उसने अपना नाम बी पवन कल्याण बताया।



### नशीली कफ सिरप बेचने युवक पकड़ाया

**भिलाई, 17 दिसंबर।** भिलाई स्मृति नगर चौकी अंतर्गत पुलिस ने एक युवक को नशीली कफसिरप बेचते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नशीली प्रतिबंधित कप सिरप हाइड्रोक्लोराइड 54 नगए ब्रिकी रकम 700 रूए एक नग मोबाइल जुमला कीमती 15130 रुपए जब्त किया है स्मृति नगर चौकी प्रभारी गुरूविन्दर सिंग संधु ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति चौहान टाउन के पास बस स्टॉप में प्रतिबंधित नशीली सिरप बेच रहा है मौके पर जाकर घेराबंदी कर संदेही आदित्य गुप्ता ;29 वर्षद्ध निवासी सीएसपीजी सीएल कालोनी दर्री बैराज थाना कोरबा जिला कोरबा हॉल निवास चौहान टाउन जुनवानी को पकड़ा उसके पास से एक सूटकेस में रखे 54 नग नशीली प्रतिबंधित कप हाइड्रोक्लोराइड सिरपए ब्रिकी रकम 700 रूपए एवं एक नग मोबाइल बरामद किया गया।



# सेलुद खेल मैदान में किया गया जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 17 दिसंबर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं नेहरू युवा केंद्र माय भारत के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन सेलुद खेल मैदान में शनिवार को किया गया इसमें विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिता कराई गई जिसमें सामूहिक लोकगीत एकल लोकगीत सामूहिक लोक नृत्य का लोक गयन तात्कालिक भाषण कविता कहानी लेखन कृषि उत्पादन विज्ञान मेला चित्रकला आदि शामिल रहे कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सरपंच खेमीन साहू बी बंजारे सहित अन्य अतिथियों ने की अध्यक्षता सेजस सैल्यूद के प्राचार्य एन पी देशकर ने की उत्सव में दुर्ग धमधा पाटन ब्लॉक के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया युवा उत्सव में हुई सामूहिक लोकगीत में प्रथम सुमन जोशी व साथी धमधा द्वितीय मोना साहू व साथी पाटन लोक नृत्य एकल में प्रथम मोना साहू पाटन ने एकल लोकगीत में प्रथम भूमिका साहू मतवारी दुर्ग द्वितीय में सुभाष साहू धमदा रहे लोक नृत्य में प्रथम मोना साहू व साथी पाटन तात्कालिक भाषण में प्रथम दीपांशु नेताम भिलाई विजेता रहे। विज्ञान मेला और कृषि उत्पादन स्पर्धा में पाटन विजेता चित्रकला में प्रथम तेजस साहू पाटन कहानी लेखन में प्रथम अंजलि ध्रुव पाटन द्वितीय खुशी ठाकुर धमदा हस्तशिल्प में प्रथम कंचन चंद्राकार दुर्ग द्वितीय सुनील डेहरिया पाटन विज्ञान मेला में प्रथम पाटन कृषि उत्पादन में प्रथम पाटन के प्रतिभागी रहे मंच संचालन नेतराम साहू व प्रदीप भवाल ने किया इस अवसर पर सहायक संचालक दुर्ग विलियम लकड़ा नोडल अवसर पोखलाल साहू निर्णायक नंदनी यादव रामेश्वरी भगवती प्रसाद वन पहले प्याली सेन व नेहरू युवा केंद्र से जिला युवा अधिकारी नितिन कुमार शर्मा व आरती मिश्रा शकील देवदास उपस्थित थे ।



### कब मिलेगा मनरेगा में काम करने वाले संविदा कर्मचारियों को वेतन

**कवर्धा, 17 दिसंबर।** मनरेगा में कार्यरत संविदा कर्मचारी दो महीना का वेतन नहीं मिलने से स्टाफ परेशान । मकान किराया , सब्जी भाजी खरीदने के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है और आर्थिक तंगी से जूझना पड़ रहा है । जब नाम पूछे तो कंप्यूटर में काम करते हुए स्टाफ ने कहा की नाम मत पूछिए सरकारी नौकरी में है हम ।

## आयुक्त ने दुरुस्त कराई जल संयंत्र में आई खराबी, जलापूर्ति बहाल



**भिलाई, 17 दिसंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई के 66 एम.एल.डी. जल शोधन संयंत्र के पैनल में खराबी होने के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित की गई थी। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के संज्ञान में आते ही युद्ध स्तर पर पैनल का संधारण कराने अधिकारियों को निर्देशित किए थे । संधारण कार्य रात्रिकालीन पूर्ण कर लिया गया है। नेहरू नगर, स्मृति नगर, फरीद नगर, स्लाटर हाउस, खम्हरिया एवं नगर निगम रिसाली क्षेत्र के रूआबांधा, मरोदा, रिसाली, नेवई उच्च स्तरीय जलागार में पानी सप्लाई चालू कर दी गई है। कुछ क्षेत्रों में पानी मिलना थोड़ा विलंब से प्रारंभ हो गया है। दोनों निगम क्षेत्र के पानी टंकी पूर्ण रूप से भर जाने के बाद पेयजल सप्लाई पूर्व की भांति निर्धारित समय अवधि पर प्रदाय की जाएगी।

# आयुक्त ने ली कोऑपरेटिव संचालकों की क्लास,अब लगेगा राशन कार्ड वितरण शिविर



**भिलाई, 17 दिसंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन कार्यालय अंतर्गत 172 राशन दुकान (को ऑपरेटिव) संचालित हो रहे हैं । जहां भिलाई क्षेत्र के नागरिक अपना राशन कार्ड ले जाकर राशन प्राप्त करते हैं। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा सभी को ऑपरेटिव राशन दुकान संचालकों की मीटिंग ली गई है उनसे जानकारी प्राप्त किये, नवीन राशन कार्ड बन जाने के बाद वितरण क्यों नहीं हो रहा है। तो उनके द्वारा बताया गया हितग्राही अपना राशन किसी अन्य दुकान से भी ले ले रहे हैं। वह अपने पुराने कोऑपरेटिव पर नहीं आ रहे हैं। चर्चा के दौरान सहमति बनी कि अब प्रत्येक सोमवार को सभी जोन कार्यालय अंतर्गत पीडीएफ नवीन राशन कार्ड वितरण के लिए शिविर लगाया जा रहा है। नागरिक सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर स्थल पर राशन कार्ड राशन कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। वहां पर कोऑपरेटिव दुकान संचालित करने वाले दुकानदार बैठेंगे साथ में निगम के भी कर्मचारी बैठेंगे उनके द्वारा राशन कार्ड वितरित किया जाएगा। आयुक्त ने कोऑपरेटिव संचालकों से यह भी अनुरोध किया कि नागरिकों का सीधे जुड़ाव को ऑपरेटिव संचालकों से रहता है। स्वच्छ भारत अभियान में लोगों को समझाएं कि घर से गीला कचरा एवं सूखा कचरा अलग.अलग डस्टबिन में स्वच्छता मित्रों को देवें। सभी अपने दुकान पर प्रचार सामग्री भी रखें, उन्हें प्रदान की गई। कोऑपरेटिव संचालकों ने बताया कि नगर निगम भिलाई क्षेत्र लगभग 600 से अधिक राशन कार्ड धारक अपना राशन कार्ड बनवा कर विदेश चले गए हैं। उन्हें भी राशन कार्ड नवीनीकरण करवाना है। जो नहीं करवा रहे हैं। राशन कार्डधारी 1.12.2024 से 28.02.2025 तक अपना राशन कार्ड नवीनीकरण करा सकते हैं। लगभग 40000 राशन कार्डधारियों का राशन कार्ड पुराना है। जो अभी तक अपना राशन कार्ड प्राप्त नहीं किए हैं। वे सभी शिविर स्थल पर जाकर अपना राशन कार्ड नवीनीकरण जल्द से जल्द करा लें। राशन कार्ड नवीनीकरण नहीं होने से नागरिकों को राशन प्राप्त होने में परेशानी होगी। एक बार राशन कार्ड नवीनीकरण हो जाएगा तो किसी भी कोऑपरेटिव राशन दुकान से राशन ले सकते हैं। सभी जोन कार्यालय में फूड अधिकारी की नियुक्ति है। जोन क्रमांक-01 नेहरू नगर एवं जोन क्रमांक-02 वैशाली नगर में चंद्रभान बघेल व कविता ठाकुर को दायित्व सौंपा गया है। जोन क्रमांक-03 मदर टेरेसा नगर एवं जोन क्रमांक-04 शिवाजी खुर्सीपार में आशुतोष चंद्राकर तथा जोन क्रमांक-05 में वसुधा गुप्ता की ड्यूटी लगाई गई है। नागरिक फूड अधिकारी से संपर्क कर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं अंत में सब लोग मिलकर के स्वच्छता बनाए रखने एवं लोगों को प्रेरित करने के लिए स्वच्छता शपथ लिए। बैठक के दौरान प्रोग्रामर दीप्ति साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, रीता चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

### सिंटरिंग प्लांट्स का परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट वर्कशॉप आयोजित



**भिलाई, 17 दिसंबर।** भिलाई के सेक्टर-7 स्थित बीएमडीसी रशियन कॉम्प्लेक्स में एलएंडडी विभाग के सहयोग से एसपी-2 और एसपी-3 द्वारा 27000 टन का निरंतर उत्पादन स्तर प्राप्त करने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटरिंग प्लांट्स का पीआईडब्लू (परफॉर्मेंस इंप्रूवमेंट वर्कशॉप) आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी द्वारा की गई। उद्घाटन सत्र में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। संचालन उप महाप्रबंधक एम के सहारिया एवं धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबन्धक संजीव कुमार श्रीवास्तव ने दिया।

# इंजीनियर अतुल की खुदकुशी के विरोध में निकाला कैंडल मार्च



**भिलाई, 17 दिसंबर।** बेंगलुरु में पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी करने वाले एआई इंजीनियर अतुल सुभाष को न्याय दिलाने की मांग लेकर टूरा फाउंडेशन के सदस्यों ने रविवार को सिविक सेंटर में कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान सदस्यों ने अतुल की आत्मा की शांति के लिए उन्हें न्याय दलाने केंद्र व राज्य सरकारों से, उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय से मांग की है कि एकपक्षीय कानूनों में संशोधन किया जाए। टूरा फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रवीण कालमेघ ने मांग करते हुए कहा है कि कानून के दुरुपयोग को आवश्यक रूप से दंडनीय अपराध बनाया जाए, सभी कानून को जेंडर न्यूट्रल बनाया जाए। उन्होंने समाज, न्यायतंत्र, पुलिस प्रशासन एवं सभी नेताओं, एमपी, एमएलए आदि से अपील किया कि कई सालों से पुरुष एक पक्षीय कानून का मार झेलता आ रहा है। पुरुषों की आत्महत्या का दर आसमान छूने लगा है क्योंकि उनको सुनने वाला कोई नहीं। अब समय आ गया है पुरुषों के पक्ष में भी कानून बनाया जाए ताकि निर्दोष पुरुषों को प्रताड़ना से बचाया जा सके।

# जनादेश परब वृहत्तर सहकारी समिति उतई में मनाया गया, शामिल हुए मंडल अध्यक्ष एव सेवा सहकारी समिति प्राधिकृत अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 17 दिसंबर।** सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा ने किसानों का नारियल एवं किसान गमछा तिलक लगाकार सम्मान किया।भाजपा सरकार किसानों का एक एक दाना धान खरीदेगा।और 21 क्यूंटल प्रति एकड़ के हिसाब से खरीद रहें।कांग्रेस वालों के पास काम नही इस कारण धान खरीदी में जाकर किसानों को भड़काने का काम कर रहें।कांग्रेस सरकार ने ही पिछले वर्ष राइस मिलरों का पैसा नहीं दिया इस कारण इस बार राइस मिलरों के द्वारा धान नही उठाया जा रहा हैं। इस ओर भाजपा सरकार के सहयोग से ही सभी खरीदी केंद्रों में जल्द से जल्द धान का उठाव किया जायेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अधिकारी,प्रबंधक गिरधर सोनी,रूपनारायण शर्मा,लुमेश्वर चंद्राकर,पुरेंद्र वर्मा, सोनू राजपूत,सतीश,चंद्राकर,नरेंद्र साहू,श्रीमती टिकेश्वरी साहू,श्रीमती रेखा वर्मा,टूमन चंद्राकर,राजू साहू, अखिलेश चंद्राकर, दुष्यंत सपहा,संतोष कौशिक ,करन देशमुख, मंशा भारती,करण सेन, माधो साहू, चेतन सिन्हा, प्रमोद कंकड़े, शुभम वर्मा, कन्हैया चंद्राकर, शंकर राव, हरीश यादव, दानेश्वरी देशमुख, लता सोनवानी, नवल गायकवाड़,परस वर्मा, समिति के कर्मचारीगण,एवं बड़ी संख्या में किसान गण उपस्थित थे।



# कवर्धा शहर में विकास की गंगा बह रही है : मनहरण कौशिक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 17 दिसंबर।**कवर्धा नगर पालिका में सुधा वाटिका उद्यान में पौधा में जल डालकर और सड़को में जल से सफाई कर पौधा रोपण ओर स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया । सुधा वाटिका उद्यान में सफाई का जायजा लिया और तालाब के आसपास स्वच्छता करने वाले स्टाफ को सफाई करते हुए देखे देखे ओर स्वच्छता के लिए स्टाफ की तारीफ भी की । विभिन्न चौक चौराहों में सौंदर्यीकरण के साथ साथ करपात्री स्कूल के पास करपात्री स्कूल के सामने योगा मुद्रा की सभी आसनों की स्टेचू बनेगी और सैकड़ों लोगों के बैठने के लिए ओर योगा करने के लिए मंच बनेगा और ऐसा बनेगा जो की सभी मौसम के अनुकूल होगा और हनुमान भगवान की 51 फीट की मूर्ति बनेगा साथ ही सभी लोगों के लिए रनिंग पाथवे और एक्यूप्रेशर चेकर ब्लॉक युक्त बनेगा साथ ही बच्चों के लिए मनोरंजन युक्त झूले बनेंगे । खासकर सीनियर सिटी जनो के लिए कुर्सियां बनेगी । व्यायाम करने के लिए ओपन जिम सुविधा उपलब्ध रहेगी । नगर पालिका के सामने चौपाटी निर्माण किया जा रहा है जहां एक किनारे पर शेर, चिता , भालू ओर बगुला और विभिन्न पक्षियों और वन्य प्राणी की छोटी छोटी स्टेचू लगेगी । बच्चों ओर परिवार के लिए सेल्फी प्वाइंट लगा रहेगा । चौपाटी स्थल में बीच में दो स्थानों पर वाटर फॉन्टिंग ( फव्वारा) का निर्माण होगा साथ ही बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के अति सुंदर झूले बनाएंगे। रनिंग ट्रैक बनेगा जिसमे एक्यूप्रेशर चेकर ब्लॉकेज युक्त रहेगी जिसका फायदा हमारे शहर के सभी युवाओं , महिलाओं सहित सीनियर सिटीजन को लाभ होगा । चौपाटी स्थल में युवाओं को स्वरोजगार की प्राप्ति होगी । कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने विकास कार्य की उक्त जानकारी देते हुए कहा की डिप्टी सीएम विजय शर्मा के दिशा निर्देश मंशा अनुरूप और मार्गदर्शन में कवर्धा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ साथ कवर्धा शहर के गौरवपूर्ण विकास कार्य किया जा रहा है और कवर्धा शहर के विभिन्न वार्डो में विकास की गंगा बह रही है ।



## वार्ड भ्रमण के दौरान महापौर शशि ने पेवर ब्लॉक को लॉक करने दिए निर्देश



**रिसाली,17 दिसंबर।** आयुक्त मोनिका वर्मा महापौर के वार्ड की भ्रमण कीं। इस दौरान वार्ड-9 में वन विभाग द्वारा तैयार कृष्ण कुंज को भी देखा। निगम द्वारा यहां पाथवे निर्माण किया जा रहा है। आधे-अधूरे पॉथवे निर्माण कार्य को देख महापौर शशि सिन्हा ने एजेंसी को कार्य ठीक से करने फटकार लगाई। दरअसल पॉथवे बनाने निर्माण एजेंसी ने पेवर ब्लाक को केवल जमाकर रख छोड़ा था। लॉक नहीं करने से पेवर ब्लॉक उखड़ने लगा है। इसे देख महापौर शशि सिन्हा ने आयुक्त की मौजूदगी में पेवर ब्लॉक को लॉक करने निर्देश दिए। साथ ही कार्य को ठीक व मानक अनुरूप करने कहा। आयुक्त ने वार्ड 8 और 10 का भी भ्रमण की। इस दौरान पार्षद चन्द्रभान सिंह ठाकुर, जमुना ठाकुर, वार्ड के प्रभारी उपअभियंता गोपाल सिन्हा, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी बृजेन्द्र परिहार आदि उपस्थित थे। निर्देश के बाद भी वार्ड 10 के जी.वी.पी. प्वाइंट खत्म नहीं होने पर आयुक्त मोनिका वर्मा ने भिलाई इस्पात संयंत्र के जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को तलब किया। आयुक्त ने बीएसपी मार्केट में बनने वाले मॉडर्न टॉयलेट निर्माण में होने वाले विलंब को लेकर पार्षद से स्थल चयन प्रक्रिया शीघ्र करने का अनुरोध किया। मॉर्निंग विजिट में आयुक्त ने दशहरा मैदान का निरीक्षण करते हुए प्रकाश व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। वार्ड 8 के पार्षद चन्द्रभान सिंह ठाकुर ने बारिश में होने वाली जल भराव की स्थिति से निपटने प्लान तैयार करने आयुक्त से अनुरोध किया। उन्होंने उजाड़ पड़े उद्यानों और खेल मैदान को संवारने प्रस्ताव तैयार करने पर जोर भी दिया। धर्मस्व के तहत मंदिर संधारण करने समेत मंच शेड के लिए और धूल मुक्त करने सड़क किनारे पेवर ब्लॉक लगाने कार्य आरंभ कराने की मांग की

# संगीत महाविद्यालय ने दी उस्ताद हुसैन को श्रद्धांजलि

**भिलाई, 17 दिसंबर।** नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय परिवार ने विश्वप्रसिद्ध कलाकार तबला सम्राट उस्ताद जाकिर हुसैन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस शोक के अवसर पर उस्ताद हुसैन के चित्र पर माल्यार्पण एवं मौन होकर संवेदना व्यक्त की गयी, इसके साथ ही सुर ताल के माध्यम से स्वरांजलि दी गयी। प्राचार्य डॉ ऋचा ठाकुर ने कहा कि उस्ताद जाकिर हुसैन ना केवल भारत अपितु सम्पूर्ण विश्व के ख्यातिनाम कलाकार थे ,उनकी अंगुलियाँ मानो तबले पर नृत्य किया करती थीं। विद्यार्थियों को भी सर्वप्रथम ताल को साधना चाहिए। शहर के युवा तबला कलाकार अरुण साहू ने अपने वादन से उस्ताद की नमन किया। उन्होंने पेशकार , दिल्ली घराने का कायदा, टुकड़ा और रेला वादन से मंत्रमुग्ध कर दिया। महाविद्यालय के गायन विभाग के अतिथि प्राध्यापक गजेन्द्र यादव ने उनके साथ झपताल में बंदिश औत तराना प्रस्तुत कर दिवंगत कलाकार को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उस्ताद के कला के योगदान को बताया। छात्र तुकेश्वर ने उनको समर्पित स्वलिखित कविता का वाचन किया। दीपिका ने उनका जीवन परिचय दिया वहीं वंदना ने खुबसूरत कविता प्रस्तुत की। जगदीश बामनिया ने उस्ताद की कई कलाओं में सिद्धहस्तता को बताया। इस अवसर कार्यालय प्रमुख यशवंत साहू, डॉ निधि वर्मा, डॉ संगीता चौबे, सर्वजीत बाम्बेश्वर, तपन कुमार, केवेंद्र सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



### खुली संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन आज से

**भिलाई, 17 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित खुली संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता का उद्घाटन 17 दिसंबर को महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर, भिलाई निवास में किया जा रहा है। संगीत प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से 1 बजे तक तथा नृत्य प्रतियोगिता शाम 3 बजे से शुरु होगी। इस 4 दिवसीय प्रतियोगिता का समापन 20 दिसम्ब को शाम 5 बजे कार्यपालक निदेशक पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य में कला मंदिर में होगा।

# स्वामी विवेकानंद अकादमी से पैरामिलिट्री बल में 9 छात्रों का चयन, एसपी ने दी शुभकामनाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कबीरधाम,17 दिसंबर।** कबीरधाम पुलिस द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद अकादमी से हाल ही में 9 छात्रों का चयन विभिन्न पैरामिलिट्री बलों में आरक्षक (सिपाही) के पद पर हुआ है। यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। चयनित छात्रों ने आज पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (छ्वक्र) से मुलाकात की। पुलिस अधीक्षक ने चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और अन्य युवाओं को भी प्रेरित होने का संदेश दिया।

चयनित छात्रों की सूचीः1. पोखराज चंद्रवंशी, पिता रिद्ध राम चंद्रवंशी, ग्राम डेहरी, थाना पिपरिया, जिला कबीरधाम - सीआरपीएफ 2. दुर्गेश ध्रुव पिता गोवर्धन ध्रुव, ग्राम घाटोली, जिला बेमेतरा - असम राइफल्सृ3. श्रवण चंद्रवंशी, पिता राजकुमार चंद्रवंशी, जिला कबीरधाम - सीआरपीएफ 4. रंजीत कुमार पिता लोमेश सिंह, ग्राम छीरपानी, जिला कबीरधाम - आईटीबीपी 5. जनार्दन साहू, पिता गंगदेव, ग्राम बहवलिया, जिला कबीरधाम - सीआरपीएफ 6. सागर श्रीवास, पिता सुशील श्रीवास, ग्राम पनेका, जिला कबीरधाम - बीएसएफ 7. सूरज दास, पिता कृष्ण दास, ग्राम नयापारा, जिला बिलासपुर - सीआरपीएफ8. कु. पूनम माथुर जिला बेमेतरा -बीएसएफ9. कु. आरती राजपूत पिता लक्ष्मण, जिला कबीरधाम - सीआईएसएफकुल चयनित छात्र- 09 (07 पुरुष और 02 महिलाएं) स्वामी विवेकानंद अकादमी कबीरधाम पुलिस द्वारा संचालित निशुल्क प्रशिक्षण केंद्र है, जहां न केवल कबीरधाम बल्कि बलरामपुर, सरगुजा, बेमेतरा और अन्य जिलों के युवा प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इस अकादमी में फिजिकल तैयारी के साथ-साथ लिखित परीक्षाओ की भी तैयारी कराई जाती है।

प्रशिक्षक दल1. आरक्षक विक्की चंद्रवंशी 2. आरक्षक प्रदीप श्रीवास 3. आरक्षक दशरथ साहू 4. महिला आरक्षक नंदनी ओगरे 5. महिला आरक्षक तुलसी चंद्रवंशी 6. सै. रीना शर्मायह उपलब्धि पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (IPS) के मार्गदर्शन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, और डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर के समन्वय **और सतत प्रयासों से संभव हो पाई है।**

**अकादमी के उद्देश्यः**-यह अकादमी जिले के युवाओं को राष्ट्रीय सेवाओं में योगदान के लिए प्रेरित करती है और उन्हें तैयारी का उचित मंच प्रदान करती है। यहां से प्रशिक्षण लेकर अब तक कई युवा विभिन्न सेवाओं में चयनित हो चुके हैं।





### आईएलसी नई दिल्ली ने किया नि:शुल्क कार्यशाला का आयोजन

**भिलाई, 17 दिसंबर।** भारतीय गुणवत्ता परिषद एवं भारतीय श्रम सहकारी समिति नई दिल्ली के सहयोग से अथर्व महाविद्यालय धनोरा के सभागार में आयोजित कार्यशाला में प्रदेश के दुर्ग, रायपुर कोरबा, कोण्डागांव, कांकेर के युवक में भाग लेकर लघु मध्यम एवं सूक्ष्म उद्योगों संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे। मंगलवार 17 दिसंबर को निःशुल्क कार्यशाला नई दिल्ली आईएलसी द्वारा प्रायोजित ऑनलाइन वीडियो के माध्यम से जारी किया जाएगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी संबोधन शामिल है।

**एक नजर**

### फरार शराब कोचिया गिरफ्तार



**राजनांदगांव 17 दिसंबर।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले मे अवैध शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाष के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है अभियान कार्यवाही पूर्व मे दिनांक 04.12.2024 को सायबर सेल एवं चौकी चिखली पुलिस द्वारा पुख्ता सूचना के आधार पर भेड़ीकला अग्रवाल पोहा मिल के पास अवैध शराब बिक्री हेतू आरोपी कुंदन चौधरी के कहने पर परिवहन कर रहे आरोपी 01. प्रदीप कुमार पारधी, 02. प्रकाश पारधी के कब्जे से 120 पौवा शोले प्लेन देशी मदिरा शराब कुल 21600 एमएल कीमती 10800 रूपये एवं मो.सा. क्र. सीजी 08 एस 8107 कीमती लगभग 25000 रूपये जुमला कीमती 35800 रूपये को जप्त कर विधिवत कार्यवाही कुंदन चौधरी, प्रदीप कुमार पारधी, प्रकाश पारधी, विनोद कुमार रात्रे को धारा सदर 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेजा गया था मामले के सह आरोपी चंदन चौधरी और सुनील पारधी फरार थे जिनकी लगातार पतासाजी कर दबिश दिया जा रहा था इसी दौरान मुखबीर की पुख्ता सूचना पर आरोपी चंदन चौधरी को गठुला नाला, सुनील पारधी को ग्राम बोईरडीह मे घेराबंदी कर पकड़ा गया दोनो आरोपियो से पृथक पृथक कड़ाई से पुछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार करने पर आरोपियो के विरूद्ध साक्ष्य सबुत पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल भेजा गया। आरोपी चंदन चौधरी एवं सुनील पारधी दोनो आदतन शराब कोचिया है दोनो के खिलाफ पूर्व मे कई मामले आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज है । उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उनि नरेश कुमार बंजारे, प्र.आर. सुनील वर्मा, समारूराम सर्पा, आर. मनोज जैन, सुनील बैरागी का महत्वपूर्ण भूमिका सराहनीय योगदान रहा है।

### गुरु घासीदास जयंती पर 18 दिसम्बर को मटन मार्केट बंद रहेगा

**राजनांदगांव 17 दिसंबर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार दिनांक 18 दिसम्बर दिन बुधवार को गुरूघासी दास जयंती के उपलक्ष्य में नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने, 5000 रूपये अर्थदण्ड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वंच्छता निरीक्षकों से कहा कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करे एवं अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।

### धान उपार्जन केन्द्र से धान का उठाव लगातार जारी



**राजनांदगांव 17 दिसंबर।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी महाभियान अंतर्गत शासन द्वारा किसानों के धान की खरीदी लगातार जारी है। शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। जिले में अब तक 66 हजार 323 किसानों से 3272469.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई है और 754 करोड़ 86 लाख 51 हजार रूपए का भुगतान किसानों को किया गया है। जिले में धान उपार्जन केन्द्र से धान का उठाव लगातार जारी है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं सतत निगरानी में धान खरीदी का कार्य जारी है। राज्य शासन के आदेशानुसार एवं कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशन पर 15 दिसम्बर 2024 को राजनांदगांव को जिला एसोसिएशन एवं जिले के मिलर्स द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में कस्टम मिलिंग करने हेतु लिखित सहमति प्रदाय की गई तथा धान उठाव का कार्य प्रांरभ कर दिया गया है। जिले के समस्त उपार्जन केन्द्रों से परिवहनकर्ता के माध्यम से धान उठाव पूर्व से ही किया जा रहा है। अब जिले के पंजीकृत राईस मिलर्स द्वारा भी धान उठाव का कार्य किया जाएगा, जिससे उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव तेज गति से होगा। जिले में धान उठाव तीव्र गति से होने से उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान क्रय करने हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध है तथा समस्त कृषकों से टोकन के अनुसार धान क्रय किया जा रहा है। जिले में धान खरीदी की व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है। जिले के राईस मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग कार्य हेतु मिलों का पंजीयन कर, अनुमति, अनुबंध नहीं किये जाने के कारण धान उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव नहीं होने से धान खरीदी कार्य प्रभावित हो रही थी। जिले में स्थित राईस मिलों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ चावल उपार्जन आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई किये जाने के निर्देश शासन से प्राप्त हुये थे। जिसके परिपालन में जिले के अतुल राईस इंडस्ट्रीज ग्राम भोथीपारखुर्द में संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा 15 दिसम्बर 2024 को जांच की कार्रवाई की जा रही थी, कार्रवाई के दौरान ही जिला राईस मिल एसोसिएशन एवं जिले के राईस मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग कार्य करने हेतु लिखित सहमति प्रदाय किये जाने पर जांच कार्रवाई स्थगित की गई।

# छत्तीसगढ़ में पारंपरिक वैद्यों का किया जा रहा सर्टिफिकेशन

**रायपुर, 17 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा राज्य में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के संरक्षण के लिए पारंपरिक वैद्यों के सर्टिफिकेशन की पहल और औषधीय पौधों के उपयोग और इसके महत्व का दस्तावेजीकरण किया जा रहा है। यह जानकारी देहरादून में आयोजित औषधीय पौधों पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में दी गई। संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से शामिल हुईं छत्तीसगढ़ जलवायु परिवर्तन केन्द्र में प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. देवयानी शर्मा ने बताया गया कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा क्वालिटी काउंसिल ऑफ़ इंडिया एवं बेंगलुरु स्थित ट्रांस-डिसिप्लिनरी हेल्थ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी के सहयोग से छत्तीसगढ़ में पारंपरिक वैद्यों के सर्टिफिकेशन की पहल की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस सर्वेक्षण में बस्तर, दुर्ग और धमतरी क्षेत्रों के 100 से अधिक पारंपरिक वैद्यों की चिकित्सा पद्धतियों का दस्तावेजीकरण किया गया है।



डॉ. देवयानी शर्मा ने बताया कि वनमंत्री श्री केदार कश्यप की पहल पर छत्तीसगढ़ में वन विभाग के द्वारा संचालित संजीवनी केंद्रों में वैद्यों को मरीजों का उपचार करने के लिए स्थान उपलब्ध कराया गया है और कुछ वैद्यों को उनके सेवाओं के लिए पारिश्रमिक भी दिया जा रहा है। उन्होंने पद्मश्री वैद्यराज हेमचंद मांझी का भी उल्लेख किया करते हुए बताया कि श्री मांझी ने नारायणपुर जिले में पिछले पांच दशकों से पारंपरिक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक पद्धतियों ने न केवल गंभीर बीमारियों का इलाज करने में अपनी उपयोगिता साबित की है, बल्कि यह सांस्कृतिक पहचान और सामुदायिक एकता को भी मजबूत करती हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को प्रोत्साहित करने के विज़न के अनुरूप पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देने तथा अनुसंधान, मानकीकरण और नियमन के उद्देश्य से इस संगोष्ठी का आयोजन आयुष मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय औषधीय पौधा बोर्ड द्वारा दसवीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस के हिस्से के रूप में आयोजित की गई थी।

## आयुष ग्राम शिविर में किया गया लोगों का प्रकृति परीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया।** आयुष ग्राम बेलरगोंदी में त्रैमासिक स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता चिकित्सा शिविर का आयोजन जिसमे 26 लोगो का प्रकृति परीक्षण एवं 193 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधि प्रदान किया गया ।संचालनालय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं ज़िला आयुष अधिकारी डॉ शिल्पा मिश्रा राजनांदगाँव के कुशल मार्गदर्शन में एकदिवसीय निःशुल्क त्रैमासिक स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता चिकित्सा शिविर आयुष ग्राम शासकीय आयुर्वेद औषधालय बेलरगोंदी में दिनांक 14/12/2024 को सफल आयोजन किया गया । शिविर का शुभारंभ जनपद सदस्य श्रीमती प्रतिमा सोनबोईर , सरपंच श्रीमती रमशिला सोनबोईर , ग्राम पटेल धन्नु लाल साहू, श्री आलोक मिश्रा, श्री छगन लाल पोर्ते सचिव, आस मोहम्मद खान रोजगार सहायक, श्री ढालसिंह वर्मा, श्री प्रभात साहू, , श्रीमती तुलसा बाई (स्व सहायता समूह), श्रीमती जानकी बाई मितानीन, श्रीमती उमाबाई मितानीन श्रीमती पुनिया बाई, श्रीमती अनसूया, श्री विरेन्द्र सोनी, शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध पटेल, डॉ रेखा साहू, डॉ प्राजंलि शुक्ला श्री देवदास साहू (फार्मासिस्ट आयुर्वेद), श्री दीपक कोर्राम एवं नेमा देवांगनऔषधालय सेवक, श्री शंकर लाल कंवर ( पी .टी. एस.), एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर किया गया।

# देवकट्टा के 18 महिला समूहों ने राशन दुकान के लिए सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 17 दिसंबर।** विकासखंड के ग्राम देवकट्टा स्थित पीडीएस राशन दुकान विगत 8 महीना से लंबित है। जिसको लेकर गांव विहान योजना के अंतर्गत 18 महिला समूह के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, माहेश्वरी वर्मा, भारती, मंगेश्वरी, सरस्वती यादव, नीलज, धनेश्वरी,उजाला, भारती, इन्द्रमती। चन्द्रप्रभा, जागेश्वरी, नेहा सेन,निर्मला,किरण, कुंवारियां बाई, हेमा बाई, सेठिया, दुलेश्वरी देवकी, त्रिलोक बाई मेम बाई, आदि ने 12 दिसंबर को कलेक्टर संजय अग्रवाल के समझ ज्ञापन दिया, समूह के सदस्यों ने बताया कि पूर्व में देवकट्टा के राशन दुकान सेवा सहकारी समिति अछोली द्वारा संचालित किया जा रहा था जब समिति प्रबंधक द्वारा दुकान छोड़ने की बात कहे जाने पर हमारे गांव की महिला समूह है द्वारा फ़ूड अधिकारी के समक्ष आवेदन भी दिये लेकिन फ़ूड अधिकारी द्वारा बिना किसी विज्ञापन या सूचना के गांव के बाहर के समूह को पीडीएस राशन दुकान आबंटित कर दिया गया, इस पर महिला समूह द्वारा पूछे जाने पर फ़ूड अधिकारी ने बताया गया कि आनन फानन में राशन वितरण बंद ना हो इसके लिए दूसरे समूह को आवंटित किया गया है, दुकान आवंटन के 90 दिन की प्रक्रिया के बाद विज्ञापन एवं इश्तहार प्रकासन के माध्यम से आवेदन मंगाए जाएंगे तब आप लोग आवेदन कीजियेगा किंतु आज 6 माह बाद भी दुकान आवंटन से संबंध किस प्रकार की प्रक्रिया चालू नहीं की है जिसको लेकर हमारे समूह द्वारा बार-बार एसडीएम एवं फ़ूड अधिकारी के समक्ष आवेदन दिए गए किंतु खाद्य अधिकारी द्वारा गुमराह किया जाता रहा है जिसको लेकर 12 दिसंबर को कलेक्टर का ज्ञापन दिए हैं एवं कलेक्टर साहब के आदेश अनुसार आज 16 दिसंबर को डोंगरगढ़ एसडीएम को भी देवकट्टा राशन दुकान शासन के नियमानुसार हमारे गांव स्थित महिला समूह को प्रदान करने के लिए ज्ञापन दिया गया है, महिला समूह के सदस्यों का यह कहना है कि गांव के 18 समूह खाली बैठे हुए हैं और बेरोजगार हैं ऐसे में शासन के नियमानुसार गांव में स्थित राशन दुकान को संचालन करने का प्राथमिकता गांव के समूह को है ऐसे में गांव के बाहर के समूह विगत 6 महीना से दुकान संचालित कर रहे हैं और जिसके हमारे समूह को आवंटन हेतु बार-बार आवेदन देने के पश्चात भी शासन द्वारा चुप्पी साधे रहना समझ से परे है।

### 70 एंव 70+ आयु वर्ग के सभी वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वन्दना कार्ड के लिए किया जा रहा पंजीयन

**धमतरी 17 दिसम्बर।** जिले में 70 एंवं 70+ आयु वर्ग के समस्त वरिष्ठ नागरिको का आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन कराया जा रहा है। इसके लिए आधारकार्ड मे मोबाइल नम्बर अनिवार्यतः लिंक कराकर, 5 लाख रूपये तक मुफ्त उपचार लाभ की सुविधा प्राप्त की जा सकती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू.एल.कौशिक ने बताया कि योजनांतर्गत जिले के सभी वरिष्ठ नागरिको (आधार कार्ड के अनुसार जिनका उम्र 70 या 70 से अधिक हो) को आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन कार्य, ग्राम, वार्ड, पंचायत स्तर पर शिविरो के माध्यम से निरंतर जारी है। धमतरी जिले के सभी वरिष्ठ नागरिको (70 व 70+ आयु वाले) को अपने नजदिकी, किसी भी उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल अस्पताल कुरुद, नगरी, बोरई, सामु. स्वा. केन्द्र गुजरा, मगरलोड, भखारा, जिला अस्पताल धमतरी, योजना मे पंजकृत किसी भी निजि अस्पताल के चिन्हाकित च्वाइस सेंटर, आधार सेवा केन्द्र मे आधार कार्ड एंव आधार लिंक मोबाइल नबर सहित हितग्राही स्वयं उपस्थित होकर आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन करा रहे है। सीएमएचओ ने यह भी बताया कि पंजीयन टीम को अनेक पात्र वरिष्ठ नागरिको का आधारकार्ड अपडेट नही होने के कारण, कार्ड पंजीयन करने मे दिक्कत आ रही है । उन्होंने ऐसे पात्र हितग्राही (वरिष्ठ नागरिक 70 - 70+) को नजदीकी आधार सेवा केन्द्र मे जाकर अपने आधार कार्ड मे घर या स्वयं का ही कोई एक एक्टीव मोबाइल नम्बर को लिंक कराने कहा गया है।

**समाचार संक्षेप**

### संदिग्धों की जांच में जुटी पुलिस



**डोंगरगढ़ 17 दिसंबर।** एसडीओपी आशीष कुंजाम के नेतृत्व में थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा दल बल के साथ कई स्थानों पर दबिश देकर बाहर से आने वाले यात्रियों से लेकर अन्य प्रदेश से आये किराये में रह रहे किरायेदारो की जांच पड़ताल की गई. पुलिस से प्राप्त समाचार में बताया गया कि दल बल के साथ संदिग्धों की पड़ताल हेतु डोंगरगढ़ के भुरुवाटोला, अछोली आउटर सहित नगर के होटलो और लॉजो में जाँच पड़ताल की गई. पुलिस के द्वारा अन्य शहर से आने वाले संदिग्धों के ऊपर कड़ी नजर रखी जा रही है. सूचना मिलते ही ऐसे संदिग्धों पर शीघ्र कड़ी कार्यवाही की तैयारी पुलिस के द्वारा की जा रही हैं।

### किसानों के हित में कांग्रेस का आंदोलन

**राजनांदगांव 17 दिसंबर।** पीसीसी के आदेश के परिपालन में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मदन साहू के नेतृत्व में सभी विकासखंड मुख्यालय में जोरदार आंदोलन किया जाएगा। यह आंदोलन सेवा सहकारी समितियों में समर्थन दर पर धान खरीदी में भारी अवस्था और दुर्व्यवस्था सहित किसानों से जोड़े अन्य मुद्दों को लेकर होगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मदन साहू ने बताया कि आंदोलन को लेकर पूरी तैयारी हो चुकी है। हजारों की संख्या में किसान अपने अधिकारों के लिए कांग्रेस के बैनर तले आवाज बुलंद करेंगे। श्री साहू ने आगे बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू के आदेश अनुसार जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव द्वारा सभी ब्लॉको के सोसाइटी में 17 दिसम्बर 2024 दिन मंगलवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करना सुनिश्चित है। जिसके निम्न अनुसार प्रभारी समय व स्थान दुरुस्त कर चुके हैं। घूमका ब्लॉक के घुमका में 09:00 से 11बजे प्रभारी योगेन्द्र दास वैष्णव प्रभारी महामंत्री जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव, राजनांदगांव ब्लॉक राजा भानपुरी में 10:00 से 12 बजे प्रभारी टीकम साहू कोषाध्यक्ष जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव, डोगरगढ़ ब्लॉक के कसारी में दोपहर 11:00 बजे से 1:00 बजे मदन मोहन साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव, लाल बहादुर नगर ब्लॉक के मुड़पार में 12:00 से 2:00 बजे दशरथ ठाकुर उपाध्यक्ष जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव, डोगरगांव ब्लॉक के दीवान भेड़ी में दोपहर 1:00 बजे से 3:00 बजे पुरुषोत्तम साहू मीडिया प्रभारी जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव, कुमरदा ब्लॉक के कुमरदा में दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे प्रभारी डॉ नरेन्द्र साहू उपाध्यक्ष प्रदेश पिछड़ा वर्ग, छुरिया ब्लाक के शिकारी महका में दो3ः00 बजे से 5:00 बजे प्रभारी चुम्मन साहू महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव। सभी प्रभारीगण ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष व किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष से संपर्क कर कार्यक्रम को सफल बनाऐं।



### 12 ज्योतिर्लिंग, 40 शक्तिपीठ धाम के दर्शन के बाद पहुँचे माँ बम्लेश्वरी धाम

**डोंगरगढ़ 17 दिसंबर।** देश- विदेश से चारों धाम की यात्रा के बाद 16 दिसम्बर को वृंदावन से ऋषभ दास महाराज, अजय पांडे व ओम अग्निहोत्री डोंगरगढ़ की पावन धरा माँ बम्लेश्वरी का दर्शन लाभ लेने पहुंचे. श्री महाराज 3 लाख 50,00 किलोमीटर की पद यात्रा 12 ज्योति लिंग ,40 शक्तिपीठों सहित हिन्दुओ की देवी देवालय मठ मंदिर की यात्रा करते हुए रविवार को माँ बम्लेश्वरी पहुंच कर माता जी का आशीर्वाद प्राप्त किया. छत्तीसगढ़ के प्रमुख देवालय के दर्शन करते हुए, पद यात्रा नेपाल जाएंगे ऋषभ दास जी महाराज माँ बम्लेश्वरी के दर्शन कराकर विहिप के अध्यक्ष तरुण हत्थेल ने बताया की बड़े चमत्कारिक कृष्णा जी है उनमे कई हट जो अद्भुत है निश्चित तौर पर यह यात्रा सनातनियो को जोड़ने एक मिल का पत्थर साबित होगी।



### जिलाबदर के दौरान घर आकर करता था लोगों को परेशान, भेजा गया जेल

**राजनांदगांव 17 दिसंबर।** माननीय न्यायालय जिला एवं दण्डधिकारी राजनांदगांव के आदेश के थाना लालबाग के निगरानी बदमाश का लगातार अपराधिक कृत्यों में शामिल होने एवं बदमाश के कृत्यों में सुधार नही होने के कारण, समाज में शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं बदमाश के व्यवहार में सुधार लाने हेतु सुनिल उर्फ टिर्रू को 01 वर्ष की कालावधि से राजनांदगांव एवं आस-पास की सीमावर्ती जिलों में नही रहने हेतु प्रतिबंधित किया गया था जो दिनांक 14.09.2024 के पहले जिला राजनांदगांव की सीमा पर प्रवेश नही करने के लिए प्रतिबंधित किया गया था। आरोपी द्वारा दिनांक 10.11.2023 को प्रार्थी निवासी अटल आवास पेण्ड्री के घर में घुसकर गाली गलौच करने एवं दिनांक 08.04.2024 को प्रार्थी निवासी अटल आवास पेण्ड्री के साथ मारपीट करने के संबंध में थाना लालबाग में अपराध क्रमांक क्रमशः 455/2023 धारा 456,294,506 भादवि एवं अपराध क्रमांक 167/24 धारा 294,323,506,34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।



### जूनियर जूजित्सू मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में वसुंधरा जूजित्सु एकेडमी के खिलाड़ियों ने किया बेहतर प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 17 दिसंबर।** चतुर्थ राज्यस्तरीय सब जूनियर जूजित्सू मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन बालोद में किया गया जिसमें वसुंधरा जूजित्सु एकेडमी डोंगरगढ़ के खिलाडियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 11 स्वर्ण पदक तीन रजत पदक 6 कांस्य पदक प्राप्त किए। 8 वर्ष से कम आयु वर्ग में 28 किलोग्राम से कम वजन समूह में आरवी रामटेके ने नेवाजा में स्वर्ण पदक एवं फाइटिंग सिस्टम में स्वर्ण पदक 12 वर्ष से कम आयु वर्ग में 28 किलो से कम में आहान रामटेके ने नेवाजा में स्वर्ण पदक एवं फाइटिंग सिस्टम में स्वर्ण पदक 36 किलोग्राम से कम वजन समूह में शौर्य प्रताप सिंह चौहान ने नेवाजा में स्वर्ण पदक एवं फाइटिंग सिस्टम में कांस्य पदक सुयश साहू ने नेवाजा में कांस्य पदक एवं फाइटिंग सिस्टम में स्वर्ण पदक 52 किलोग्राम से कम में देवांश अग्रवाल नेवाजा में स्वर्ण पदक एवं फाइटिंग सिस्टम में स्वर्ण पदक 14 वर्ष से कम बालिका 40 किलोग्राम से कम में अनुष्का चंदेल नेवाजा में रजत पदक एवं फाइटिंग सिस्टम में कांस्य पदक हेमाश्री जघेल ने नेवाजा में कांस्य पदक एवं फाइटिंग सिस्टम में रजत पदक 57 किलोग्राम से कम में काव्या साहू ने नेवाजा में स्वर्ण पदक एवं फाइटिंग सिस्टम में रजत पदक 14 वर्ष से कम बालक में 36 किलोग्राम वो वजन समूह से कम में राणा विक्रम सिंह ने नेवाजा में स्वर्ण पदक एवं फाइटिंग सिस्टम में स्वर्ण पदक 48 किलोग्राम से कम वजन समूह में श्रीकांत यादव ने नेवाजा में रजत पदक एवं फाइटिंग सिस्टम में कांस्य पदक प्राप्त किया एकेडमी के मुख्य प्रशिक्षक राणा अजय सिंह ने जानकारी दी की फरवरी एवं मार्च में होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए विशेष तैयारी की जा रही है जिससे राष्ट्रीय स्तर पर हमारे खिलाडियों द्वारा ज्यादा से ज्यादा पदक प्राप्त किया जा सके इस उपलब्धि पर जिला संघ के अध्यक्ष श्री विवेक मोनू भंडारी श्री प्रकाश चौरड़िया श्री सुनील जैन सचिव श्री तरुण वरकड़े कोषाध्यक्ष श्रीमती पूनम टेंभुरकर श्री बाबुराव जनवंधु श्री त्रिलोक जम्भूलकर चंद्रहास साहू आदि ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रदान की।



### 6 युवक-युवतियों का 'अग्निवीर', बीएसएफ एवं सीआरपीएफ में चयन



**राजनांदगांव 17 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में ''नवा बिहान'' अभियान के तहत् पुलिस विभाग द्वारा पुलिस लाईन कुरूक्षेत्र ग्राउण्ड में ''राजनांदगांव फिजिकल एण्ड स्पोर्टस अकादमी'' एवं थाना सोमनी क्षेत्र के ग्राम सुंदरा ग्राउण्ड में ''गरूकुल फिजिकल एण्ड स्पोर्टस अकादमी'' के नाम से युवक-युवतियों को एथलेटिक्स, अग्नीवीर, पुलिस भर्ती, सी.ए.एफ., बी.एस.एफ., सी.आर.पी.एफ., फोरेस्ट गार्ड एवं एस.एस.सी. भर्ती परीक्षा की तैयार हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पुलिस विभाग द्वारा उपरोक्त परीक्षा की तैयारी हेतु आरक्षक क्रमांक 740 कामता प्रसाद यादव, आरक्षक क्रमांक 395 मनोहर निषाद जिला बल राजनांदगांव और आरक्षक 093210283 सी.के.साहू सीआईएसएफ यूनिट छिंदवाड़ा को नियुक्त किया गया है जो प्रतिदिन लगन एवं मेहनत से सभी प्रशिक्षुकों को अनुशासन के साथ सभी ग्राउण्ड के फिजिकल ईवेंट का प्रशिक्षण देते है साथ ही राजनांदगांव पुलिस की ओर से लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु प्रशिक्षुकों को सिद्धार्थ अकादमी में निःशुल्क कोचिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग की यह पहल के कारण ही राजनांदगांव पुलिस द्वारा दिये गये प्रशिक्षण से लाभ लेकर अब तक 58 युवक/युवती उपरोक्त विभिन्न विभाग में चयनित हुए हैं।

**नगर के लोगों को कड़ाके ठंड से बचाने के लिए**

# नगर निगम ने शहर में अनेक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 17 दिसम्बर।** नगर निगम द्वारा इस वर्ष भी शीत ऋतु पर नगर के निर्धनों एवं श्रमिक जनों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए पेण्ड्री मेडिकल कालेज, नया बस स्टैण्ड, महावीर चौक, पोस्ट आफिस चौक एवं रेल्वे स्टेशन के पास अलाव जलाया जा रहा है। अत्यधिक ठंड पडने़ पर निगम द्वारा शहर के अन्य सार्वजनिक स्थानों एवं चौक चौराहो पर भी अलाव की व्यवस्था की जायेगी।

उक्ताशय की जानकारी देते हुये निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि अत्यधिक ठंड को ध्यान में रखते हुए राजनांदगांव में निर्धनों व श्रमिकों को शीत लहर से बचाने के लिये नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष अलाव जलाया जाता है, इसी कडी में इस वर्ष शीत ऋतु में ठंड बढ़ने पर पेण्ड्री मेडिकल कालेज, नया बस स्टैण्ड,महावीर चौक, पोस्ट आफिस चौक एवं रेल्वे स्टेशन के पास अलाव जलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ठंड बढ़ने को देखते हुये शहर के अन्य सार्वजनिक स्थानों जैसे पुराना बस स्टैण्ड, आम्बेडकर चौक, ठा.प्यारेलाल चौक, गुरूद्वारा के पास, चिखली देशमुख होटल के पास, नंदई चौक के अलावा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी नागरिकों के लिये अलाव की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने ठंड को ध्यान में रखते हुये शहर के प्रमुख स्थानों पर जलाये जा रहे अलाव को देर रात्रि तक जलाये रखने के निर्देश प्रभारी को दिये है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि ठंड बढ़ती जा रही है, इसलिये रात्रि में अनावश्यक घर से बाहर न निकले, किसी कारणवश बाहर निकलने पर गरम कपड़ा पहने, मफलर एवं टोपी लगावे। सर्दी, खासी, बुखार होने तथा ठंडी से अन्य किसी प्रकार की तबियत खराब होने की स्थिति में डॉक्टरी परीक्षण करावे। उन्होंने फ्लाई ओव्हर के नीचे अस्थाई रहवासियों से भी कहा कि ठंड से बचने वे निगम के रैन बसेरा में जाकर रहे।

संपादकीय

# अपील भी की और कड़ी चेतावनी भी दी

किसी भी समस्या के समाधान के लिए नरम व सख्त दोनों तरीके अपनाए जाते हैं क्योंकि कई बार नरम रुख से समस्या का समाधान होता नहीं है तो सख्त रुख की जरूरत होती है। समस्या से यदि क्षेत्र के लोग भी जुड़े हैं और बाहरी लोग भी है जैसे नक्सल समस्या तो सरकार के लिए जरूरी हो जाता है कि वह दोनों तरीके से काम करें। पहले तो नरम रुख से काम करे लोगों के अपील करे कि वह नक्सलवाद छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ें उनके पुवर्वास की पूरी व्यवस्था सरकार करेगी । वह नक्सल संगठन से जुड़े स्थानीय लोगों को सरेंडर करने को कहे ताकि स्थानीय लोगों की मौत सख्ती की वजह से न हो। बाहरी लोगों के खिलाफ तो सख्ती से ही काम लिया जाता है क्योंकि वह बाहर रहते हैं और स्थानीय लोगों का उपयोग नक्सली वारदात के लिए करते हैं। वह तो चाहते हैं कि स्थानीय लोग ही नक्सली वारदात करें और मारे जाएं इससे पुलिस व सरकार के खिलाफ स्थानीय लोगों में गुस्सा बढ़े और क्षेत्र से और ज्यादा लोग नक्सलवाद से जुड़े। इसलिए सरकार ने नक्सलवाद के सफाए के लिए दोनो तरीके अपना रही है वह स्थानीय लोगों से पिछले कई महीने से अपील कर रही है कि वह समाज की मुख्य धारा में लौटने के लिए सरेंडर करें, यदि वह सरेंडर नहीं करेंगे तो पुलिस के जवानों के हाथों मारे जाएंगे। गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले साल ही सरकार को यह लक्ष्य दे दिया था कि देश से नक्सलियों का सफाया 31 मार्च 2026 से पहले कर दिया जाएगा और राज्य सरकार को यह लक्ष्य पूरा करने को कहा था। गृहमंत्री शाह जो काम हाथ में लेते हैं, वह जानते हैं कि इस काम को कैसे पूरा किया जा सकता है, उसके लिए वह योजना बनाते हैं कि इस काम को पूरा कैसे किया जाता है,उसके बाद योजना पर अमल शुरू किया जाता है जब उसका रिजल्ट सामने आता है तो शाह पूरे विश्वास के साथ कहते हैं,यह काम कब तक पूरा हो जाएगा। यह शाह के काम करने का तरीका है, वह एक समय देते हैं काम करने वालों को ताकि वह उस समय के अनुसार तेजी से काम करें और समय पर काम पूरा कर सकें। यदि शाह कोई तारीख तय नहीं करते तो हमेशा की तरह हमें तो नक्सलियों के सफाए के लिए बहुत समय दिया गया है इसलिए नक्सलियों के सफाए की गति धीमी रहती जैसे कि पिछली सरकारों के समय रहती थी। क्योंकि उनके सामने कोई तारीख नहीं थी। यह शाह की योजना है इसलिए इसके सफल होने की संभावना ज्यादा थी क्योंकि अमित शाह का रिकार्ड है कि उन्होंने जो भी काम हाथ में लिया है उसमें वह सफल रहे हैं। इसलिए जब शाह को देश से नक्सलियों के सफाए का काम सौंपा गया तो सबने मान लिया था अब देश से नक्सलियों का सफाया संभव है क्योंकि यह काम अमित शाह कर रहे हैं और छत्तीसगढ़ में उनकी योजना के अनुसार काम होने से साफ भी हो गया है कि छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया असंभव समझा जाता था वह आज संभव लगता है क्योंकि आंकड़े इस पुष्टि करते हैं।साय सरकार के एक साल में नक्सलियों के खिलाफ योजना बनाकर नक्सलियों के सफाए का जो अभियान चलाया गया है वह सफल रहा है क्योंकि नक्सलियों से अपील की गई कि वह सरेंडर करें नहीं तो मारे जाएंगे। सिर्फ अपील ही नहीं की गई नक्सलियों को उनके सुरक्षित इलाकों में घुसकर मारा भी गया और नक्सलियों को यह संदेश दे दिया कि साय सरकार के समय जो कहा जाता है वह करके भी दिखाया जाता है। नक्सलियों को उनके सुरक्षित ठिकानों में घुसकर मारने का यह असर हुआ कि नक्सलियों का पहली बार ऐसा लगा कि वह अपने ठिकानों में भी सुरक्षित है,वह सुरक्षित ठिकानों में भी मारे जा सकते हैं, इस मारे जाने के खौफ के कारण ही जितने नक्सली मारे गए है, उससे कहीं ज्यादा नक्सलियों ने सरेंडर किया है। पुलिस नक्सलियों के सरेंडर करने का इंतजार नहीं करती है, उसने नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए पूरा प्रयास किया इसी का परिणाम है आज सरेंडर व गिरफ्तार होने वाले नक्सलियों की संख्या 1000 है तो सरेंडर करने वाले नक्सलियों की संख्या 837 है और मारे जाने वाले नक्सलियों की संख्या 287 हो गई है। इससे पहले किसी सरकार के समय इतने नक्सलियों ने तो सरेंडर किया था, न ही गिरफ्तार किए जा सके थे न ही मारे जा सके थे। बड़ी सफलता तब ही मिलती है जब बड़ी योजना बनाई जाती है। बड़ा लक्ष्य तय किया जाता है। साय से समय नक्सलियों के सफाए की योजना इतनी सफल इसलिए रही कि सरकार नक्सलियों के इलाके में पुलिस कैंपों की स्थापना करने में सफल रही। इससे नक्सलियों की गतिविधियां पहले की तरह नहीं चलाई जा सकीं। लोगों में सुरक्षाबलों के प्रति भरोसा बढ़ा यह भरोसा कई तरह से प्रयास कर बढ़ाया गया, नियद नेल्लानार योजना की इसमें अहम भूमिका रही, एक ओर नक्सलियों का सफाया किया गया तो दूसरी तरफ कई तरह की योजनाओं से गांवों के लोगों को लाभान्वित किया गया। इससे पुलिस व सुरक्षा बलों को नक्सलियों के मूवमेंट की जानकारी मिलने लगी और वह सही समय पर नक्सलियों की घेराबंदी कर कई सफल अभियान को अंजाम देने में सफल रही है। नक्सली के सुरक्षित ठिकानों में सुरक्षा कैंप खुलने का यह फायदा हुआ है कि उनकी दहशत कम हुई है और लोगों में पुलिस व सुरक्षा बलों के प्रति विश्वास बढ़ा है कि यह हमारी सुरक्षा कर सकते है, नक्सलियों का सफाया होने से क्षेत्र का विकास होगा ऐसा भरोसा भी अब लोगों में पैदा हो रहा है। अमित शाह देश के पहले गृहमंत्री है जो जवानों के साथ कैंप में समय बिताते हैं। इससे जवानों का हौसला और बढ़ता है तथा वह नक्सलियों का सफाया और उत्साह से करते हैं। यही नहीं वह नक्सलवाद के खात्मे के लिए अब स्थानीय लोगों, युवाओ,समाज प्रमुखों, जानजातीय लोगों के साथ नक्सल पीड़ितों से मिलते है, सबकी सुनते हैं, सबकी समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिलाते हैं, शाह जानते हैं कि कोई भी काम तब ही सफल होता है जब उसमें सबकी सक्रिय भागीदारी होती है। इसलिए शाह जब भी राज्य का दौरा करते हैं तो उनकी कोशिश होती है कि नक्सलियों के सफाए में जितने ज्यादा लोगों की भागीदारी हो सकती है, करने की कोशिश की जाए। इससे आने वाले समय निश्चित रूप से नक्सलियों के सफाए में मदद मिलेगी।

विश्लेषण

# बांग्लादेश में हिंदू निशाने पर! कब सुधरेंगे हालात ?

मनोज कुमार अग्रवाल



बांग्लादेश में युनूस सरकार कट्टरपंथी तत्वों के बेहद दबाव में है यही वजह है कि वहां अल्पसंख्यक खास कर हिन्दू समुदाय का जीवन दुश्वार हो गया है। बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के मामले में बांग्लादेश सरकार ने एक्शन लेने की शुरूआत की है. मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने ऐसे 4 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन पर हिंदू मंदिर और हिंदू समुदाय के लोगों के घरों में तोड़फोड़ करने का आरोप है। हालांकि जानकार लोग इस कार्रवाई को महज खानापूर्ति बता रहे हैं वहां पुलिस और सेना की मौजूदगी में हिन्दू समुदाय के लोगों पर कट्टरपंथी कहर ढा रहे हैं।

आप को बता दें कि बांग्लादेश की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने 4 आरोपियों की गिरफ्तारी उत्तरी बांग्लादेश के सुनामगंज जिले से की है. पुलिस ने 12 नामजद लोगों के अलावा 150 से 170 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है. पकड़ गए चारों आरोपियों के नाम अलीम हुसैन (19), सुल्तान अहमद राजू (20), इमरान हुसैन (31) और शाहजहां हुसैन (20) बताए जा रहे हैं. इन पर सुनामगंज जिले के दोराबाजार इलाके में तोड़फोड़ करने का आरोप है.दें कि 3 दिसंबर को बांग्लादेश के सुनामगंज जिले के आकाश दास ने एक फेसबुक पोस्ट किया था. इस पोस्ट के बाद जिले में तनाव पैदा हो गया था. हालांकि, आकाश ने बाद में पोस्ट डिलीट कर दिया था. लेकिन, उपद्रवियों ने पोस्ट के स्क्रीनशॉट शेयर करने शुरू कर दिए थे, जिसके कारण इलाके में हिंसा भड़क गई थी।

हाल ही में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि हम बांग्लादेश सरकार से उम्मीद करते हैं कि वो अल्पसंख्यकों की सुरक्षा देगी। वहां अल्पसंख्यकों के साथ जो कुछ भी किया जा रहा है वो परेशान करने वाला है।

एस जयशंकर का यह बयान उस वक्त आया जब गुरुवार को एक 17 साल की हिंदू बांग्लादेशी लड़की नदी तैरकर अवैध रूप से भारत में घुस गई थी। इस लड़की का कहना था कि इस्कॉन भक्त होने की वजह से उसे वहां कट्टरपंथी परेशान कर रहे थे।

विदित है कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद से हिंदुओं के खिलाफ धार्मिक हिंसा के मामले लगातार बढ़े हैं। 'सेंटर फॉर डेमोक्रेसी, प्लुरलिज्म एंड ह्यूमन राइट्स' की रिपोर्ट के मुताबिक 5 से 9 अगस्त के बीच ही बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ लूटपाट की 190 घटनाएं सामने आई थीं।साथ ही 32 घरों में आगजनी, 16 मंदिरों में तोड़-फोड़ और यौन हिंसा के 2 मामले सामने आए थे। रिपोर्ट के मुताबिक 20 अगस्त तक हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के कुल 2010 मामले सामने आए। हिंदू परिवारों पर हमले के 157 और मंदिरों के अपमान के 69 मामले शामिल थे। दुर्गा पूजा के दौरान भी बांग्लादेश में पंडालों को निशाना बनाया गया था। इसके अलावा मूर्तियों को खंडित करने की कई घटनाएं भी दर्ज की गई थीं।

कुछ दिन पहले बांग्लादेश के ढाका में इस्कॉन नमहट्टा सेंटर को जला दिया गया था। हमले में श्री श्री लक्ष्मी नारायण देवता की मूर्तियों समेत मंदिर का सामान पूरी तरह से जल गया था। राजद्रोह के आरोप में यूनुस सरकार ने इस्कॉन संत चिन्मय कृष्ण दास को 25 नवंबर को गिरफ्तार किया था। चिन्मय प्रभु पर उनकी एक रैली के दौरान नेशनल फ्लैग (राष्ट्रध्वज) के अपमान का आरोप लगा था। ये रैली 25 अक्टूबर को चटगांव के लाल दीघी मैदान में हुई थी।ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने पोस्ट करने वाले आकाश दास को उसी दिन हिरासत में ले लिया था. पोस्ट से भड़के उपद्रवियों ने उसे उसी दिन पुलिस की हिरासत से छीनने को कोशिश भी की थी. हालांकि, सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने आकाश को दोराबाजार की जगह सदर पुलिस स्टेशन में ट्रांसफर कर दिया था. गुस्साए उपद्रवियों ने उस दिन ही लोकनाथ मंदिर और हिंदू समुदाय के घरों-दुकानों पर हमला किया था। बता दें कि भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध उस समय तनावपूर्ण हो गए थे, जब शेख हसीना 5 अगस्त को छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के बाद देश छोड़कर भारत आ गई थीं. हसीना के बांग्लादेश छोड़ने के बाद वहां मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार सत्ता संभाल रही है.बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद हिंदुओं पर हमले एकदम से बढ़ गए हैं. वहां, हिंतुओं और खासतौर पर इस्कॉन के सदस्यों को निशाना बनाया जा रहा है. कुछ दिनों पहले बांग्लादेश की पुलिस ने बांग्लादेश सम्मिलिता सनातनी जागरण जोत संगठन के प्रवक्ता हिंदू भिक्षु चिन्मय कृष्ण दास को भी गिरफ्तार कर लिया था, जो अब भी जेल में हैं। रैली के बाद इठढ नेता फिरोज खान ने चिन्मय प्रभु और अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। दरअसल रैली के दौरान कुछ लोगों ने आजादी स्तंभ पर बांग्लादेश के नेशनल फ्लैग से ऊपर सनातन जागरण मंच का ध्वज फहरा दिया था। बांग्लादेश में नेशनल फ्लैग से ऊपर कोई और फ्लैग फहराना देशद्रोह माना जाता है।

संत चिन्मय कृष्ण दास ने बांग्लादेशी हिंदुओं पर हुए अत्याचार के खिलाफ लोगों को एकजुट किया था।चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी के बाद चटगांव में हिंसा




फैल गई थी। इस हिंसा में एक वकील की भी मौत हुई थी। वकील की मौत के बाद एक बार फिर चिन्मय प्रभु और अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में 164 नामजद और लगभग 500 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। इस्कॉन पर बैन लगाने के लिए केस भी दायर बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार गिरने के बाद हिंदू आबादी निशाने पर है। मंदिरों पर हमले हो रहे हैं। हिंदू नेताओं को धमकियां मिल रही हैं। कट्टरपंथी मुस्लिम इस्कॉन पर बैन लगाना चाहते हैं। इसे लेकर केस भी दायर किए गए हैं। बांग्लादेश सरकार द्वारा हिन्दुओं पर हमले के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भारत और विश्व के कई देशों में बांग्लादेश के हिंदुओं पर हो रही हिंसा के विरोध को देखते हुए नामचार कारवाई की है ताकि बढ़ती असंतोष को कम किया जा सके। हकीकत यह है कि बांग्लादेश की युनूस सरकार पूरी तरह कट्टरपंथी लोगों के दबाव में है और हिन्दुओं को संरक्षण देने में नाकाम रही है। भारत सरकार अभी सिर्फ अनुकूल स्थिति का इंतजार कर रही है निकट भविष्य में बांग्लादेश को सबक सिखा सकती है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको किसी बात के लिए झूठा साबित किया जा सकता है। यदि ऐसा हो, तो आपस उसमें अपनी बात लोगों के सामने अवश्य रखें। आपका बिजनेस पहले से ग्रो करेगा, जो आपको खुशी देगा। कोई सरकारी टेंडर आपको मिल सकता है। धन संबंधित काम को लेकर अपनी माताजी से बातचीत कर सकते हैं।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए समस्याओं पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आप इधर-उधर के कामों पर ज्यादा ध्यान लगाएंगे, जिससे आपके कामों के लटकने की संभावना है। आपको अपनी योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। किसी नए काम की शुरूआत करने से पहले आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर न करें, नहीं तो कोई इसका फायदा उठा सकता है। यदि आपने किसी से कुछ कर्ज लिया था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतारने की कोशिश करेंगे।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए सोच समझ कर कामों को करने के लिए रहेगा। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। राजनीति में कार्यरत लोगों को उनके कामों के लिए कोई पुरस्कार मिल सकता है, उन्हें किसी बड़े नेता से भी मिलने का मौका मिलेगा। संतान पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, जिसे देखकर आपको खुशी होगी। संतान कोई स्कॉलरशिप से संबंधित एग्जाम की भी तैयारी कर सकती है। आपको किसी प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट करने की योजना बना सकते हैं।

कर्क- आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है। दीर्घकालीन योजना को गति मिलेगी। आपको कोई पुरस्कार मिलने से आपका मन खुश रहेगा। पिताजी को आपके किसी किए गए काम पर गर्व होगा। आपके परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल प्रसन्न रहेगा। आपको अपने कामों में सूझबूझ दिखाकर आगे बढ़ना होगा, तभी वह समय से पूरे हो सकेंगे।

सिंह- आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपकी कोई सहयोगी आपके कामों में आपका पूरा साथ देगी। यदि आप नौकरी बदलने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो आपको कोई ऑफर आ सकता है। यदि आपने किसी प्रॉपर्टी को लेकर कोई लोन अप्लाई किया है, तो उसके लिए आपको मिलने की पूरी संभावना है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपको किसी कानूनी मामले में थोड़ी टेंशन रहेगी।

कन्या- आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे। घर में किसी मांगलिक कार्यक्रम की आप योजना बना सकते हैं। संतान की शिक्षा को लेकर आप उनके गुरुजनों से बातचीत करेंगे, क्योंकि उनके मनमाने व्यवहार के कारण आपको थोड़ी टेंशन रहेगी। आप अपने कामों को लेकर अपने पिताजी से कोई मदद ले सकते हैं। कोई इंवेस्टमेंट आप सोच समझकर करें, तो बेहतर रहेगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपकी मेहनत रंग लाएगी और आपको अपने पिताजी की कोई बात लग बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। यदि आपने किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाई, तो उसका पूरा होने में आपको समस्या अवश्य आएगी। आपको अपने किसी मित्र से लड़ाई झगड़ा होने की संभावना है, इसलिए आप दूरी बनाकर रखे तो बेहतर रहेगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने किसी सहयोगी से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी माता जी आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकती हैं। आपको कार्यक्षेत्र में कोई पुरस्कार मिलने से आपका मन खुश रहेगा। आपके परिवार में आज जश्न का आयोजन हो सकता है। आपको अपने किसी परिजन से कोई बात सोच समझ कर करनी होगी, क्योंकि उसे पूरा करने में आपको समस्या आएगी।

धनु- आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। यदि आपका कोई काम धन को लेकर रुका हुआ था, तो उसके भी पूरा होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में भी आपको प्रमोशन जैसी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आप अपने घर की साफ-सफाई व रखरखाव पर पूरा ध्यान देंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी को लेकर कहीं लॉन्ग ड्राइव पर जाने की योजना बना सकते हैं।

मकर- आज का दिन आपके लिए सेहत में उतार चढ़ाव भरा रहने वाला है। आपकी कोई पुरानी समस्याओं उभर सकती हैं। आप काम को लेकर कहीं बाहर जाने की प्लानिंग करेंगे। जीवनसाथी से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर होगी। आपके परिवार में कोई समस्या फिर से उभर सकती है, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी। अपने माताजी से मन की बात कहने का मौका मिलेगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरूआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपको अपने कामों में तरक्की को लेकर परिवार के सदस्य भी खुश रहेंगे। विद्यार्थियों ने यदि किसी परीक्षा को दिया था, तो उसके परिणाम बेहतर आ सकते हैं। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की साख चारों ओर फैलेगी, क्योंकि उनके कामों से उन्हें कोई नहीं पहचान मिलेगी। आपको अपने किसी मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा, जिसमें आप पुराने गिले शिकवे न उखाड़े।

मीन- आज का दिन आपके लिए सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि लेकर लेकर आने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको अपने ज्ञान को केंद्रित करके कामों को करना होग। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेंगी। आप किसी के प्रति ईर्ष्या की भावना ना रखें। किसी काम को लेकर यदि आपने जल्दबाजी दिखाई, तो गड़बड़ी हो सकती है।

## स्मार्ट शहर, स्मार्ट लोग, स्मार्ट फैसले!

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

कुछ दिन पहले हमारे इलाके में एक नये किस्म के अत्याधुनिक और स्मार्ट नगर निगम का गठन हुआ। जब मैंने सुना कि नगर निगम में नई नियुक्तियाँ की गई हैं, तो मैं हैरान रह गया। कभी सोचा नहीं था कि नगर निगम में लोगों की पगार बढ़ाने के अलावा कोई काम भी किया जाता है। मैंने कुछ अधिकारियों से जानने की कोशिश की, तो बताया गया कि इनके बिना नगर निगम की कार्यशैली पर कोई विश्वास नहीं कर पाता, और यही कारण है कि इनको नियुक्त किया गया है। नगर निगम में एक ऐसे सदस्य को भी रखा गया था, जो कभी नगर निगम की सीमा के बाहर कदम नहीं रखा था। कारण? अब आप सोचिए, ऐसे लोग तो एक अच्छा परिप्रेक्ष्य ला सकते हैं, जिनका नगर निगम से कोई वास्ता नहीं है। इन सब से भी ज्यादा हैरान करने वाली बात यह थी कि इस समिति में एक सदस्य ऐसा भी था, जो पूरी जिंदगी बिना किसी अवकाश के अपने घर में पड़ा रहा और कभी कोई कार्य नहीं किया। जब मैंने पूछा कि उन्हें क्यों शामिल किया गया, तो जवाब मिला, क्योंकि उनका नाम अचानक ही बहुत चर्चित हो गया है, इसलिए इनकी उपस्थिति जरूरी हो गया। फिर मुझे बताया गया कि एक सदस्य ऐसा भी है, जो न तो सुन सकता है, न ही देख सकता है, फिर भी नगर निगम का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह भूतिया सदस्य नगर निगम के कार्यों को निर्णय की दृष्टि से देखता है। सबसे मजेदार बात यह है कि इस सदस्य के निर्णय के बिना नगर निगम के सारे काम अधूरे रह जाते हैं। शहर के लोग अपने कार्यों के लिए न केवल सरकारी विभागों से, बल्कि इस सदस्य के चमत्कारी निर्णयों से भी प्रभावित होते थे। अब सवाल यह था कि अगर नगर निगम में सभी लोग नहीं देख सकते या सुन सकते, तो शहर में क्या हो रहा है? मैंने शहर की स्थिति पर चिंता व्यक्त की, तो बताया गया, यह सब तो आम बात है, ऐसे ही तो शहर काम करते हैं, क्योंकि अंधे-बहरे लोगों के फैसले कभी गलत नहीं हो सकते। अब अगर किसी गलती से हम किसी सड़क को न बनवायें तो हमारी गलती नहीं, बल्कि समाज की है। हमें तो उसकी अनदेखी करनी पड़ती है। नगर निगम में एक सदस्य ऐसा भी था जो कि प्रोफेसर था। वह प्रोफेसर शायद नगर निगम के लोगों के लिए किसी भी प्रकार के फेंकू लफ्फेबाजी का पर्यायवाची हो सकते हैं, परंतु यहाँ उनके काम का जरा ध्यान से आंकलन किया गया। सवाल पूछा गया कि उन्हें क्यों शामिल किया गया है? जवाब मिला, इनकी उपस्थिति इसीलिए आवश्यक है क्योंकि नगर निगम की फाइलों में संतुलन बना रहे, जैसे आचार्य खुद अपनी उपस्थिति से बहुत बड़ी फाइल की संतुलन बना देते हैं। अब एक और नए सदस्य को जोड़ दिया गया झ वह भी चिकित्सक को, परंतु उनका कार्य केवल यह था कि वो यह जाँचें कि हर सड़क, गली, और पार्क में किसी तरह का कोई स्वास्थ्य संकट तो उत्पन्न नहीं हो रहा। जब मैंने पूछा, यह कैसा सा डॉक्टर है? तो उत्तर मिला, यह डॉक्टर सिर्फ सड़कों और भवनों के स्वास्थ्य की देखभाल करता है। क्या समझे आप? नगर निगम में सबसे शातिर सदस्य वह था, जो जानवरों के डॉक्टर के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई थी कि वह इस बात की निगरानी रखें कि शहर की सड़कों पर दौड़ते कुत्ते, गाय, और बिल्लियाँ स्वस्थ हैं या नहीं। अब आप ही सोचिए, इस महान विचारशीलता के पीछे कौन सा महान उद्देश्य छिपा होगा? फिर एक और हस्ती आई झ वह थे हमारे शहर के प्रसिद्ध हाथी नाई। जब पूछा गया कि उन्हें क्यों शामिल किया गया, तो बताया गया, अरे भाई, क्या तुम नहीं समझते, फिल्मों में तो हर व्यक्ति के बालों का बड़ा ही महत्व है। और जब नगर निगम की सड़कों पर बवाल बढ़ते हैं, तो इनको ठीक करने के लिए नाई की आवश्यकता होती है। मैंने पूछा, सिर्फ बवाल ही क्यों? तो जवाब मिला, अरे भाई, बवाल ही तो सब कुछ है। नगर निगम के हर कार्य में बवालों का होता है। ये नाई बड़े काम के आदमी हैं। जब मैंने अब तक के सभी फैसलों और सदस्यों का विश्लेषण किया, तो पाया कि यह किसी अजीब प्रयोग से कम नहीं था। नगर निगम में काम करने वाले सभी सदस्य किसी न किसी प्रकार के अजीब-ओ-गरीब लोग थे। एक ने अपने विशेष क्षेत्र में उत्कृष्टता प्रमाणित की थी और दूसरे ने अपने योगदान को अवश्य ही प्रमाणित किया। ऐसे ही कुछ सदस्य नगर निगम की कार्यशैली को अत्याधुनिक और स्मार्ट बनाने के लिए चुने गए थे। अब जब मैं सब कुछ समझ गया हूँ, तो मुझे पता लगा कि नगर निगम के गठन में कितनी दूरदर्शिता से काम लिया गया है। काफी संतुलित और स्मार्ट बोर्ड का गठन हो पाया था।

## अंतरराष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस

# अल्पसंख्यक के नाम पर राजनीति ज्यादा खतरनाक

ललित गर्ग

अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पहली बार 18 दिसंबर 1992 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा, राष्ट्र निर्माण में योगदान के रूप में चिन्हित कर अल्पसंख्यकों के क्षेत्र विशेष में ही उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि की सुरक्षा को सुनिश्चित करने एवं समाज को जागृत करने हेतु मनाया जाता है। इस साल थीम ह्यविविधता और समावेश का जश्न मनानाह्व है। इसका उद्देश्य भारत के अल्पसंख्यकों की समावेशिता और विविधता को बढ़ावा देना है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि अल्पसंख्यक के अधिकार सिर्फ. आकांक्षाएं नहीं हैं, बल्कि बेहतर भविष्य के लिए लोगों और समुदायों को सशक्त बनाने का एक व्यावहारिक तरीका भी हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अल्पसंख्यकों की परिभाषा दी है कि ऐसा समुदाय जिसका सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से कोई प्रभाव न हो और जिसकी आबादी नगण्य हो, उसे अल्पसंख्यक कहा जाएगा। भारत में, इस दिन राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) द्वारा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। यह दिवस राष्ट्रीय या जातीय, धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों से संबंधित व्यक्तियों के अधिकारों की घोषणा को जीवंतता प्रदान करने का दिवस है। भारत में केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों के गैर-भेदभाव और समानता के अधिकारों की गारंटी के प्रयास सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध है। इस दिन, देश के अल्पसंख्यक समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों और मुद्दों पर ध्यान खींचा जाता है। लोग धार्मिक, सांस्कृतिक, भाषाई और जातीय अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने की बात करते हैं।

भारत ह्यलोकतंत्र की जननीह्व कहलाता है, यहां के लोकतंत्र को खुबसूरती प्रदान करने के लिये भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है और भाषाई, जातीय, सांस्कृतिक और धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई उपक्रम एवं प्रयोग करता है। सरकार उन लोगों का गंभीरता एवं समानता से ख्याल रखती है जो अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के लोगों सहित उनकी जाति, संस्कृति और समुदाय के बावजूद आर्थिक या सामाजिक रूप से वंचित लोग हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रत्येक राष्ट्र में अलग-अलग जातीय, भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यक समूह होते हैं। भारत में अनेक अल्पसंख्यक समुदाय है। आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मणिपुर, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों ने अपने-अपने राज्यों में राज्य अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की, जो संविधान और संसद और राज्य विधानमंडलों द्वारा अधिनियमित कानूनों में दिए गए अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा और संरक्षण करते हैं। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस अल्पसंख्यकों के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव को खत्म करने के मकसद से मनाया जाता है। हालांकि, कानूनी रूप से भारत के संविधान में अल्पसंख्यक की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है लेकिन अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए संविधान के कई प्रावधान अनुच्छेद 29, 30 आदि हैं। अल्पसंख्यक शब्द अल्प और संख्यक दो शब्दों से बना है। जिसका मतलब दूसरों की तुलना में कम संख्या होना है। भारत में अल्पसंख्यकों में मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी शामिल हैं। जरूरत है कि अल्पसंख्यकों को नहीं बांटें और सत्य को नहीं ढकें। लोकतंत्र भारत की आत्मा है और उसकी रगों में लोकतंत्र रचा-बसा है। यहां सभी को समानता से जीने का अधिकार है, जाति, पंथ एवं धर्म के आधार पर किसी के साथ भेदभाव का कोई सवाल ही नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के कल्याण एवं अधिकारों पर बल दिया है तभी उनकी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत पर चलती है। अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव के आरोप पर मोदी ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों में धर्म, जाति, उम्र या भू-भाग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। हमारी सरकार लोकतंत्र के मूल्यों के आधार पर बने संविधान के आधार पर चलती है तो पक्षपात का कोई सवाल ही नहीं उठता है। ह्यसबकाह्व शब्द में सभी अल्पसंख्यक वर्ग को सम्मिलित करने का भाव है, मोदी सरकार ने अपने नए नारे के साथ ये एहसास दिलाने का प्रयास किया है कि अल्पसंख्यक समुदाय का भी विश्वास अर्जित करने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। तीन तलाक के विरुद्ध कानून लाकर अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को बहुसंख्यक समाज के महिला के बराबर बताने की कोशिश ऐसा ही प्रयास है। भारत की माटी ने ह्यवसुधैव कुटुम्बकमह्व का उद्घोष करके सभी प्राणियों के सुखी एवं समृद्ध होने की कामना की है। यहां अल्पसंख्यकों के साथ इसी उद्घोष की भांति उदात्तता बरती जाती है। महात्मा गांधी ने कहा भी है कि किसी राष्ट्र की महानता इस बात से मापी जाती है कि वह अपने सबसे कमजोर नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार करता है।ह्व इस दृष्टि से आजादी के बाद की सभी सरकारों ने अल्पसंख्यकों के साथ उदात्त एवं कल्याणकारी दृष्टिकोण अपनाया है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों ने अपने स्वार्थों के लिये अल्पसंख्यकों को गुमराह किया है, साम्प्रदायिक उन्माद पैदा किया है। जिससे भारत के लोकतंत्र पर लाल और काले धब्बे लगते गये हैं। इन्हीं संकीर्ण एवं साम्प्रदायिकता की राजनीति करने वाले दलों ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की बजाय उनको वोट बैंक मानकर उनके वास्तविक अधिकारों की अनदेखी की है। ऐसे राजनेताओं ने अल्पसंख्यकों का जीवन खतरे में है, कहकर उन्हें उकसाया है, राष्ट्र की मूलधारा से अलग-थलग करने की कोशिश की है, लेकिन मोदी सरकार ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की अनेक बहुआयामी योजनाओं एवं नीतियों को लागू कर इन तथाकथित नेताओं की जुबान पर ताला लगा दिया है। सच कहा जाये तो देश में अल्पसंख्यक खतरे में नहीं हैं, अल्पसंख्यकों के नाम पर राजनीति करने वाले खतरे में हैं।

भारत विविध संस्कृतियों और समुदायों का देश है, यही इसका सौन्दर्य है। एक या अधिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव और जबरन आत्मसात करने से समृद्ध और ऐतिहासिक संस्कृतियों, भाषाओं और धर्मों का नुकसान हो सकता है जिन्होंने सदियों से भारत में अपनी विरासत संभाली है। विशिष्ट भारतीय समुदायों की सांस्कृतिक रूप से विविध पहचान को केवल अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करके ही बरकरार रखा जा सकता है। भारतीय सामाजिक प्रथाओं में प्रत्येक संस्कृति और धर्म के प्रति सहिष्णु और सर्व-समावेशी रवैया शामिल है। भेदभाव, जबरन आत्मसातीकरण एवं धर्म-परिवर्तन समुदायों को खतरे में डालता है और भारतीय समाज के समग्र सार एवं उसके मूल स्वरूप को प्रभावित करता है। भेदभाव नफरत का सबसे खराब एवं वीभत्स रूप है। लोगों के एक समूह के खिलाफ उनकी भाषाई या सांस्कृतिक मान्यताओं के आधार पर हिंसक कार्रवाई करना किसी व्यक्ति के विवेक के लिए हानिकारक है। खतरा मन्दिरों, मस्जिदों, गिरजों और गुरुद्वारों को नहीं है। खतरा हमारी संस्कृति को है, हमारी सांस्कृतिक एकता को है, जो हमारी हजारों वर्षों से सिद्ध चरित्र की प्रतीक है। जो युगों और परिवर्तनों के कई दौरों की कसौटी पर खरा उतरा है। कोई बहुसंख्यक और कोई अल्पसंख्यक है, तो इस सच्चाई को स्वीकार करके रहना, अब तक हम क्यों नहीं सीख पाए? देश में अनेक धर्म के सम्प्रदाय हैं और उनमें सभी अल्पमत में हैं। वे भी तो जी रहे हैं। उन सबको वैधानिक अधिकार हैं तो नैतिक दायित्व भी हैं। देश, सरकार संविधान से चलते हैं, आस्था से नहीं। धर्म को सम्प्रदाय से ऊपर नहीं रख सके तो धर्म का सदैव गलत अर्थ निकलता रहेगा। धर्म तो संजीवनी है, जिसे विष के रूप में प्रयोग किया जा रहा है।

# स्थानांतरण के बाद भी पीडबल्यूडी के कार्यपालन अभियंता नहीं छोड़ रहे कुर्सी

- अंगद की तरह सालों से जमे मलाईदार जिला नहीं छोड़ना चाहते अधिकारी
- बेलगाम अफसर शासन का आदेश भी मानने से कर रहे इंकार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 17 दिसंबर।** एक समय था जब किसी अफसर का स्थानांतरण दुसरे जिले से दंतेवाडा, सुकमा, बीजापुर अथवा नारायणपुर हो जाता था तो अधिकारी यहां नक्सलभय वजह से आना नहीं चाहते थे और डर से स्थानांतरण केंसल करवा लेते थे मगर आज माहौल पूरी तरह से बदल गया है। दंतेवाड़ा जिले से किसी अन्यत्र जिले में किसी अधिकारी का अटैचमेंट या स्थानांतरण होने पर भी अब अधिकारी दंतेवाड़ा छोड़ना नहीं चाहते क्योंकि बस्तर संभाग का दंतेवाड़ा, बीजापुर तथा सुकमा जिला मलाईदार जिला है इसलिए अधिकारी ऐन केन प्रकारेण अपना ट्रांसफर केंसल करवा यहीं रहना चाहता है।

ताजा मामला लोक निर्माण विभाग का देखने में आया है। शासन ने 30 नवंबर 2024 को विभाग में बड़े स्तर पर स्थानांतरण लिस्ट जारी किया था जिसमें दंतेवाड़ा लोक निर्माण विभाग में पिछले 3 वर्षो से जमे कार्यपालन अभियंता शिवलाल ठाकुर का भी स्थानांतरण किया गया है। श्री ठाकुर का स्थानांतरण दंतेवाड़ा से रायपुर कर दिया गया है। वहीं गुण्डरदेही के एसडीओ भोज कुमार गोठी को दंतेवाड़ा पीडबलूडी का कार्यपालन अभियंता के पद स्थानांतरण कर पदस्थ किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक करीब स्थानांतरण आदेश जारी होने के तीन दिन बाद ही गुण्डरदेही के एसडीओ भोज कुमार गोठी ने दंतेवाड़ा पहुंच कार्यपालन यंत्री का एक तरफा पदभार भी ले लिया वहीं दुसरी ओर वर्तमान कार्यपालन अभियंता शिवलाल ठाकुर ने नए अभियंता श्री गोठी को अपना चार्ज नहीं सौंपा और आज 17 दिसंबर है अब तक कुर्सी पर जमे हुए हैं। ईधर नए कार्यपालन अभियंता श्री गोठी कई दिनों के इंतजार करने के बाद भी जब उन्हें चार्ज नहीं सौंपा गया तो वो बेबस होकर वापस लौट गए। ये स्थिति दंतेवाड़ा के पीडबल्यूडी के कार्यपालन अभियंता शिवलाल ठाकुर की है कि वे शासन के आदेश को भी मानने से साफ इनकार कर रहे हैं और कुर्सी छोड़ना नहीं चाह रहे। अमूमन इस तरह की स्थिति कई अन्य विभागों में भी पूर्व में देखने को आया है कि अधिकारी ट्रांसफर होने के बाद भी चार्ज नहीं सौंपते और कुर्सी बचाने राजधानी तक दौड़ लगाना शुरू कर देते हैं। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री ठाकुर भी यहां से जाना नहीं चाहते और वे अपना स्थानांतरण केंसल करवाने की जुगत में हैं और साम, दाम, दण्ड भेद की जोर आजमाईश में लगे हैं। जानकारी मिली है कि वे मंत्रालय तक भी गए हैं और मंत्रियों से मिलकर एक साल और दंतेवाड़ा रहने देने की याचना कर रहे हैं। बता दें कि अधिकारी मलाईदार जिले को छोड़ना नहीं चाहते ज्यादा समय तक एक ही जिले में पदस्थ रहने से अमूमन ऐसी स्थिति निर्मित होती है। लिहाजा स्थानांतरण नीति का पालन करते हुए शासन को तय समय में ही अधिकारी/कर्मचारियों का स्थानांतरण करते रहना चाहिए जिससे कि संतुलन बना रहे। प्रदेश की जनता ये जानना चाहती है और अधिकारियों व चुने गए मंत्रियों से पुछना भी चाहती है कि स्थानांतरण होने के बाद भी आखिर अधिकारी शासन के आदेश को क्यों नहीं मानते और वे सालों तक एक ही जिले में क्यों रहना चाहते हैं?

## एक नजर

### छेड़छाड़ के आरोप में लेखापाल गिरफ्तार,कलेक्टर ने किया निलंबित

**सुकमा, 17 दिसंबर।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के आदेशानुसार जिला चिकित्सालय सुकमा के लेखापाल श्री दीपक सिंह सेंगर को भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत् महिला से छेड़छाड़ प्रकरण में गिरफ्तार किये जाने के फलस्वरूप, छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के उपनियम 9 के तहत् पुलिस अभिरक्षा में निरुद्ध किये जाने एवं शासकीय सेवकों के अशोभनीय व्यवहार के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। जारी आदेशानुसार निलंबन अवधि में श्री सेंगर को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता होगी एवं उनका मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छिंदगढ़ नियत किया गया है।

### गुरु घासीदास जयंती 18 दिसंबर को शुष्क दिवस घोषित

**सुकमा, 17 दिसंबर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुकमा श्री देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा जारी आदेशानुसार छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 62 तथा छत्तीसगढ़ आबकारी देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2002 के तहत वर्ष 2024-25 के देशी-विदेशी मदिरा लायसेंस शर्त की कंडिका-16 (16.1) के तहत् दिनांक 18 दिसम्बर 2024 को गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उपरोक्त दिवस को जिला-सुकमा की समस्त देशी-विदशी मदिरा दुकान सी.एस. 2 (द्य), एवं विदेशी दुकान एफ.एल. । (घघ) एवं सी.एस.2 (ग-अहाता) सुकमा तथा एफ.एल. 7 सैनिक केन्टीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णतः बंद रहेगी। इस दिन जिले की समस्त देशी-विदेशी मदिरा की दुकानें बंद रखी जायेंगी।

### प्लेसमेंट कर्मचारियों की चार मांगें जायज मुख्यमंत्री विचार कर हल करें:मनीष कुंजाम

**सुकमा 17 दिसंबर।** जिले के छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करें -पूर्व विधायक मनीष छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ द्वारा अनिश्चितकालीन आंदोलन पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। उनका यह आंदोलन 19 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ है। उनकी चार सूत्रीय मांग है। मैं उनकी धरना में गया था,उनकी समस्याओं को जानने की कोशिश किया। दरअसल इन कर्मियों के कर्ताधर्ता ठेकेदार है, दरअसल में ठेकेदार के कर्मचारी है, इस कारण शासन के बहुत से ऐसे कर्मियों के लिए समय-समय पर घोषित स्कीमों का लाभ नही मिलता है, एक निश्चित दर ( कलेक्टर दर) ही हर माह इन्हें नशीब होता है। 8 हजार रूपयें मिलता है, इतने कम में इस महगांई में गुजारा मुश्किल है, बच्चों को पढ़ाना कठिन है, अन्य खर्चे तो है ही । इस दृष्टि से इनकी मांगें एक दम जायज है। विभाग के दायरे में इन कर्मियों को तो लाया जा सकता है।



### नगरीय निकायों के वार्डों में आरक्षण की तिथि में किया गया संशोधन

**उत्तर बस्तर कांकेर 17 दिसम्बर।** नगरपालिका परिषद/नगर पंचायत निर्वाचन 2024 (नगर पंचायत नरहरपुर को छोड़कर) हेतु जिले के नगरीय निकायों के वार्डों का आरक्षण विहित प्राधिकारी कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने नगरीय निकायों के वार्डो में आरक्षण की कार्यवाही के लिए पूर्व में निर्धारित तिथि 17 दिसम्बर में संशोधन किया है। स्थानीय निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्डों का आरक्षण की कार्यवाही अब 19 दिसम्बर को दोपहर 02 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में की जाएगी।

### कलेक्टर ने राइस मिलर्स बैठक लेकर धान का उठाव जल्द करने को कहा

**उत्तर बस्तर कांकेर, 17 दिसंबर।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने जले के राईस मिलर्स की बैठक लेकर धान उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव जल्द से जल्द करने के लिए कहा, ताकि जाम की स्थिति निर्मित न होने पाए। कलेक्टर ने समितियों में उचित रख-रखाव एवं समितियों में बारदाना पहुंचाने तथा अनुबंध निष्पादन कर मिलिंग की गति में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही मिलरों को कस्टम मिलिंग का कार्य शीघ्रता से करने के लिए कहा, ताकि धान की आवक के साथ-साथ मिलिंग बाधित न हो। उन्होंने मिलर्स से कहा कि वे अपनी मिलिंग क्षमता का पूर्ण उपयोग करें। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि पूर्व वर्ष 2023-24 में भारतीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम का शेष चावल जमा किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 176642 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसमें कांकेर के धान का मिलरों 3875 मीट्रिक टन का डी.ओ. जारी हो चुका है, जिसका उठाव प्रगति पर है।

### नक्सली कमांडर हिड़मा के इलाके गोल्लाकुंडा में सुरक्षाबलों ने खोला कैंप

**सुकमा 17 दिसंबर।** सुकमा और बीजापुर जिले की सरहद पर नक्सली कमांडर हिड़मा के इलाके गोल्लाकुंडा में सुरक्षाबलों ने आज शनिवार को कैंप खोल दिया है। नक्सल उन्मूलन के रणनीति के लिहाज से यह नवीन कैंप उस इलाके का सबसे महत्त्वपूर्ण कैंप माना जा रहा है। इस इलाके में नक्सलियों की सबसे मजबूत बटालियन नंबर-1 और पामेड़ एरिया कमेटी सक्रिय है। अब इस इलाके पर सैकड़ों जवानों का डेरा रहेगा। बस्तर में इस वर्ष 2024 में बस्तर संभाग के अलग-अलग जिले में 25 नए कैंप खोले गए हैं। इनमें दंतेवाड़ा के नेरली घाटी, कांकेर के पानीडोबरी, बीजापुर के गुंडम, पुतकेल, छुटवही, नारायणपुर के कस्तूरमेटा, इरकभट्टी, मसपुर, मोहंदी, सुकमा के मुलेर, परिया, सलातोंग, टेकलगुडेम, पूवर्ती, लखापाल, पुलनपाड़ और अब गोल्लाकुंडा में कैंप खुला है। टेकलगुडम, पूवर्ती समेत उसके आस-पास के इलाके में कुछ महीने पहले तक नक्सलियों का कब्जा था। नक्सलियों का सबसे सुरक्षित ठिकाना था, लेकिन अब यहां फोर्स का कब्जा हो गया है। विदित हो कि कुछ दिन पहले झिड़पल्ली में भी कैंप की स्थापना की गई थी।

# एकल अभियान के तहत दंतेवाड़ा में नवीन आचार्यो का 10 दिवसीय अभ्यास वर्ग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 17 दिसंबर।** एकल अभियान अंचल बैलाडिला के तत्वाधान में 10 दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग नव निर्मित शुभ लग्न वाटिका भवन में लगाया जा रहा है जिसमें बैलाडिला अंचल क्षेत्र के अलग अलग गांवों से नवीन आचार्य दीदी एवं भईया अभ्यास वर्ग में शामिल होने उपस्थित हुए हैं। अभ्यास वर्ग 10 दिसंबर से प्रारंभ हुआ है जो आगामी 21 दिसंबर तक लगेगा। इस अभ्यास वर्ग में 30 आचार्य उपस्थित हुए हैं जिसमें 25 दीदी एवं 5 पुरूष आचार्य शामिल हैं। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष एकल अभियान के तहत गांव गांव में एकल विद्यालय के संचालन हेतु नवीन आचार्यो का अभ्यास वर्ग लगाया जाता है ताकि ग्रामीण अंचल में एकल विद्यालय में पढ़ने आने वाले बच्चों को भारतीय संस्कृति, संस्कार का सही ज्ञान मिल सके। हम ऐसा मानते हैं कि आज के बच्चे ही कल के भारत का उज्जवल भविष्य हैं इसलिए बच्चों को महान भारत देश की संस्कृति, संस्कार, शिक्षा दीक्षा का ज्ञान देना बेहद आवश्यक है इसी दिशा में एकल अभियान देश भर में सतत रूप से अपना योगदान देता रहता है। नवीन आचार्यो के अभ्यास वर्ग का प्रशिक्षण एकल अभियान बैलाडिला अंचल की प्रशिक्षिका श्रीमती कुसुम साहू द्वारा दिया जा रहा है। आज से दो दिवसीय अभ्यास वर्ग लगाने संभाग से संभाग प्रशिक्षण प्रमुख भागवत लाल नायक भी दंतेवाड़ा पहुंचेंगे जो 17 व 18 दिसंबर दो दिनों तक आचार्यो को अभ्यास वर्ग करवाएंगे। संभाग प्रमुख के बाद 20 दिसंबर को प्रभाग प्रशिक्षण प्रमुख जी वर्धन साहू भी आएंगें और आचार्यो को अभ्यास वर्ग से संबंधित मार्गदर्शन करेंगे। अभ्यास वर्ग की प्रमुख प्रशिक्षिका कुसुम साहू ने अभ्यास वर्ग के संबंध में जानकारी देते समय सारिणी के बारे में बताया कि अभ्यास वर्ग में पहुंचे सभी 30 आचार्यो का अभ्यास वर्ग की शुरूआत भोर में 4.30 बजे जागरण के साथ होता है। 5.30 से 6 बजे प्रातः स्मरण होता है उसके बाद 6.15 से 7.15 तक योग व्यायाम सिखाया जाता है। योग व्यायाम पश्चात 7.15 से 7.30 तक श्रमदान जिसमें परिसर के आसपास साफ सफाई करते हैं क्योंकि सफाई भी बहुत ज्यादा आवश्यक है जीवन में। श्रमदान के बाद स्नान होता है। तदोपरांत सुबह 7.30 बजे से 8.45 बजे तक नाश्ता का समय होता है। नाश्ता पश्चात 8.45 से 9 बजे तक वंदना करवाया जाता है। जिसके उपरांत 9 बजे से सत्र शुरू होता है सुबह से लेकर रात तक कुल 7 अलग अलग सत्र लगता है। आखरी सप्तम सत्र 9 से 10 बजे एक घंटे का होता है। दोपहर में 12.30 से 2.30 बजे तक भोजन विश्राम का होता है। अंतिम सप्तम सत्र समापन पश्चात रात्रि 10 बजे दीप मंत्र करवाया जाता है। इस तरह से हर रोज आचार्यो का अभ्या वर्ग लगाया जा रहा है। अभ्यास वर्ग में आचार्यो को बच्चों को विद्यालय में कैसे पढ़ाया जाए, शिक्षा, संस्कार, पंचमुखी शिक्षा के साथ साथ एक शिक्षा बच्चों के लिए तो चार शिक्षा गांव वालों के लिए की थीम पर अभ्यास करवाया जाता है। जिसमें प्राथमिक शिक्षा, आरोग्य शिक्षा, जागरण, ग्राम विकास, भारतीय संस्कृति, संस्कार के संबंध में बताया जाता है साथ ही बच्चों को बालगीत के माध्यम से पढ़ना, खेलना, बालगीत के माध्यम से गिनती, लिखना बोलना समेत व्यायाम योग आदि का भी प्रशिक्षण भी आचार्यो को दिया जा रहा है।

## समाचार संक्षेप

### वार्ड क्रमांक-7 में पार्षद चंदन की पहल से निर्मित जिम का हुआ लोकार्पण



**दंतेवाड़ा 17 दिसंबर।** दंतेवाड़ा नगरपालिका क्षेत्र के आवराभाटा स्थित वार्ड ऋमांक 07 में पार्षद चंदन ध्रुव द्वारा वार्डवासियों के मांग अनुसार अपने पार्षद निधि से जिम का निर्माण करवाया गया था जिसका लोकार्पण सोमवार को नगरपालिका अध्यक्ष दंतेवाड़ा पायल गुप्ता एवं उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया 7 पार्षद चंदन धुर्व ने कहा की वार्ड ऋमांक 07 में जिम का लोकार्पण होने से आवराभाटा के वासियो को अब फिटनेस की चिंता नहीं रहेगी। व्यायाम करने हेतु दंतेवाड़ा या कही दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी 7 वार्डवासी सुबह शाम जिमखाने में आकर अपनी क्षमतानुरूप जिम करके अपने शरीर को फिट 1 चुस्त तंदुरुस्त रख सकते हैं। इंसान की सबसे बड़ी पूंजी उसका स्वस्थ्य शरीर ही होता है। पार्षद होने के नाते वार्डवासियों के स्वास्थ्य की चिंता हमने की और उसी के परिणाम स्वरूप आज ये सौगात हम वार्ड की जनता को दे पाए हैं। जिमखाना लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान पार्षद लता मरकाम, मनोज मालवीय, राजा शर्मा, समेत अन्य पार्षदगण एवं नगरपालिका दंतेवाड़ा के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे 7

### ग्लोबल फण्ड नेशनल टीम ने किया तोकापाल सीएचसी का निरीक्षण



**जगदलपुर 17 दिसंबर।** ग्लोबल फण्ड एड्स, टीबी एवं मलेरिया की नेशनल टीम सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तोकापाल में निरीक्षण के लिए पहुंची, इस दौरान टीम के डॉ. पीके श्रीवास्तव, डॉ. के. रवि कुमार एवं उनके बीस सदस्यीय टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तोकापाल एवं आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पलवा का अवलोकन किया गया। उक्त टीम द्वारा एचआईवी एड्स टीबी मलेरिया और कई बीमारियों के रोकथाम एवं उन्मूलन हेतु राष्ट्रीय स्तर से चलाये जा रहे कार्यक्रमों के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हर स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर इसके तहत अमल में लाई जा रही कार्य को निरीक्षण करने एवं और अधिक गति देने के लिए मार्गदर्शन देने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तोकापाल एवं आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पलवा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित शाखा के अधिकारी-कर्मचारियों से विस्तृत जानकारी ली गई दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। जिसमें सभी कार्यक्रमों की उपलब्धि को संतोषजनक पाया गया। और इन कार्यक्रमों के सुचारू संपादन हेतु राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर से और अधिक सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही स्वास्थ्य कर्मचारियों से मैदानी क्षेत्रों में कार्य करते समय होने वाली समस्याओं के बारे में भी पूछा गया। कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि कोई भी कार्यक्रम की प्रारम्भ करने से पहले स्थानीय बोली में गीत, प्रहसन के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने से हमें कार्य करने में सुविधा होती है। इस पर टीम प्रमुख द्वारा एक विषयवस्तु प्रचार-प्रसार गीत सुनाने हेतु कहा गया, जिसे सुनकर वे काफी प्रभावित हुए। इसके अलावा टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तोकापाल एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र पलवा में सभी कक्ष में जाकर दी रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेकर वहां रखे उपकरण एवं दस्तावेजों का भी अवलोकन किया गया। इस निरीक्षण के दौरान टीम के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी. मैत्री, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषभ सागर, जिला व्हीबीडी सलाहकार बी.के. पण्डा, ब्लाक स्तर से कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शिवनारायण पाण्डे ब्लाक कीबीडी सुपरवाईजर सुदर्शन कश्यप, एनटीईपी कार्यक्रम के तहत प्रदीप त्रिपाठी, सेक्टर प्रभारी आभा साही एवं अन्य स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### वाहन मालिक को पंजीयन प्राधिकारी के समक्ष उपस्थिति के संबंध मे सूचना जारी

**दंतेवाड़ा,17 दिसंबर।** जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार वाहन स्वामी स्वामी श्री अमित कुमार भद्रा पिता श्री सुशांत भद्रा पता 19/08 पटेल पारा दन्तेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि चोलामंडलम इनवेसमेंट एण्ड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के द्वारा उक्त वाहन को अपने कब्जे में लेने उपरान्त मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 51 के अन्तर्गत एफ.आर.सी. हेतु पंजीयन प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में कार्यालयीन पत्र ऋमांक, 364, दिनांक 30 नवंबर 2024 एवं कार्यालयीन स्मरण-पत्र ऋमांक, 419, तथा दिनांक 20 नवंबर 2024 के द्वारा कार्यालय में वाहन स्वामी को उपस्थित होकर अपना अभिमत देने के संबध में पत्र प्रेषित किया गया था। परन्तु उपरोक्त वाहन स्वामी अनुपस्थित रहा। अतः अंतिम अवसर के रूप में इस सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर कार्यालय जिला परिवहन के समक्ष वाहन स्वामी को उपस्थित होने हेतु आदेशित किया गया है।

# छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर शासकीय योजनाओं की दी गई जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 17 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ÷सुशासन का 1 साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल के थीम पर सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिला स्तर पर ग्राम पंचायतों में विविध गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन तथा स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत छिंदगढ़ के ग्राम पंचायत बोदारास में अमृत सरोवर में एक पेड़ माँ के नाम योजनांतर्गत वृक्षारोपण किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत मुर्रेपाल में वृक्षारोपण, स्वच्छता पखवाड़ा, बिहान की दीदियों द्वारा सुशासन का संकल्प चक्र, ग्राम पंचायत नेतानार में जनभागीदारी से स्वच्छता पखवाड़ा, ग्राम पंचायत पोंदूम, राजामुण्डा और सौतनार में वृक्षारोपण और स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी तरह से जनपद पंचायत कोंटा के ग्राम पंचायत पोलमपल्ली में अमृत सरोवर में वृक्षारोपण, सुशासन रंगोली और स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। बढ़ते क्रम में ग्राम पंचायत बंडा, मिसमा और एर्राबोर में अमृत सरोवर में वृक्षारोपण, सुशासन रंगोली और जनभागीदारी से स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के आयोजन के द्वारा ग्रामीणों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जा रही है।

### नगरीय निकायों में वार्डों का आरक्षण 19 को

**सुकमा, 17 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मत्रालय रायपुर का पत्र ऋमांक एफ-1-139/2024/18 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 12/12/2024 के परिपालन में छत्तीसगढ़ नगरपालिका निगम, अधिनियम 1956 के धारा-11 एवं छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 29 (ए) के तहत सुकमा जिला के नगरीय निकायों के वार्डो का आरक्षण कलेक्ट्रेट कार्यालय सुकमा के सभाकक्ष में किया जावेगा। कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेशानुसार जिले के नगरीय निकायों नगरपालिका परिषद सुकमा और नगर पंचायत दोरनापाल में वार्डों का आरक्षण 19 दिसंबर गुरूवार को प्रातः 11ः00 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष सुकमा में किया जाएगा।

### आंध्रप्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने एनएमडीसी प्लांट के विभिन्न विभागों का किया भ्रमण और आधुनिक तकनीक देखी

**सुकमा, 17 दिसंबर।** एनएमडीसी के दंतेवाड़ा स्थित बचेली प्लांट में आंध्रप्रदेश के प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को भ्रमण किया। इस दौरान प्रतिनिधियों ने प्लांट में उपयोग की जा रही अत्याधुनिक तकनीकों और विशालकाय वाहनों को नजदीक से देखा। इन तकनीकों और वाहनों की कार्यप्रणाली से प्रतिनिधि काफी प्रभावित हुए। प्रतिनिधि मंडल ने एनएमडीसी प्लांट के विभिन्न विभागों का दौरा किया और खनन कार्यों में उपयोग होने वाली मशीनों की कार्यक्षमता और आधुनिक तकनीकों का अवलोकन किया। बड़ी-बड़ी मशीनों और उनके कुशल संचालन को देखकर प्रतिनिधि चकित रह गए। भ्रमण के दौरान आंध्रप्रदेश के प्रतिनिधि मंडल ने आकाश नगर का भी दौरा किया। यहां से बचेली और आसपास के क्षेत्रों का मनमोहक प्राकृतिक दृश्य नजर आता है। हरियाली से घिरे पहाड़ और खुले आसमान के बीच स्थित यह स्थान सभी सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र है। प्रतिनिधियों ने इस मनोरम दृश्य को अपने मोबाइल कैमरों में कैद किया और इसकी खूब तारीफ की। आकाश नगर व्यू प्वाइंट से बचेली का नजारा इतना मोहक था कि प्रतिनिधि इसे देख मोहित हो गए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र का प्राकृतिक सौंदर्य सुकूनदायक है। प्रतिनिधि मंडल के द्वारा दंतेश्वरी मंदिर का भ्रमण किया गया। दंतेश्वरी मंदिर बस्तर की सबसे सम्मानित देवी को समर्पित पूजनीय मंदिर है और यह भारत भर में फैले 52 शक्तिपीठों में से एक है। प्रतिनिधि मंडल के सभी सदस्यों ने दंतेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर माँ दन्तेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति ऋण वसूली शिविर का करेगी आयोजन

**दंतेवाड़ा, 17 दिसंबर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2007-08 से अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के हितग्राहियों को स्वरोजगार हेतु ऋण प्रदाय कर लाभान्वित किया गया है। चूंकि हितग्राहियों की वसूली राशि संतोषजनक नहीं है। जिसके कारण निगम मुख्यालय द्वारा 07 अगस्त 2023 पत्र के माध्यम से ऋण वसूली बढ़ाने हेतु वसूली शिविर आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है। उपरोक्त निर्देश के परिपालन में ऋण वसूली प्रगति लाने के उद्देश्य से माह दिसंबर 2024 में ऋण वसूली शिविर तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के इच्छुक आवेदकों का स्वयं के रोजगार जैसे किराना स्टोर्स, जनरल स्टोर्स, वेल्डिंग दुकान, पान दुकान, होटल, चाय दुकान, सब्जी खरीदी बिकी, जूता-चप्पल आदि व्यवसाय स्थापित करने हेतु अंत्योदय, आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत ऋण प्रकरण तैयार करने हेतु शिविर का आयोजन किया जाना है। अतः माह दिसंबर 2024 में जिले के सभी विकास खंडों के तहसीलों में शिविर आयोजित किए जाएंगे इसके अंतर्गत गीदम में 19 दिसंबर को एवं तहसील कार्यालय बड़े बचेली में 26 दिसंबर को ऋण वसूली शिविर तथा अंत्योदय, आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत ऋण प्रकरण तैयार करने के लिये शिविर का आयोजन किया जायेगा।

भर्ती प्रक्रिया को लेकर सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त

# पारदर्शिता और निष्पक्षता से जारी है वनरक्षकों की भर्ती:वनमंत्री

**रायपुर, 17 दिसंबर।** वनमंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा है कि राज्य में वनरक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ चल रही है। उन्होंने कहा है कि राज्य में भर्ती प्रक्रिया को लेकर सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरूस्त करने और इस प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों को सजग रहने को कहा है। जिसके परिपालन में वन विभाग द्वारा 1,484 पदों के लिए सीधी भर्ती के तहत शारीरिक मापजोख और दक्षता परीक्षण प्रक्रिया में अत्याधुनिक तकनीकों और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं का उपयोग करते हुए निष्पक्ष चयन सुनिश्चित किया गया है, जिसकी उम्मीदवारों द्वारा सराहना की जा रही है। उम्मीदवारों ने बताया कि वन विभाग द्वारा अपनाई गई यह पारदर्शी और अत्याधुनिक प्रक्रिया न केवल भर्ती प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता की मिसाल पेश करती है, बल्कि सुशासन के आदर्शों को भी मजबूती प्रदान करती है।



उल्लेखनीय है कि वनरक्षक पदों के लिए शारीरिक मापजोख और दक्षता परीक्षण विगत 16 नवंबर से प्रारंभ है। इन परीक्षणों में उम्मीदवारों की ऊंचाई और सीने की माप के साथ-साथ 200 मीटर और 800 मीटर दौड़, लंबी कूद, और गोला फेंक जैसे इवेंट शामिल हैं। उम्मीदवारों के प्रदर्शन का मूल्यांकन सटीक समय और दूरी के आधार पर किया जा रहा है। इसी तरह भर्ती प्रक्रिया में आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है। पात्र उम्मीदवारों को बीआईबी नंबर एवं इलेक्ट्रॉनिक चिप प्रदान की जाती है।

यह इलेक्ट्रॉनिक चिप उम्मीदवारों की दौड़ के दौरान सटीक समय दर्ज करती है। लंबी कूद और गोला फेंक के लिए लेजर-आधारित मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। सभी आंकड़े तुरंत केंद्रीय सर्वर पर दर्ज किए जा रहे हैं। जिससे डेटा प्रबंधन में पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है। इसके अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे और चेहरे की पहचान प्रणाली (फेशियल रिकग्निशन सिस्टम) पूरी प्रक्रिया की निगरानी करते हैं। उम्मीदवारों को उनके स्कोर मौके पर ही बताए जाते हैं, जिस पर उनके हस्ताक्षर लिए जाते हैं। किसी भी विवाद की स्थिति में, सीसीटीवी फुटेज दिखाकर समस्या का समाधान किया जा रहा है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री वी. श्रीनिवास राव ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप और वन मंत्री श्री केदार कश्यप के नेतृत्व में विभाग निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध है। तकनीकी नवाचारों और सख्त दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए यह प्रक्रिया न केवल कुशल है बल्कि उम्मीदवारों के विश्वास को भी मजबूत करती है।

एक नजर

## गांव को स्वच्छ बनाने अब निकले स्वयंसेवक




**पत्थलगांव, 17 दिसंबर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक अब गांव को स्वच्छ बनाने निकल पडे है। सात दिन का शिविर लगाकर शहर के आस-पास सात गांव को स्वच्छ करने का उन्होने बीडा उठाया है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक गंदे पानी की निकासी वाली नाली,स्कूलो का शौचालय,सार्वजनिक शौचालय के अलावा,स्कूलो मे रंगाई पोताई का भी काम कर रहे है। संध्याकालिन नुक्कड नाटक एवं जागरूकता संबंधित कार्यक्रम का आयोजन भी कर रहे है,जिसमे गावं के जनप्रतिनिधियों के अलावा बडी संख्या मे ग्रामीण पहुंचते है। ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है,इसमे स्वयं सेवक कौशल्या नाग द्वारा सुबह के दौरान योगाभ्यास कराया जाता है,कार्यक्रम अधिकारी प्रो.टी.आर पाटले ने बताया कि शिविर मे व्यसन की रोकथाम एवं उसके दुष्परिणाम के विषय मे भी ग्रामीणो को जानकारी दी जा रही है,अक्सर ग्रामीण नशे के आदि होकर अपना जीवन बर्बाद कर लेते है,उनके सामने भयंकर आर्थिक स्थिती का तनाव उत्पन्न होता है,जिससे अनेक बार उन्हे शारीरिक क्षति का भी सामना करना पडता है,इसलिए ग्रामीणो के बीच नशे के व्यसनो से दूर रखने की बातों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है,उन्होने बताया कि शिविर मे पंथी नृत्य,कर्मा,सुआ नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमो की भी प्रस्तुति दी जा रही है। उसके अलावा एडस पखवाडा के तहत जानकारी प्रदान करते हुये उसकी रोकथाम के विषय मे जागरूकता फैलायी जा रही है। दिन रविवार को शिविर का आयोजन ग्राम झक्कडपुर मे आयोजित किया गया था,जिसमे महाविद्यालय के अतिथी व्याख्याता नीलम मंडावी,जनभागीदारी शिक्षक तुलसी कर्ष,भूतपूर्व स्वयं सेवक कैलाश यादव,घनश्याम यादव,खीरोधर यादव,कुलदीप नाग,अनित नाग,रामप्रसाद राठिया, ईश्वर राठिया के अलावा ग्रामीण पंच सरपंच मौजुद थे।

## 20 दिसंबर को सिर्रीखुर्द में मड़ई मेला का आयोजन

**राजिम, 17 दिसंबर।** फिंगेश्वर मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत सिर्रीखुर्द में 20 दिसंबर दिन शुक्रवार को ग्राम विकास समिति के तत्वाधान में मड़ई मेला का आयोजन होने जा रहा है ग्राम विकास समिति प्रमुख टोपेश साहू ने बताया कि हमारे ग्राम सिर्रीखुर्द में चार वर्ष के लंबे अंतराल के बाद इस वर्ष भी मड़ई मेंला का आयोजन होने जा रहा है जिसमें लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन कार्यक्रम कका भतीजा नाचा पार्टी सरायपाली कोमाखान जिला महासमुंद का कार्यक्रम रखा गया है।

## साहू समाज भवन के किचन शेड के लिए किया गया भूमिपूजन

**नवापारा, 17 दिसंबर।** समीपस्थ ग्राम परसदा में साहू समाज सामुदायिक भवन हेतु किचन शेड भूमि पूजन का कार्यक्रम प्रेमीन श्रीराम साहू (जनपद सदस्य) के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ.इस अवसर पर साहू समाज के रामकुमार हिरवानी, पूरनलाल साहू, राजेश साहू, हेमंत साहू, नरेंद्र कुमार साहू,ध्रुव साहू,सुखेन साहू भुनेश्वर साहू,वेदप्रकाश साहू,बलीराम साहू, गणपत साहू,व साहू समाज के स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

## मातृ एवं शिशु अस्पताल में अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रायगढ़, 17 दिसम्बर।** जिले के मातृ एवं शिशु अस्पताल में अग्निशमक एवं सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अस्पतालों में अग्निसुरक्षा उपायों के बारें में व्यापक जागरूकता पैदा करना है। कार्यक्रम में अस्पताल के सभी स्टॉफ को आग की स्थिति में कैसे प्रतिक्रिया करनी है, इस बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर मातृ एवं शिशु अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ.अभिषेक अग्रवाल,डॉ.आशीषन मिंज डॉ.नेहा पटेल, फायर ऑफिसर अनिल वैद्य, विपिन कुमार खलखो, प्रमोद कुमार जोगी, सुमित कुमार केसरवानी, फायर स्टाफ टीम के द्वारा आग की संपूर्ण जानकारी और डेमो के माध्यम से आग बुझाने की प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी घटना से बचने के लिये सभी हितधारकों की भागीदारी के साथ बड़े पैमाने पर किया जा सकता है। सभी अस्पतालों में सक्रिय अग्निशमक तंत्र पर जोर दिया।

उन्होंने किसी भी घटना के मामले में किए जाने वाले उपायों को विस्तार से सूचीबद्ध किया और कहा किसी भी प्रणाली को तैयार करने के लिये पहले से प्रशिक्षित किया जाना चाहिए एवं ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिये हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए।

# खरीदी केंद्रों से धान उठाव ने पकड़ी रफ्तार,उपार्जन केंद्रों से 4934 मीट्रिक टन धान का हुआ उठाव

## मिलर अनुबंध कर धान खरीदी के लिए कटवा रहे डीओ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 17 दिसम्बर।** रायगढ़ जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 अंतर्गत धान खरीदी सुचारू रूप से चालू है। धान खरीदी हेतु किसानों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा समितियों में समुचित व्यवस्था के साथ ही ऑनलाइन टोकन जारी करने, बारदाने की व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक मशीन से तौल जैसे इंतेजाम किए गए हैं। उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी के पश्चात किसानों को तत्काल भुगतान भी जारी किया जा रहा है।

धान खरीदी के साथ साथ जिला प्रशासन द्वारा रायगढ़ जिले में खरीदी केंद्रों से मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव भी शीघ्रता से करवाया जा रहा है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 5274 मे.टन का डीओ काटा गया है जिसमें से 1972.56 मे.टन धान का उठाव कर लिया गया है।

वहीं 6021 मे. टन का टीओ जारी किया गया है। जिसमें से 2962 मे. टन का उठाव समितियों से कर लिया गया है। इस प्रकार कुल 4934 मे.टन धान का उठाव समितियों से किया जा चुका है।

रायगढ़ जिले में 85 हजार 122 किसान धान विक्रय हेतु पंजीकृत हैं। 105 धान उपार्जन केंद्रों में अब तक 1 लाख 687 मे.टन धान खरीदी की जा चुकी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया मिलर्स के द्वारा धान उठाव के लिए अनुमति प्राप्ति के साथ बैंक गारंटी और एफडीआर करवा कर लगातार डीओ कटवाया जा रहा है।

इससे आने वाले दिनों में धान उठाव में और तेजी आएगी।

### किसानों को 189 करोड़ का भुगतान

धान खरीदी के पश्चात किसानों को उसका भुगतान भी तत्काल किया जा रहा है। अब तक हुई खरीदी के एवज में किसानों को 189 करोड़ 35 लाख का भुगतान किया जा चुका है। जो कि अब तक हुई कुल खरीदी का 86 प्रतिशत है। शेष भुगतान के लिए जानकारी सॉफ्टवेयर में अपडेट कर बैंक को भेज दी गई है। जो जल्द जारी हो जाएगी।

# 4 राइस मिलर ब्लैक लिस्टेड, बैंक गारंटी राशि जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी। मिलिंग का चावल जमा नहीं कराने समेत विभिन्न कारणों से खाद्य विभाग द्वारा बड़ी कार्यवाही कर जिले के चार राइस मिलरों को ब्लैक लिस्टेड कर उनके बैंक गारंटी की राशि 6 करोड़ को जप्त किया जा रहा है।

धमतरी जिले में करीबन 200 राइस मिलें संचालित हैं। कुछेक राइस मिलर पिछले सीजन में किए गए कस्टम मिलिंग के चावल को अभी तक जाम नहीं करा पाए हैं। इधर राइस मिलर कस्टम मिलिंग की बकाया प्रोत्साहन राशि को लेकर सरकार से नाराजगी के चलते हड़ताल पर हैं। जिससे धान उठाव कार्य भी प्रभावित है। सोसायटियों में लगातार धान की खरीदी जारी है लेकिन उठाव पर्याप्त नहीं है। जिसके कारण सोसायटियों में धान जाम होने लगा है। सोसायटी प्रबंधकों ने धान उठाव मे तेजी नहीं लाने पर खरीदी बंद करने की चेतावनी दी है। इसके बाद प्रशासन उठाव के लिए सक्रिय हो गई है।

खाद्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में 275942.48 मिट्रीक टन धान की खरीदी हो गई है। उपार्जन केंद्रों से मिलरों को 14981.92 मिट्रिक टन प्रदाय किया गया है। 68870.61 मिट्रिक टन धान उपार्जन केंद्र से संग्रहण केंद्र को प्रदाय किया गया है। सोसायटियों में 192089.95 मिट्रिक टन धान उपार्जन केंद्र में शेष है। जिले में 179 राइस मिल पंजीकृत है। जिसकी मासिक मिलिंग क्षमता 212696.00 मिट्रिक टन है। मिलिंग के लिए अनुमति 278 लोगों को दी गई है। इसमें से 241 ने अनुबंध कराया है।

उपार्जन केंद्रों से धान उठाने वाले मिलरों की संख्या 42 है। 31589.00 मिट्रिक टन धान के लिए डीओ जारी हो गया है। वहीं 102602.00 मिट्रिक टन धान परिवहन के लिए जारी हो गया है। जिला खाद्य अधिकारी बसंत कोर्राम ने बताया कि जो राइस मिलर चावल जाम नहीं कराए हैं, उनके खिलाफ कार्यवाही जारी है। ब्लैक सूची में चार राइस मिलरों को रखा गया है।

जिसमें बीएम एग्रोटेक मरौद, परमेश्वरी इंडस्ट्रीज कुरूद, अन्नपूर्णा आहार सेमरा, गजराज राइस मिल बेलरगांव शामिल है। इनकी बैंक गारंटी 6 करोड़ को जप्त करने की कार्यवाही जारी है।

# नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों के बीच पहुंचे केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह



**रायपुर 17 दिसंबर।** केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने के अपने मिशन के तहत आज बीजापुर के सुदूर एवं माओवाद प्रभावित क्षेत्र गुण्डम में तैनात सुरक्षाबलों के जवानों के बीच पहुंचे। उन्होंने स्थित केन्द्रीय रिजर्व बल 153वीं वाहिनी बटालियन के कैम्प में सीआरपीएफ, कोबरा, डीआरजी सहित सुरक्षा बल के जवानों के साथ संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों से सीधे नक्सल ऑपरेशन की मैदानी स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जवानों के साथ दोपहर का भोजन भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा भी उपस्थित थे। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा की विगत एक वर्ष में बस्तर को नक्सल मुक्त करने नवीन सुरक्षा कैम्पों की स्थापना की गई है, जिसका सकारात्मक परिणाम यह रहा है की हमारे जवानों को नक्सल ऑपरेशन में लगातार सफलता मिली। बहुत बड़ी संख्या में नक्सली मारे गये, नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया और उनकी गिरफ्तारी हुई। वह दिन दूर नहीं जब बस्तर और हमारा देश नक्सल प्रभाव से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा। मार्च 2026 तक नक्सलमुक्त भारत बनाना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नक्सलमुक्त अभियान में सीआरपीएफ, बीएसएफ, कोबरा, छत्तीसगढ़ पुलिस, बस्तरिया बटालियन सहित सभी सुरक्षाबलों का महत्वपूर्ण योगदान है।अमित शाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज नक्सलवाद समाप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। उन्होने कहा कि सुरक्षा कैम्प के दायरे में आने वाले गांवों में सुरक्षाबल के अधिकारी यह अवश्य देखें की शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर कितनी अच्छी तरह हो रहा है, लोगों को उनके अधिकार मिल रहे हैं कि नही। शासन की योजनाओं का समुचित ढंग से लाभ ग्रामीणों को मिलते रहेगा तो वे शासन और प्रशासन के प्रति समर्पित भाव से सहयोग करेंगे और विकास की ओर अग्रसर होंगे। गृहमंत्री ने कैम्प परिसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान अर्न्तगत किया

वृक्षारोपणगुण्डम की शासकीय उचित मूल्य दुकान का किया शुभारंभ

बीजापुर के गुण्डम प्रवास के दौरान केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने कैम्प परिसर में बरगद का पौधा तथा मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सल्फी का पौधा रोपा। उन्होंने इस मौके पर कैम्प परिसर के सामने नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीआरपीएफ, पुलिस एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## सशक्त एप से गाड़ी को ढूंढ निकाला

**भिलाई, 17 दिसंबर।** भिलाई सशक्त एप चोरी की गाड़ियों को खोजने में काफी मददगार साबित हो रहा है। दो महीने पहले गरड़िया पारा कुरुद से चोरी हुई गाड़ी को पुलिस ने रामनगर के एक अस्पताल की पार्किंग से बरामद किया वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि बीते 16 अक्टूबर को राम प्रसाद साहू की बाइक उसके घर के सामने से चोरी हो गई थी। जिसकी उसने जामुल थाना में रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी, लेकिन आरोपित के बारे में पुलिस को कोई जानकारी नहीं मिल सकी थी। सोमवार को वैशाली नगर पुलिस की टीम रामनगर के एक अस्पताल की पार्किंग में लावारिस वाहनों की जांच करने के लिए गई थी। पुलिस ने सशक्त एप पर जैसे ही वाहन का नंबर दर्ज किया, उसकी पूरी जानकारी सामने आ गई। इसके बाद पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है। आशंका है कि वाहन चुराने के बाद आरोपित ने उसे पार्किंग में ले जाकर छिपा दिया था

# गांव गुण्डम में महुआ पेड़ के नीचे अमित शाह ने लगाई चौपाल, ग्रामीणों से खुलकर की चर्चा

**रायपुर 17 दिसंबर।** माओवादी आतंक से प्रभावित बीजापुर जिले के गुण्डम गांव में केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने महुआ पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीणों से आत्मीयतापूर्वक खुलकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर हमने माओवादी आतंक को 31 मार्च 2026 तक समाप्त करने का लक्ष्य रखा है, जिसका परिणाम है कि आज नक्सलवाद एक छोटे से दायरे में सिमट कर रह गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा उपस्थित थे।

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि माओवादी आतंक के भय से ग्रामीणों को मुक्त कराने के लिए बस्तर के विभिन्न



स्थानों में सुरक्षा कैम्प स्थापित किए गए है। बस्तर अंचल में अमन और शांति का वातावरण स्थापित हो रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से ज्यादा से ज्यादा योजनाओं से जुड़ कर विकास की मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। श्री शाह ने कहा कि बच्चों को स्कूल अवश्य भेंजे। शिक्षा से ही विभिन्न समस्याओं का समाधान निकलेगा।केन्द्रीय गृह मंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गुण्डम के नजदीक स्थापित कैम्प में अस्पताल की सुविधा भी है जहां निःशुल्क उपचार हेतु ग्रामीण निःसंकोच होकर जाएं और झाड़-फूंक के भरोसे न रहें। उन्होंने ग्रामीणों को निःशुल्क 35 किलो चांवल, महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने गांव में स्थित प्राथमिक शाला का अवलोकन कर बच्चों से पढ़ाई सम्बधी जानकारी ली और नियमित स्कूल आने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। वहीं उन्होंने महिलाओं को भी शिक्षा के लाभ से अवगत कराया।गृहमंत्री श्री अमित शाह ने ग्रामीणों हेतु जन सुविधा शिविर लगाकर आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज बनाने के निर्देश कलेक्टर को दिए। उन्होंने कहा शासन कि समस्त योजनाओं का लाभ लेने के लिए बैंक पासबुक अनिवार्य है, इसलिए सभी का बैंक पासबुक जरूरी है।केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि एक वर्ष के भीतर गांव में सड़क, बिजली, स्कूल, अस्पताल, पेयजल जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

# मितानिनों की बेमुद्दत हड़ताल से निचले स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित



**धमतरी,17 दिसंबर।** प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ रायपुर के बैनर तले जिले की सभी मितानिन अनिश्चिकालीन हड़ताल पर चली गई हैं। जिससे ग्रामीण एवं वार्ड स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो गई हैं। मितानिनों की तीन प्रमुख मांग है। सोमवार को सभी मितानिन गांधी मैदान में धरना पर बैठ गई। अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर जिले की 1937 मितानिन अनिश्चिकालीन हड़ताल पर हैं। 13 दिसंबर से काम बंद, कलम बंद से हड़ताल प्रारंभ हुई। अब 16 दिसंबर से धरना पर बैठ गई हैं। सोमवार को धरना में बैठे मितानिनों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धमतरी की जिलाध्यक्ष कविता ध्रुव, सचिव सेविका पटेल ने बताया कि उनकी तीन प्रमुख मांगें हैं। सभी मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, ब्लाक समन्वयक, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, एरिया कोआर्डिनेटर और मितानिन हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर को एनएचएम में संविलियन किया जाये। सभी एसएचआरसी एनजीओ के साथ काम नहीं करेगी। अन्य एसएचएसआरसी जैसी संस्था के साथ भी कार्य नहीं करेंगे। उन्होंने बताया कि मांग पूरी नहीं होने तक हड़ताल जारी रहेगी। इस हड़ताल से सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम कुष्ठ, टीबी सर्वे, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण सहित सभी स्वास्थ्य योजना पर प्रभाव पड़ा है। हड़ताल में कोषाध्यक्ष नीता साहू, जिला उपाध्यक्ष कलिंद्री साहू, धमतरी अध्यक्ष संगीता साहू, कुरूद सुषमा गोस्वामी, नगरी हेमलता साहू और मगरलोड ब्लाक अध्यक्ष सिंधु साहू सहित सैकड़ों की संख्या में मितानिन धरना में बैठी।

## लोकमाता अहिल्या बाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती समारोह का आयोजन किया गया

**भिलाई, 17 दिसंबर।** सरस्वती विहार स्कूल,हाउसिंग बोर्ड भिलाई में आज दिनांक 16 दिसंबर,सोमवार के दिन पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्या बाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती समारोह का आयोजन किया गया.इस आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में दिलेश्वर उमरे सह विभाग कार्यवाहक जिला दुर्ग उपस्थित थे.भारत माता एवं देवी सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना के पश्चात् कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ.31 मई 1725 में जन्मी अहिल्या बाई होलकर के द्वारा किये गये सामाजिक,धार्मिक,नारी स्वावलंबन,आर्थिक स्वावलंबन के क्षेत्र में किये गये कार्यों के बारे में उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को बताया.उन्होंने बताया कि अपने ससुर,पति और बेटे की मृत्यु के बाद 1767 में उन्होंने सम्पूर्ण प्रजा को अपना मानते हुए इंदौर का शासन नैतिक और धार्मिक रीति से सम्हाला.इंदौर की सुरक्षा की दृष्टि से उन्होंने महेश्वर को अपनी राजधानी बनाया.साथ ही उन्होंने सारे भारत में आक्रमणकारियों द्वारा नष्ट किये गये 1030 से भी ज्यादा मंदिरों का जीर्णोद्वार करवाया.इन मंदिरों में सोमनाथ का मंदिर,बनारस का बाबा विश्वनाथ का मंदिर,केदारनाथ,बद्रीनाथ जैसे मंदिर शामिल है.कोलकाता से बनारस तक की सड़क,पुनर्जागरण केंद्र आदि का उन्होंने निर्माण करवाया.और इन्ही कार्यों की वजह से उन्हें पुण्य श्लोक लोकमाता कहा जाता है.उन्होंने बताया कि अहिल्या बाई के आलावा सिर्फ रजा युधिष्टर और राजा नल को पुण्यश्लोका की उपाधि मिली है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों ने सीईओ पर जताई नाराजगी



**धमतरी, 17 दिसंबर।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 6 नवंबर को हुई थी। जिसमें सभी सदस्यों ने शिक्षा मद अंतर्गत आहता निर्माण कराए जाने हेतु प्रस्ताव पारित किया था। इसकी अब तक स्वीकृति नहीं मिलने पर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों ने सीईओ के प्रति नाराजगी जाहिर की है। जिला पंचायत अध्यक्ष कांति सोनवानी, उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर, सदस्य गोंविंद साहू, मनोज साक्षी, मीना बंजारे, सुमन साहू, दमंयती साहू, अनिता ध्रुव आदि सोमवार को जिला पंचायत में सुबह 11 बजे एकत्रित हुए। 3 घंटे तक सीईओ के दफ्तर पहुंचने का इंतजार करते रहे। दोपहर 2 बजे मुलाकात होने से पहले नाराज सदस्यों ने गांधी प्रतिमा के सामने बैठकर मौन धारण कर सीईओ द्वारा किए गए कार्यो के प्रति नाराजगी व्यक्त की। इसके बाद सीईओ से मुलाकात हुई। जिसमें जिला पंचायत के पदाधिकारी व सदस्यों ने पत्र देकर कहा कि जिला पंचायत धमतरी की सामान्य सभा की बैठक 6 नवंबर को सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित कर सभी सदस्यों के क्षेत्र में स्कूल शिक्षा मद के अंतर्गत एक-एक आहता निर्माण शासकीय स्कूलों में किए जाने तथा जिला पंचायत विकास निधि योजना अंतर्गत ब्याज की राशि 19 लाख रू. में से सभी सदस्यों के क्षेत्र के कार्य के लिए 1.20 लाख रू. की स्वीकृति किए जाने का प्रस्ताव हुआ था। लेकिन अभी तक दोनों कार्य स्वीकृत नहीं हुए हैं। जबकि बैठक में इन कार्यो का अनुमोदन कर चुके हैं।

## गंगालूर मार्ग के मुख्यालय के पास दो बाइक सवार आपस में भिड़े एक की गई जान



**बीजापुर, 17 दिसंबर।** गंगालूर मार्ग पर आज शाम ष्ह्श्वद्ध मुख्यालय के करीब तेज रफ्तार दो बाईक सवारो की आमने सामने जबरदस्त भिडंत हुई इस हादसे मे एक युवक की गई जान बताया जा रहा है कि बाईक सवार नशे में धुत्त थे। जानकारी के अनुसार एक बाईक में महिला अपने दूध मुंहे बच्चे के साथ बैठी थीं जो इस हादसे बच गई है लेकिन एक युवक की जान चली गई है जिसका नाम सुखराम पोटाम बताया गया है बाकी घायलों को मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जिला अस्पताल भिजवाया .थाना बीजापुर कोतवाली की घटना।

## भटवाडा पोटाकेबिन में अध्ययनरत छात्र की मौत




**बीजापुर, 17 दिसंबर।** जिले के भैरमगढ़ क्षेत्र के भटवाडा पोटाकेबिन आश्रम मे अध्ययन रत टांकेशवर नाग नामक एक कक्षा चौथी के छात्र की उपचार के दौरान मौत हो गई है प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को.छात्र की अचानक तबियत बिगडी उसे अधिक्षक ने तत्काल भैरमगढ़ हासपीटल मे.भरती कराया गया लेकिन तबियत ज्यादा बिगडने से छात्र को जिला अस्पताल लाया गया यहां भी छात्र कि सिथति नहीं सुधरने पर उसे मेकाज रिफर किया गया फिर भी छात्र की सिथति मे सुधार नहीं हुआ आखिर कार उपचार के दौरान छात्र ने दम तोड दिया बताते है छात्र मलेरिया से पीडित था घटना की जानकारी डी एम सी कमलदास झाडी ने दी।

## हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन



**खरसिया, 17 दिसंबर।** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार खरसिया की ओर से श्री राम मंदिर परिसर में 19 से 22 दिसंबर तक होने वाले हैप्पीनेस प्रोग्राम को लेकर एक परिचय आयोजित की गई थी जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग की वालेंटियर विभा अग्रवाल ने बताया कि कैसे हम खुश रहकर औरों के जीवन में खुशियां ला सकते हैं यह पूरा विश्व अपना परिवार है हमे सभी में अपनत्व का भाव लाना होगा साथ ही उनके द्वारा श्री श्री रविशंकर जी के बताए हुए प्राणायाम और ध्यान कराया गया उक्त कार्यक्रम में अग्रवाल महिला समिति की अर्चना गर्ग और उनकी पूरी टीम उपस्थित थी।

## विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने किया स्वेटर वितरण

**फिंगेश्वर, 17 दिसंबर।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी ने अपने सुपुत्र सात्विक के जन्म दिवस के अवसर पर फिंगेश्वर



विकास खंड के प्राथमिक शाला नाचनबाय एवं कमारपारा खैरझिटी में जाकर कमार जाति के 20 बच्चों को स्वेटर एवं चॉकलेट वितरण किया.इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी ने शिक्षक एवं छात्र छात्राओं से कहा कि अंचल में पड़ रही कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर से बचाव के लिए विशेष सावधानी रखते हुए गर्म कपड़े, स्वेटर, ऊनी कपड़े,टोपी का उपयोग करें. इसके अलावा नियमित रूप से गर्म और तरल पदार्थ का सेवन करें साथ ही शरीर का तापमान संतुलित बनाए रखने के लिए स्वास्थ्य वर्धक और स्वस्थ भोजन के साथ ही विटामिन से भरपूर फलों और सब्जियों का सेवन करें. इस मौके पर प्राथमिक शाला नाचनबाय एवं खैरझिटी के शिक्षकगण उपस्थित थे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने किया छात्रों का मार्गदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 17 दिसम्बर।** 16 दिसंबर 2024 खमरिया भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने विभिन्न वैज्ञानिक परियोजनाओं का प्रदर्शन किया। इस ख़ास मौके पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ढ्ढस्ह्र) के कई वरिष्ठ वैज्ञानिको की उपस्थिति रही, जिन्होंने छात्रों के साथ संवाद किया और उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान, उपग्रह प्रौद्योगिकी और अन्य वैज्ञानिक विकासों के बारे में जानकारी दी। प्रदर्शनी में छात्रों ने विभिन्न मॉडल और परियोजनाओं के माध्यम से विज्ञान के क्षेत्र में अपनी कल्पनाओं और नवाचारों को प्रस्तुत किया। कई छात्रों ने अंतरिक्ष विज्ञान, रोबोटिक्स, पर्यावरण संरक्षण और चिकित्सा विज्ञान से संबंधित परियोजनाओं पर काम किया था। प्रदर्शनी में दिखाए गए प्रमुख मॉडल में उपग्रहों के रचनात्मक डिजाइन, प्राकृतिक आपदा प्रबंधन, छत्तीसगढ़ में कृषि की समस्या, हिन्दू वैदिक शास्त्रों में विज्ञान का महत्व, स्वचालित रोबोटिक प्रणाली और जैव विविधता संरक्षण के उपाय आदि शामिल थे। प्रबंधक अश्विनी शर्मा ने मंच के माध्यम से

अतिथियों सहित कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया 7 इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डॉ0 नरेश भट्ट, (वरिष्ठ वैज्ञानिक इसरो अहमदाबाद) डॉ? हेमेंद्र आर0 कंसारा (वरिष्ठ वैज्ञानिक इसरो अहमदाबाद) और डॉ0 एस0 पी0 व्यास (वरिष्ठ वैज्ञानिक इसरो अहमदाबाद) जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, विद्यालय के प्रबंधक अश्विनी शर्मा व संदीप गोयल एवं एम0 एन0 सिंह (विज्ञान समन्वयक, एन0एच0 गोयल स्कूल रायपुर) प्रधानाचार्य योगेश पोपट मौजूद रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों को सराहा। इसरो (ISRO)



के तीनों वैज्ञानिकों ने प्रदर्शनी का दौरा किया और छात्रों के प्रयासों की सराहना की। डॉ. भट्ट ने कहा, यह देखना अत्यंत प्रेरणादायक है कि युवा पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपनी रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा दे रही है। इसरो (ISRO) हमेशा विज्ञान और प्रौद्योगिकी में युवाओं को प्रोत्साहित करता रहेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कहा, हमारे छात्रों ने इस प्रदर्शनी के माध्यम से न केवल विज्ञान के सिद्धांतों को समझा, बल्कि उन्होंने अपनी जिज्ञासा और कल्पनाशीलता का भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। हमें गर्व है कि इस कार्यक्रम में इसरो (ISRO) के वैज्ञानिकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने हमारे छात्रों को प्रेरित किया। प्रदर्शनी में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से पाँच हज़ार से अधिक विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया और छात्रों की परियोजनाओं को देखा और सराहा। यह प्रदर्शनी छात्रों को अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती है। परिणामतः इस प्रदर्शनी को आगे भी जारी रखने की माँग की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान, छात्रों को इसरो (ISRO) द्वारा किए गए हालिया अंतरिक्ष मिशनों की जानकारी भी दी गई, जिसमें चंद्र मिशन और मंगल मिशन प्रमुख थे। यह आयोजन न केवल छात्रों के लिए, बल्कि शिक्षकों और अभिभावकों के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत बना। अंत में, छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शनों के लिए पुरस्कार वितरित किए गए और उन्हें वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रदर्शनी का समापन उत्साह और प्रेरणा से जो छात्रों के बीच विज्ञान के प्रति गहरी रुचि और प्रेम को और बढ़ावा देगा। हुआ। कार्यक्रम की समाप्ति पर विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से बच्चों को प्रेरित करने के लिए स्कूल का निरंतर प्रयास जारी रखने की बात कही। इस भव्य आयोजन ने विद्यालय के छात्रों को अपनी रचनात्मकता और विज्ञान के प्रति अपनी रुचि को एक मंच पर प्रस्तुत करने का अद्वितीय अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## समाचार संक्षेप

### शिक्षा समाज का दर्पण है और शिक्षा के साथ संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास भी आवश्यक है : एसपी सहेजा



- गरियाबंद स्थानीय संस्था आईटीएस कालेज की वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन
- पुलिस अधीक्षक ने फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

**छुरा, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गरियाबंद स्थानीय संस्था आई.टी. एस.महाविद्यालय गरियाबंद में 16 दिसम्बर से वार्षिक खेलोत्सव की शुरूआत हुई।जिसमे कबड्डी, क्रिकेट, खो-खो, बॉलीवाल, फुटबाल, कैरम, लम्बीकुद, शतरंज, रंगोली, मेंहदी, लुडो, अन्य सहित 30 विद्याओं को प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। सप्ताहिक खेलोत्सव 2024 के कार्यक्रम का शुभारंभ में मुख्य अतिथि गरियाबंद जिले के पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सहेजा थे।कार्यक्रम के विशेष अतिथि सरदारी लाल गुप्ता, राजी गुप्ता, मोना गुप्ता थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता बी.पी. वर्मा, बलजीत कौर थे।कार्यक्रम की शुरूआत अतिथि सत्कार, दीपवंदना, सरस्वती पूजन वंदन के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि आशंदी वक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शिक्षा समाज का दर्पण है और शिक्षा के साथ सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास भी आवश्यक है।आदिवासी अंचल से शिक्षा के विकास के लिए इस महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा किया जाने वाला शैक्षणिक पहल अनुकरणीय है।खेलोत्सव में पॉच सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मनोज सिन्हा, पवन भरतद्वाज, पुकेश साहू, योगेश डोगरे, निरंजन यादव, सुश्री मालती पटेल, दीप्ती वर्मा, तृप्त कुमार पाण्डे, सहित समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ उपस्थित थे।उक्त कार्यक्रम की जानकारी प्रेष विज्ञाप्ति के माध्यम से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. स्तयेन्द्र तिवारी ने दी।

### शराब पीकर वाहन चला रहे 18 चालकों पर पुलिस ने की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**बलौदाबाजार, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा ऑपरेशन विश्वास के तहत जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग कर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 14.12.2024 को जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 18 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है। उक्त जप्त सभी 18 वाहनों को विधिवत कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। चेकिंग अभियान में यातायात की शाखा बलौदाबाजार द्वारा 05, यातायात कसडोल 04, यातायात भाटापारा 04 एवं यातायात सिमगा द्वारा 05 चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के ऊपर सखूती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं।

## एक नजर

### हरिनभट्ठा में बाबा गुरु घासीदास जयंती पर दो दिवसीय आयोजन

**सिमगा, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संत बाबा गुरु घासीदास की जयंती के उपलक्ष्य में सिमगा ब्लॉक हरिनभट्ठा में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गया है 17 दिसंबर को छत्तीसगढ़ी कलाकार प्रेम आनंद चौहान का कार्यक्रम होगा और 18 दिसंबर को कवर्धा जिला कलाकार दानी वर्मा का कार्यक्रम होगा . .सतनामी समाज हरिनभट्ठा द्वारा तैयारी जोरों पर है।सामाजिक कार्यकर्ता मनोज टोंडे ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि 17 दिसंबर को रात्रि 10 बजे प्रेम आनंद चौहान का कार्यक्रम होगा। 18 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर नगर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो सतनाम भवन और शहर के मुख्य मार्गों से होकर हरिनभट्ठा स्थित सतनाम भवन पर समापन करेगी. . और रात्रि 10 बजे कवर्धा कलाकार दानी वर्मा का रात्रि कार्यक्रम होगा उन्होंने समाज के सभी ग्रामीणों से जयंती को हर्ष और उल्लास के साथ मनाने और शांति बनाए रखने की अपील की।



### पंचायतों को आबंटित धन का हो रहा दुरुपयोग

**तिल्दा-नेवरा, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जनपद पंचायत तिल्दा नेवरा में खुला भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। काग्रेस सरकार में आवंटित निर्माण कार्य लोकस्वास्थ्य यांत्रिक विभाग ओर पंचायतों में आवंटित धन का खुला दुरुपयोग चल रहा है। जनपद पंचायत तिल्दा नेवरा में चल रहे भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। इस का मुख्य कारण है कि काग्रेस सरकार में पदस्थ अधिकारी अभी भी जमे है। ग्रामीण अंचलों में बीजेपी समर्थक सरपंचों ने बताया कि उन्हें अधिकारी परेशान कर रहे है शिकायत करने पर कोई अपने को मुख्यमंत्री ओर मंत्री का आदमी बता रहे है गांवों में बीजेपी समर्थक सरपंच परेशान है।

### निधन

### प्रभा शुक्ल

**भाटापारा, 17 दिसम्बर।** प्रभा शुक्ल पत्नी पूर्व सांसद प्रतिनिधि नरेशचंद्र शुक्ल का 16 दिसम्बर को निधन हो गया है। वे दीपक, सुदीप शुक्ल व अंजली पाठक की माता, आयुष की दादी थी। उनकी अंतिम यात्रा 17 दिसम्बर मंगलवार को निज निवास जनपद आफिस के पास, राधेश्याम फ्यूल्स के पास से निकली। हिन्दू मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।



## भाटापारा सामुदायिक केंद्र में विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

# 700 से अधिक लोगों ने उठाया लाभ

- शिविर में रक्तदान, कुष्ठ, रक्त जैसी विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी हुई जांच
- विकलांगों को छड़ी और वॉकर का हुआ वितरण
- भारत सरकार की लांच होने वाली मोबाइल एप आभा के बारे दी जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 17 दिसम्बर।** भाटापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण एवं इलाज के साथ शासन के द्वारा संचालित निक्षय निरामय योजना, आयुष्मान वय वंदना योजना जैसे अनेक महत्वपूर्ण शासन की योजनाओं के अंतर्गत स्वास्थ्य मेला में पहुंचने वाले मरीजों को सुविधा प्रदान की गई। विकलांगो को वॉकर व छड़ी का भी वितरण किया गया। रक्तदान करने वाले को जिला स्तरीय अस्पताल अंतर्गत प्रमाणपत्र वितरित किया गया। सर्वधर्म रक्तदान समूह के द्वारा आनन्द कुर्रे ने सहायता शिविर में सहायत प्रदान की। कुष्ठ जांच के लिए कमलेश अजगले, आयुष्मान काउंटर पर सुशील वर्मा, फिजियोथेरेपी यसवंत लक्ष्मे, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ सौरभ वर्मा, दंत चिकित्सा डॉ अरुण इक्का, लैब जांच संतोष वर्मा, आंख जांच किस्मत कुमार गुलेरी, ब्लड विभाग अंशुल सिंह, एचआईवी जांच फरहत मिर्जा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भाटापारा के स्टाफकी ड्यूटी लगाई गई थी।

### बीएमओ ने शिविर की सुविधाओं के बारे में बताया

भाटापारा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. राजेंद्र माहेश्वरी ने स्वास्थ्य मेला के बारे में विभिन्न जानकारियां प्रदान करते हुए बताया कि भाटापारा के सरकारी अस्पताल में विशाल शिविर लगाकर स्वास्थ्य मेला का आयोजन आज 16 दिसम्बर को किया गया है जिसमे लोगो को स्वास्थ्य लाभ ज्यादा से ज्यादा उपलब्ध कराना उद्देश्य है जिसका लाभ लगभग 700 से ऊपर लोगो को मिला है। आज इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में 17 लोगों के द्वारा रक्तदान किया गया। विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच किया गया जिसमे कुल ओपीडी 566, जिसमे टी बी स्क्रीनिंग 502, खखार जांच 06, टी बी पॉजिटिव की संख्या 01, स्क्रीनिंग मधुमेह 566, उच्च रक्तचाप 566, ओरल कैंसर 566, कुष्ठ जाँच 06, दंत रोग 75, सिकलिंग जांच 12, एचआईवी जांच 26, नेत्र जांच ओपीडी 60, मोतियाबिंद जांच 10 किया गया, आयुष्मान कार्ड 18 बनाया गया, गैर संचारी रोग स्क्रीनिंग 566 का जांच किया गया। स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का मुख्य परीक्षण किया गया। बुजुर्ग देखभाल कार्यक्रम अंतर्गत निशक्त हितग्राही 15 को छड़ी प्रदान किया गया।मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं चिंता, चिड़चिड़ापन, उदासी, तनाव। इस शिविर में विशेष रूप से नशा मुक्ति की काउंसलिंग तंबाकू एवं नशा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

### आभा एप दिलाएगी पर्ची की लंबी लाइनों से छुटकारा

भाटापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वार्ड बॉय एवं आभा मोबाइल एप्प प्रभारी दीपेश कुमार यादव ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में मरीजो को पर्ची बनाने के लिए लंबी-लंबी लाइनों का सामना करना पड़ता है जिसके लिए भारत सरकार द्वारा आभा एप्प मोबाइल में लॉन्च किया गया है जिसको रजिस्टर्ड करके अस्पताल में लगे क्यू आर कोड को स्कैन करने के बाद आपको तुरंत पर्ची प्राप्त हो जाएगी जिससे आप लंबी लाइनें एवं असुविधाओं से बच सकते हैं। इसके लिए सरकारी अस्पताल में जागरूकता के रूप में रोजाना आने वाले मरीजों को जानकारी एवं उनके मोबाइल में एप्प डाउनलोड करके दिया जा रहा है।

### जिला स्तरीय कबड्डी, बैडमिंटन एवं वालीबॉल स्पर्धा 14 व 15 जनवरी को

**बलौदाबाजार, 16 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन बलौदाबाजार भाटापारा एवं स्पोर्ट्स एसोशिएशन बलौदाबाजार के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 14 एवं 15 जनवरी को जिला स्तरीय कब्बड्डी, बैडमिंटन एवं वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसकी प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस सिलसिले में सोनी ने संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए है। जिला कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार सभी विकासखण्डों में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 01 से 07 जनवरी, 2025 के मध्य कराया जाएगा। साथ ही चयनित टीम उक्त प्रतियोगिता में प्रवेश लेंगे। प्रवेश की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2025 होगी। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता निम्नलिखित स्तरो पर आयोजित की जावेगी जिसमें वालीबॉल में कैटगरी अंडर 19 BS, 19 GS, ओपन BS × ओपन GS टीम सूची 12 जनवरी 2025 मैच डेट 15 जनवरी (19 BS, 19 GS), मैच डेट 16 जनवरी (19 BS, 19 GS) सम्पर्क सूत्र बीपी बाघमार 7067778585 आलोक मिश्रा 9009369007, वीरेंद पटेल 9926153855 से कर सकते है।

## धोखाधड़ी मामले में भोपाल पुलिस ने की जिला भाजपा मंत्री पर कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 17 दिसम्बर।** बीते सोमवार को धोखाधड़ी मामले में भखारा क्षेत्र के कद्दावर नेता व जिला भाजपा मंत्री रामस्वरूप साहू को भोपाल जिला अंतर्गत बाग सेवनिया थाने की पुलिस ने उनके गृह ग्राम जोरातराई पहुंचकर उनके घर से ही हिरासत में लेकर अपने साथ ले गई।जिसकी सूचना धमतरी पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय को भी दी गई। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार भाजपा नेता रामस्वरूप साहू की भोपाल जिला अंतर्गत बाग सेवनिया की पुलिस के द्वारा हिरासत में लेना सुविधा फार्मिंग नामक कंपनी को जोड़कर देखा जा रहा है। ज्ञात हो कि रामस्वरूप साहू बीजेपी विधायक व पूर्व मंत्री कुरूद के बेहद करीबी माने जाते हैं और हाल में ही उन्हें प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति भखारा का प्राधिकृत अधिकारी बनाया गया है क्षेत्र में साहू की अच्छी पकड़ मानी जाती है वह संगठन में कई अहम पदों पर अपनी भूमिका निभा चुके हैं उनकी गिरफ्तारी से क्षेत्र के भाजपा खेमे में हड़कंप मच गया है त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को महज कुछ ही दिन बचे है और कांग्रेस चुनावी समर में एक बड़ा मुद्दा भूनाने की तैयारी में है। सूत्रों से यह भी जानकारी मिली है कि रामस्वरूप साहू की धोखाधड़ी का मामला वर्ष 2021 का है और उन्हें भोपाल जिला अंतर्गत बाग सेवनिया की पुलिस कई दफे गिरफ्तारी करने के लिए छत्तीसगढ़ का दौरा कर चुकी है एमपी पुलिस ने रामस्वरूप साहू का मोबाइल ट्रेस किया और सोमवार की सुबह 7 बजे उनकी घर पहुंच कर गिरफ्तार किया।



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202412142400005/ अ-2/2023-24

साकिनः-किशनपुरी, प.ह.नं.-16

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक रामकुमार पिता सुखराम, जाति सतनामी, निवासी ग्राम किशनपुरी, तहसील चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम किशनपुरी, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 808/1 रकबा 0.02 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 27.12.2024 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 12.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202408142400010/ अ-2/2023-24

साकिनः- कर्राजैसा, प.ह.नं. 06

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदिका हीरा गवर्ना, जाति हल्बा, निवासी ग्राम जैसाकर्रा, तहसील चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम कर्राजैसा, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1064/3 रकबा 0.04 हे. को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 20.12.2024 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 05.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

## तिल्दा-नेवरा में रक्तदान शिविर का आयोजन

# एक यूनिट रक्तदान से नहीं होती है कोई कमजोरी : बीएमओ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 17 दिसम्बर।** अल्ट्राटेक सीमेंट यूनिट बैकुंठ एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा नेवरा के संयुक्त तत्वाधान रेड क्रास सोसायटी रायपुर के सहयोग से पूज्य सिंधी पंचायत भवन तिल्दा नेवरा में स्वे क्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया शिविर में रेड क्रास ब्लडसेंटर टीम की ओर से 25 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया

इस शिविर की खासियत या रही की इसमें तिल्दा नेवरा क्षेत्र के एसडीएम आशुतोष देवांगन नायब तहसीलदार विपिन पटेल एवं स्वास्थ विभाग तिल्दा नेवरा के अधिकारियो एवं कर्मचारियों ने भी रक्तदान किया और उन्होंने सामाजिक संगठनों, युवाओं व आम लोगों से रक्तदान करने की अपील की.

बी एम ओ डाक्टर उमा पैकरा, डाक्टर आशीष सिन्हा एवं डाक्टर नवीन हरिरमानी ने सयुंक्त रूप से बताया कि जो लोग स्वस्थ हैं. कोई गंभीर समस्या नहीं है वे रक्तदान कर सकते हैं. स्वस्थ लोगों को एक बार में एक यूनिट रक्तदान करने से कमजोरी नहीं होती है. वहीं बीपी, ह्रदय, मोटापा व अन्य रोगों से रक्षा होती है. पीलिया से ग्रस्त, खासकर हेपेटाइटिस बी या सी या फिर एनीमिया से ग्रस्त रह चुके लोगों को रक्तदान से बचना चाहिए. उन्होंने बताया कि एक बार में एक यूनिट (लगभग 300-350 मिली) रक्त दिया जा सकता है. मानव शरीर में इतनी क्षमता होती है कि अगर एक यूनिट रक्तदान कर रहे हैं तो अगले दो-तीन दिनों में बैन मैरो उसकी भरपाई करना शुरू कर देता है.



विकास सुखवानी/उपाध्यक्ष नगरपालिका तिल्दा नेवरा ने कहा की एक यूनिट ब्लड से चार लोगो की जान बचाई जा सकती है. रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं होती है. सभी को सामाजिक दायित्व निभाते हुए वर्ष में एक या दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए. जिससे किसी जरूरतमंद की जान को बचाया जा सके

सोनाली /सी एस आर प्रमुख अल्ट्रा टेक सीमेंट बैकुंठ ने कहा की इस शिविर का उद्देश्य केवल रक्तदान को प्रोत्साहित करना नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना है. उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि मिथिला और पूरे देश के ग्रामीण लोग रक्तदान के महत्व को समझें और इस प्रक्रिया से जुड़ें। किसी के जीवन की रक्षा के लिए रक्तदान एक महत्वपूर्ण कदम है और हमें इसे बिना किसी संकोच के अपनाना चाहिए. रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को रेड क्रास ब्लड सेंटर रायपुर द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी एवं सीमा विधानी द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया

शिविर में रक्त दाताओ का उत्साहवर्धन करने के लिए प्रमुख रूप से अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ से दीपेंद्र कुमार मिश्रा, अंजू निरुपमा कश्यप, छत्तन दास लहरे, मुन्ना बर्मन सामुदायिक स्वास्थ केंद्र तिल्दा के बी पी एम ममता सुनानी पद्मिनी मानिकपुरी, अमर सिंह वर्मा, मनीष कुमार, श्रद्धा कश्यप, नीतू वर्मा, लोकेश कुमार साहू, उमेश कुमार साहू सचिन कुमार सोनी, मनहरण देवांगन, कामिनी पटेल, हरि धृतलहरे सामाजिक कार्यकर्ता राहुल तेजवानी, निखिल पोपटानी एवं अन्य कार्यकर्ता गण, उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**

संतोषी नगर खमतराई पानी टंकी, रायपुर

Email Id-rmczone1@gmail.com

**ईश्तहार**

पत्र क्र./16120/न.पा.नि./जोन क्रं.-1/2024

रायपुर, दिनांक 04.12.2024

नामांतरण प्र. क्र. 16120

वार्ड का नाम- 17 ठक्कर बापा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 17 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी. आई.डी. **RPR109D00623** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **IMROZ AKHTER** पिता/पति श्री/श्रीमती **Late. ALIKARIM** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **SANGITA RATHORE** पिता/पति श्री/श्रीमती **DILIP KUMAR RATHORE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

"सूचना जारी करें"

श्री हितेन्द्र यादव (जोन कमिश्नर) जोन (1) नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता**
**लोक निर्माण विभाग, दक्षिण बस्तर संभाग, दन्तेवाड़ा**

✆ 91-7856-252240
🖷 91-7856-252475
✉ee.dantewada@nic.in

**-::मैनुअल पद्धति निविदा सूचना::-**

नि.क्र. 19/व.ले.लि./24-25 दन्तेवाड़ा, दिनांक 14/12/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत 'द' श्रेणी एवं अधिक में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

**निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि:- 20.12.2024**

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | सी.एस.सी. सेन्टर के पीछे नगरपालिका का 05 नग दुकान श्री राधे घर से स्व. भोला बाबू घर तक सी.सी. रोड, गर्डर पुलिया से बंगाली कैम्प मुख्य मार्ग तक बी.टी. रोड क्षतिग्रस्त पेच रिपेयर, कोड़ेनार पंचायत का तालाब पारा सफाई कार्य हनुमान मंदिर के पास गार्डर पुलिया उपर ऑक्सीजन पार्क का नाली क्षतिग्रस्त, गार्डर पुलिया उपर ऑक्सीजन पार्क का नाली क्षतिग्रस्त, रामाबुटी का आयरन पाईप 4 इंच (दो बार टूटा) | 48.79 |
| 2 | जिला दन्तेवाड़ा के इंदौर स्टेडियम परिसर दन्तेवाड़ा में व्हालीबाल मैदान निर्माण (फ्लड लाईट सहित) | 9.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://pwd.cg.nic.in 'Live Tender' Tab पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियन्ता
लो.नि.वि. दक्षिण बस्तर संभाग, दन्तेवाड़ा

जी- 242504579/4

## एक नजर

### राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया

**रायपुर 17 दिसम्बर।** मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार की अध्यक्षता में ऊर्जा संरक्षण पर सेमिनार का आयोजन बेहतर भविष्य के लिए ऊर्जा बचाने के उद्देश्य से पूरे राष्ट्र में प्रत्येक वर्ष 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल में प्रतिवर्ष कि तरह इस वर्ष भी 08 दिसंबर 2024 से 14 दिसंबर 2024 तक विद्युत ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया गया। जिसके अंतर्गत विद्युत (सामान्य) विभाग द्वारा रायपुर मंडल के सभी स्टेशनो, प्रशासनिक भवनो, कार्यालयो में विद्युत ऊर्जा स्लोगन, विद्युत बचत जागरूकता हेतु पोस्टर एवं नुक्कड नाटक तथा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्युत सामग्रीयो कि प्रदर्शनी एवं विभागीय प्रशन्नोतरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सप्ताह के दौरान मंडल के सभी अधिकारियो, कर्मचारियो एवं आम नागरिको से उर्जा संरक्षण के तहत उर्जा बचत करने कि आदत डालने की अपील की गई ताकि रेलवे द्वारा बचाई गई उर्जा देश हित में काम आ सके।

### ग्राहकों पर केंद्रित नई डिजिटल सेवा शुरू

**रायपुर 17 दिसम्बर।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह ने अपने सीमेंट और एमबीएम (मॉडर्न बिल्डिंग मैटेरियल्स) ग्राहकों के लिए अपने नई इनोवेटिव न्युवो सेतु ऐप को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। इस ऐप को खास तौर पर ग्राहकों को पूरी तरह से नया अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है। हमारे प्रतिष्ठित डीलरों की उपस्थिति में ग्वालियर में पहला पायलट लॉन्च किया गया। नई ऐप का लॉन्च इवेंट एक शानदार सफलता थी, जिसमें ग्राहकों ने ऐप के माध्यम से लाइव ऑर्डर दिए। न्युवो सेतु ऐप आईओएस और एंड्रॉइड दोनों प्लेटफॉर्म पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है, जो सभी डिवाइस पर यूज़र्स के लिए सुविधाजनक और आसान एक्सेस सुनिश्चित करता है।

### महिलाओं के भू- अधिकार के लिए कार्य कर रही है प्रयोग संस्था

**रायपुर 17 दिसम्बर।** प्रयोग समाज सेवी संस्था रायपुर, छत्तीसगढ़ (एक आदिवासी राज्य) में स्थित है। 1975 में स्थापित और 1982 में पंजीकृत, यह ग्रामीण नेतृत्व विकास में अपनी ताकत के लिए प्रसिद्ध है। प्रयोग मुख्य रूप से मध्य भारत और छत्तीसगढ़ पर ध्यान केंद्रित करते हुए, जमीनी स्तर पर सक्रियता बनाने के लिए पूरे भारत में काम करता है। प्रयोग समाज सेवी संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के पांच जिलों- कोरिया, सूरजपुर, जशपुर, धमतरी और गरियाबंद में पिछले दो वर्षों से महिलाओं के भूमि अधिकार और किसान पहचान सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर रही है। संस्था ने जागरूकता अभियानों से लेकर कानूनी प्रशिक्षण और पोस्टकार्ड अभियानों तक कई महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं।

### निश्चित समय में होगा पंचायत चुनावः अजय

**रायपुर 17 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2024-25 की आरक्षण प्रक्रिया को निरस्त कर दिया है. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव तारन प्रकाश सिन्हा ने इस संबंध में आदेश जारी किया है. जिसमें अपरिहार्य कारणों का हवाला दिया गया है. अब इस पूरे मामले पर दिग्गज भाजपा विधायक अजय चंद्राकर का बयान सामने आया है. पंचायत चुनाव के वार्डो के आरक्षण पर लगाई गई रोक को लेकर भाजपा के विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि जरूर कोई विषय रहा होगा, स्थानीय संस्थानों के चुनाव निश्चित समय में कराए जाने है, चुनाव थोड़ा बहुत आगे-पीछे हो सकता है।

# विस में कांग्रेस ने उठाया अस्पतालों को भुगतान का मुद्दा

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया पलटवार, कहा - आपके समय की देनदारी को हम दे रहे

**रायपुर 17 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन ध्यानाकर्षण के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अस्पतालों का भुगतान लंबित होने से इलाज नहीं होने का मुद्दा उठाया. इस पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि आपकी सरकार के समय की देनदारी है, उसे हम दे रहे हैं. जल्दी ही सभी भुगतान को कर दिया जाएगा.

कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी ने ध्यानाकर्षण में आयुष्मान योजना में इलाज और अस्पतालों को भुगतान का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि भुगतान लंबित होने की वजह से मरीजों का इलाज नहीं हो रहा है. इस पर स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि 838 करोड़ का भुगतान लंबित है. टीपीए के जरिए क्लेम का भुगतान किया जाता है. भ्रष्टाचार रोकने




हमने 75 अस्पताल की जांच की, वहीं 11 अस्पतालों पर 151 लाख का फाइन किया. अस्पतालों को भुगतान किया जा रहा है. 300 करोड़ राशि का प्रावधान अभी किया गया है. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि 1400 करोड़ का भुगतान रुका है. छोटे-छोटे अस्पताल बंद हो गए हैं. इलाज नहीं हो रहा है. कब तक भुगतान होगा? इस पर स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि आपकी सरकार के समय की देनदारी है, उसे हम दे रहे हैं. जल्दी ही सभी भुगतान को कर दिया जाएगा.

### फूलसिंह राठिया ने उठाया रोजगार का मुद्दा

विधानसभा के प्रश्नकाल में आज विधायक फूलसिंह राठिया ने उद्योग मंत्री से बालको में कोरबा जिले के लोगों को रोजगार देने का मुद्दा उठाया। उन्होंने पूछा कि किकतने लोगों को रोजगार मिला। इस पर मंत्री लखन लाल ने कहा कि 505 मूल निवासियों को रोजगार दिया गया। बालको में 1986 कर्मचारी काम पर हैं। इसमें 607 छत्तीसगढ़ के बाहर से हैं। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि 49 प्रतिशत शेयर छत्तीसगढ़ सरकार का है, इसीलिए इसमें भी काम होना चाहिए। बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया जा रहा है।

# पैरोल पर छोड़े गए सात कैदी नहीं लौटे रायपुर जेल

**रायपुर 17 दिसम्बर।** रायपुर सेंट्रल जेल से सात ऐसे बंदी हैं, जो पैरोल पर छूटने के बाद वापस नहीं लौटे। एक बंदी दिसंबर 2002 से गायब हैं। इनमें अधिकतर बंदी हत्या के प्रकरण में जेल में बंद थे। जेल और पुलिस प्रशासन ने इन बंदियों की कई बार तलाश की, लेकिन अब तक उनका कोई पता नहीं चला। प्रदेशभर में ऐसे बंदियों की संख्या करीब 70 है। अब जेल प्रशासन इन बंदियों की वापसी की राह ताक रहा है। सूचना के अधिकार के तहत रायपुर जेल के वारंट अधिकारी ने सात बंदियों के पेरोल पर छोड़े जाने के बाद से नहीं लौटने की जानकारी दी है। इसके अनुसार हत्या के केस में बंद शिवकुमार उर्फ मुन्ना पांच दिसंबर 2002, गणेश देवांगन 23 जुलाई 2008, संजीत उर्फ सुजीत आठ सितंबर 2010, कृष्ण कुमार 31 अगस्त 2013, राजीव कुमार दो अप्रैल 2020, रूपेंद्र साहू 21 नवंबर 2022 और नरेंद्र श्रीवास 18 जनवरी 2024 से पेरोल पर जेल से छोड़े गए थे। जेल मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले महीने हाई कोर्ट में पैरोल पर गए कैदियों की वापसी न होने के मामले में मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायमूर्ति अमितेंद्र किशोर प्रसाद की डबल बेंच ने इस मुद्दे पर सख्ती दिखाई थी। मुख्य न्यायाधीश ने डीजीपी जेल से ताजा रिपोर्ट शपथ पत्र के जरिए पेश करने को कहा था। इसके बाद डीजी जेल की ओर से हाई कोर्ट को जानकारी दी गई कि प्रदेश के पांच सेंट्रल जेलों ने 83 कैदी पैरोल से नहीं लौटे थे।

# 101 रेल कर्मियों को मिलेगा अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार

**रायपुर 17 दिसंबर।** भारतीय रेल द्वारा 101 कर्मचारियों और अधिकारियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार देने का फैसला लिया गया है। चयनित कर्मचारी एवं अधिकारियों को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा 21 दिसंबर, 2024 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। चयनित अधिकारियों और कर्मचारियों में 15 रेल कर्मियों को नवाचार, रेल की आय में वृद्धि हेतु शानदार प्रयास, उत्पादकता में वृद्धि के लिए समर्पण और आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए एवं स्वदेशी तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार देने का फैसला लिया गया है। 16 कर्मचारी एवं अधिकारियों को अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना दूसरों की जान एवं रेलवे की संपत्ति की रक्षा हेतु विशिष्ट कदम उठाने के लिए अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार दिया जा रहा है। 17 अधिकारियों और कर्मचारियों को रेल की आय बढ़ाने एवं टिकटलेस ट्रैवल एवं राजस्व की चोरी रोकने के प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार देने का फैसला लिया गया है । रेल परिचालन, सुरक्षा और संरक्षा तथा रेलवे की परिसंपत्तियों के बेहतर संरक्षण हेतु अद्वितीय प्रयास करने हेतु 22 कर्मचारियों और अधिकारियों को पुरस्कृत किया जा रहा है जबकि 16 कर्मचारी एवं अधिकारियों को विभिन्न परियोजनाएं रिकॉर्ड समय में पूरा करने के लिए चयनित किया गया है। राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर भारतीय रेल का गौरव बढ़ाने वाले दो खिलाड़ियों को भी अति विशिष्ट रेल सभा पुरस्कार देने का फैसला लिया गया है। मेडिकल, कार्मिक, ट्रैक मेंटेनेंस आदि से जुड़े 13 अधिकारियों और कर्मचारियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार देने का फैसला लिया गया है।

# दुर्गा कॉलेज में इंटर कॉलेज शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता का आयोजन



**रायपुर 17 दिसम्बर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में दुर्गा महाविद्यालय द्वारा इंटर कॉलेज शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालय के बॉडीबिल्डर शामिल हुए। यह जानकारी देते हुए दुर्गा महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी प्यारेलाल साहू ने बताया कि प्रतियोगिता के आधार पर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का गठन किया गया।उन्होंने बताया कि विभिन्न वर्ग समूह में आयोजित प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार हैं- 55 किलोग्राम वर्ग समूह में नेताजी महाविद्यालय के निहाल सुराना ने प्रथम एवं विवेकानंद महाविद्यालय के ओम पांडे ने द्वितीय स्थान हासिल किया। 60 किलोग्राम वर्ग समूह में शासकीय महाविद्यालय छूरा के देव कुमार ने प्रथम एवं यूटीडी के जसवंत सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 65 किलोग्राम वर्ग में समूह दीपांशु राठौर सेंट विसेंट पैलोटी महाविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 70 किलोग्राम वर्ग समूह में शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय के छात्र यश साहू ने प्रथम यूटीडी के कौशल ने द्वितीय और विवेकानंद महाविद्यालय के राम विशाल ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के समापन और पुरस्कार वितरण समारोह में विप्र महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी, संजय शर्मा( हनुमान अवार्डी एवं अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक), कुसुम ताई दाबके महाविद्यालय के प्राचार्य सैयद जाकिर अली एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रीतिश ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर दुर्गा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापको सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।




# सर्वांगीण विकास के लिए वेंकटेश्वर सिग्नेचर स्कूल का चयन



**रायपुर 17 दिसम्बर।** छात्रों की उचित शिक्षा के लिए अभिभावक बहुत चिंतित रहते हैं। इसी समस्या के निदान के लिये भारत का प्रसिद्ध ऑनलाइन चैनल हॉटस्टार ने एक सीरीज़ चलाई है जिसमें वे राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के उन विद्यालयों को दिखाते हैं जिनमें छात्रों को मात्र सही शिक्षा ही नहीं बल्कि उनके जीवन को सही राह पर ले जाने वाले गुर भी सिखाए जाते हैं। जहाँ छात्रों को एक ऐसा वातावरण दिया जाता है जहाँ उनका सर्वांगीण विकास हो सके। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत हॉटस्टार द्वारा वेंकटेश्वर सिग्नेचर स्कूल को भी चुना गया तथा पूरे विद्यालय एवं हॉस्टल का शूट किया गया। जो कि उनके बेस्ट रेजिडेंशियल स्कूल की सीरिज़ में दिखाया जाएगा। यह कार्यक्रम यह भी बताता है कि यह स्कूल न केवल अपनी शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है, बल्कि इसकी विशेषता इसके अनूठे मार्गदर्शन और नेतृत्व में भी है। हॉटस्टार द्वारा विद्यार्थियों के भविष्य के प्रति तथा विद्यालय के प्रति विद्यालय के सभापति कैप्टन डॉ. अंकुर ढिल्लों तथा प्रधानाचार्या डॉ. सौम्या रघुबीर के विचार भी लिए गये ।

वेंकटेश्वर सिग्नेचर स्कूल के सभापति कैप्टन डॉ. अंकुर ढिल्लों जी पिछले कई वर्षों से भारतीय वक्ता स्वामी गौर गोपालदास जी से भी जुड़े हुये है। स्कूल के छात्र और शिक्षक हमेशा से उनके मार्गदर्शन से लाभान्वित होते आए हैं। स्वामी जी के मार्गदर्शन में ही स्कूल ने अपने हॉस्टल की नींव रखी । इस वर्ष 19 दिसंबर 2024 को वेंकटेश्वर सिग्नेचर स्कूल के वार्षिकोत्सव एवं हॉस्टल के उदघाटन के लिए स्वामी गौर गोपालदास जी सम्मिलित होने वाले हैं।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26